


दैनिक
# शुभ भास्कर
हर कदम आपके साथ...

झांसी उत्तर प्रदेश, उदयपुर, राजस्थान मध्यप्रदेश, भोपाल, बिहार, दरभंगा पटना, भागलपुर, सिलीगुड़ी, रांची, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

● वर्ष : 1 ● अंक : 124 ● नई दिल्ली, मंगलवार , 08 अगस्त 2023 ● पृष्ठ : 12 ● मूल्य:- 04 रूपये RNIUP HIN/2015/64737



3 भिडियो कॉन्फ्रेंस के द्वारा अपर मुख्य सचिव पथ ...

## ख़ास ख़बर

### हरियाणा कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल आज नूंह का दौरा करेगा

**चंडीगढ़।** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष उदय भान की अगुवाई में पार्टी की राज्य इकाई के वरिष्ठ नेताओं का एक प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को नूंह जिले का दौरा करेगा। पार्टी ने कहा कि सांप्रदायिक हिंसा से प्रभावित जिले में प्रस्तावित दौरे का मकसद शांति और भाईचारे की पुनःस्थापना करना है। नूंह में 31 जुलाई को विश्व हिंदू परिषद की जलाभिषेक यात्रा पर कुछ लोगों द्वारा कथित रूप से पथराव करने के बाद हिंसा भड़क गई थी जो बाद में गुरुग्राम और आसपास के इलाकों तक फैल गई थी। इस हिंसा में दो होम गार्ड और एक इमाम समेत छह लोगों की मौत हो गई। हरियाणा प्रदेश कांग्रेस ने सोमवार को एक बयान जारी कर कहा, हरियाणा कांग्रेस अध्यक्ष उदय भान के नेतृत्व में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं का एक प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को नूंह के दौरे पर जाएगा जहां यह हिंसा के पीड़ितों और इलाके के लोगों से मिलेगा।

### श्रावण मास के सोमवार के कारण ज्ञानवापी परिसर में तीन घंटे की देरी से शुरू हुआ सर्वे

**आगरा (उप्र)।** आगरा की एक अदालत ने इटावा के सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री रामशंकर कठेरिया को उपद्रव और तोड़फोड़ के एक मामले में एमपीएमएलए के लिए विशेष न्यायालय द्वारा सुनाई गई दो साल की कैद की सजा पर रोक लगा दी है। जिला न्यायाधीश विवेक संगल ने सोमवार को कठेरिया को राहत प्रदान करते हुए दो दिन पूर्व एमपीएमएलए (सांसदाविधायक) के लिए विशेष अदालत द्वारा सुनाई गई सजा पर रोक लगा दी। न्यायाधीश संगल ने मामले में अगली सुनवाई के लिए 11 सितम्बर की तिथि तय की है।

### बिहार जातिगत गणना: शीर्ष अदालत का उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगाने से इनकार

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बिहार में जातिगत गणना को मंजूरी देने के पटना उच्च न्यायालय के एक अगस्त के आदेश पर रोक लगाने से सोमवार को इनकार कर दिया और इसे चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई 14 अगस्त तक के लिए टाल दी। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति एस वी एन भट्टी की पीठ ने उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ एनजीओ एक सोच एक प्रयास की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई की।

मामले की सुनवाई 11 अगस्त या 14 अगस्त को करने का अनुरोध किया। वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने भी मामले की सुनवाई 14 अगस्त को करने का अनुरोध किया।

### केजरीवाल, संजय सिंह को मानहानि मामले में राहत देने से अदालत का इनकार

**अहमदाबाद।** गुजरात में अहमदाबाद की एक सत्र अदालत ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह की ओर से दायर उस याचिका को खारिज कर दिया है, जिसमें उन्होंने अपने खिलाफ आपराधिक मानहानि मामले में सुनवाई पर अंतरिम रोक लगाने का आग्रह किया था।

# राहुल गांधी की सदस्यता बहाल

**एजेंसी/ नई दिल्ली**

मोदी उपनाम को लेकर की गई टिप्पणी के संबंध में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की दोषसिद्धि पर उच्चतम न्यायालय द्वारा रोक लगाए जाने के तीन दिनों बाद कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष की लोकसभा सदस्यता सोमवार को बहाल कर दी गई। इस संबंध में लोकसभा सचिवालय ने एक अधिसूचना जारी की।

सचिवालय ने अधिसूचना में कहा कि उच्चतम न्यायालय के चार अगस्त के फैसले के मद्देनजर गांधी की अयोग्यता संबंधी 24 मार्च की अधिसूचना का क्रियान्वयन आगामी न्यायिक फैसले तक रोका जाता है। अधिसूचना में कहा गया है, 24 मार्च, 2023 की अधिसूचना की निरंतरता में उच्चतम न्यायालय ने चार अगस्त, 2023 को विशेष अनुमति अपील (सीआरएल) संख्या 8644I2023 को लेकर एक आदेश पारित किया है, जिसमें केरल के वायनाड संसदीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले सदस्य श्री राहुल गांधी की सजा पर रोक लगा दी गई है। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सूरत) की अदालत द्वारा दिनांक 23 मार्च, 2023 को दोषसिद्धि का आदेश पारित किया गया था। इसमें यह भी कहा गया है, भारत के उच्चतम न्यायालय के दिनांक चार अगस्त, 2023 के आदेश के मद्देनजर संविधान के अनुच्छेद 102(1)(ई) के प्रावधानों के संदर्भ में जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 8



के आलोक में श्री राहुल गांधी की (बतौर सदस्य) अयोग्यता पर रोक लगा दी गई जो आगे न्यायिक आदेशों पर निर्भर करेगी। कांग्रेस ने अपने नेता की सदस्यता बहाल होने का स्वागत किया और कहा कि वह चाहती है कि राहुल गांधी लोकसभा में सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर बहस में मुख्य वक्ता हों।कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता बहाल होने का स्वागत करते हुए सोमवार को कहा कि इससे भारत के लोगों, खासकर वायनाड संसदीय क्षेत्र की जनता को राहत मिली है।खरगे ने ट्वीट किया, राहुल गांधी की संसद सदस्यता बहाल करने का निर्णय एक स्वागत योग्य कदम है। यह (कदम) भारत के लोगों और विशेषकर वायनाड की जनता के लिए राहत लेकर आया है। उन्होंने कहा, भाजपा और मोदी सरकार के कार्यकाल का अब जो भी समय बचा है, उन्हें उसका उपयोग विपक्षी नेताओं को निशाना बनाकर लोकतंत्र को बदनाम करने के लिए नहीं करना चाहिए बल्कि उन्हें शासन पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। उच्चतम न्यायालय ने गांधी की लोकसभा सदस्यता बहाल करने का मार्ग प्रशस्त करते हुए, मोदी उपनाम को लेकर की गई टिप्पणी के संबंध में 2019 में उनके खिलाफ दर्ज आपराधिक मानहानि मामले में उनकी दोषसिद्धि पर, शुक्रवार चार अगस्त को रोक लगा दी थी।

न्यायमूर्ति बी आर गवई, न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने चार अगस्त को फैसला सुनाते हुए कहा था कि निचली अदालत के न्यायाधीश ने राहुल गांधी को दोषी ठहराते समय कोई कारण नहीं बताया, सिवाय इसके कि उन्हें अवमानना मामले में शीर्ष अदालत ने चेतावनी दी थी।लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी, राज्यसभा में पार्टी के उप नेता प्रमोद तिवारी, समाजवादी पार्टी के रामगोपाल यादव, शिवसेना (यूबीटी) के संजय राउत, रिवोल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी (आरएसपी) के एनके प्रेमचंद्रन और कई अन्य विपक्षी सांसदों ने संसद भवन के प्रवेश द्वार पर राहुल गांधी का स्वागत किया। मोदी उपनाम को लेकर की गई टिप्पणी के संबंध में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की दोषसिद्धि पर उच्चतम न्यायालय द्वारा शुक्रवार चार अगस्त को रोक लगाए जाने के बाद कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष की लोकसभा सदस्यता सोमवार को बहाल कर दी गई।

### विपक्ष की बजाय शासन पर ध्यान दे मोदी सरकार: खरगे

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता बहाल होने का स्वागत करते हुए सोमवार को कहा कि इससे भारत के लोगों खासकर वायनाड संसदीय क्षेत्र की जनता को राहत मिली है। खरगे ने ट्वीट किया, राहुल गांधी जी की संसद की सदस्यता बहाल करने का निर्णय एक स्वागत योग्य कदम है। यह (कदम) भारत के लोगों और विशेषकर वायनाड की जनता के लिए राहत लेकर आया है।

नए जिलों का उद्घाटन

## राजस्थान को अग्रणी राज्य बनाना हमारा लक्ष्य:गहलोत

**एजेंसी/ जयपुर**



मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने नवगठित जिलों का सोमवार को ऑनलाइन माध्यम से उद्घाटन किया और कहा कि विजन 2030 के तहत राजस्थान को अग्रणी राज्य बनाना ही हमारा लक्ष्य है।जयपुर के बिड़ला सभागार में आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने रिमोट का बटन दबाकर नवगठित जिलों की उद्घाटन पट्टिकाओं अनावरण किया। इससे पहले उन्होंने सभागार परिसर में एक यज्ञ में भी भाग लिया।

गहलोत ने कहा कि नए जिले और संभाग बनने से राज्य की प्रशासनिक इकाइयों का विकेन्द्रीकरण होगा, उनकी क्षमताएं बढ़ेंगी और कानून व्यवस्था अधिक मजबूत होगी। उनका कहना है कि आमजन के प्रशासनिक कार्य अब नजदीक ही सुगमता से होंगे।उन्होंने कहा कि राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए यह राजस्थान की एक नई सकारात्मक शुरूआत है, जिससे राज्य को नई उंचाइयां मिलेंगी।गहलोत ने कहा कि सरकार ने जनभावना का सम्मान करते हुए प्रशासनिक विकेन्द्रीकरण के लिए एक साथ 19 नए जिलों का गठन किया है। उन्होंने कहा कि जिला गठन समिति का कार्यकाल छह माह बढ़ाया गया है, जिससे आमजन की न्यायोचित मांगों पर उचित विचार कर फैसला किया जाए।उन्होंने कहा कि जिस तरह पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने देश को खाद्य सुरक्षा, शिक्षा, सूचना और रोजगार प्राप्त करने का अधिकार कानून बनाकर दिया, उसी तरह राज्य की मौजूदा कांग्रेस सरकार ने भी स्वास्थ्य का अधिकार (आरटीएच), राजस्थान न्यूनतम आय गारंटी, न्यूनतम 1000 रुपए सामाजिक सुरक्षा पेंशन का अधिकार राजस्थान के हर पात्र व्यक्ति को दिया है। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी में 125 दिन रोजगार, नरेगा में 125 दिन के रोजगार और अनिवार्य एफआईआर की गारंटी दी गई है।

## कांग्रेस चार दशक तक नहीं समझ सकी पंचायती राज प्रणाली लागू करना कितना जरूरी है : प्रधानमंत्री मोदी

**एजेंसी/ चंडीगढ़**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस के राज में पंचायती राज संस्थाओं को मजबूत करने के लिए कोई ठोस प्रयास नहीं किए जाने का आरोप लगाते हुए सोमवार को विपक्षी दल को आड़े हाथ लिया और कहा कि आजादी के चार दशक बाद तक पार्टी को यह समझ नहीं आया कि गांवों में पंचायती राज प्रणाली लागू करना कितना जरूरी है। प्रधानमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए फरीदाबाद के सूरजकुंड में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दो दिवसीय कार्यक्रम हरियाणा क्षेत्रीय पंचायती राज परिषद का उद्घाटन करने के बाद यह टिप्पणी की। उन्होंने आरोप लगाया, कांग्रेस के राज में पंचायती राज संस्थाओं को मजबूत करने के कोई ठोस प्रयास नहीं किए गए।



मोदी ने कहा कि देश आज विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने और अमृत काल के प्रस्तावों को साकार करने की दिशा में एकजुट होकर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा, इस अमृत काल की 25 वर्ष की यात्रा के दौरान हमें पिछले दशकों के अनुभवों को भी याद रखना होगा। मोदी ने कहा, आजादी के चार दशकों तक कांग्रेस यह नहीं समझ पाई कि गांवों में पंचायती राज व्यवस्था लागू करना कितना जरूरी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने बाद में स्थापित जिला पंचायत प्रणाली को भी उसके हाल पर छोड़ दिया।मोदी ने कहा, इसका नतीजा यह हुआ कि गांवों में रहने वाली देश की दो-तिहाई आबादी को सड़क, बिजली, पानी, बैंक और मकान जैसी बुनियादी जरूरतों के लिए तरसना पड़ा... इस लापरवाही की वजह से आजादी के सात दशक बाद भी देश के लगभग 18,000 गांवों में बिजली नहीं पहुंच सकी थी। उनकी सरकार द्वारा किसानों के लिए उठाए गए कदमों का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, मोदी की गारंटी चुनावी वादा नहीं है। मोदी जब गारंटी देता है तो उसे जमीन पर भी उतारता है।सूरजकुंड में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर, भाजपा के हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष ओपी धनखड़ और अन्य नेता भी मौजूद थे। कार्यक्रम में जम्मू-कश्मीर और लद्दाख सहित भाजपा से जुड़े उत्तर भारत के राज्यों के जिला परिषद अध्यक्ष, जिला पंचायत प्रमुख सहित कुल 182 प्रतिनिधि शामिल हुए। नड्डा ने कहा कि अगली कार्यशाला 12-13 अगस्त को पश्चिम बंगाल के हावड़ा में आयोजित की जाएगी जिसमें 134 प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे।

गुरुग्राम में अज्ञात लोगों ने मजार को बनाया निशाना

## अदालत ने नूंह में ध्वस्तीकरण अभियान पर रोक लगाई

**एजेंसी/ गुरुग्राम/चंडीगढ़**

पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय ने नूंह में ध्वस्तीकरण अभियान पर सोमवार को रोक लगा दी, जहां पिछले सप्ताह सांप्रदायिक झड़पें होने के बाद प्रशासन अवैध रूप से निर्मित इमारतों पर बुलडोजर चला रहा था। वहीं, अज्ञात लोगों ने गुरुग्राम में एक मजार में इबादत से संबंधित सामग्री में कथित तौर पर आग लगा दी। न्यायमूर्ति जी एस संधावालिया की अदालत ने नूंह में इमारतों को ध्वस्त किए जाने की कार्वाई का स्वतः संज्ञान लिया और हरियाणा सरकार को ध्वस्तीकरण अभियान रोकने का निर्देश दिया। अधिकारियों ने कहा था कि जब 31 जुलाई को विश्व हिंदू परिषद (विहिप) की शोभायात्रा को पथराव करने वाली भीड़ ने निशाना बनाया था, तब कुछ इमारतों का इस्तेमाल दंगाइयों द्वारा किया गया था। हिंसा में होम गार्ड के दो जवान और एक इमाम समेत छह लोग मारे गए।

गुरुग्राम के खांडसा गांव में स्थित मजार में, अज्ञात लोगों के एक समूह ने सोमवार तड़के इबादत से संबंधित सामग्री में कथित तौर पर आग लगा दी। मजार की देखरेख करने वाले व्यक्ति ने बताया कि स्थानीय लोगों द्वारा आग पर काबू पाए जाने तक इबादत से जुड़ी कुछ सामग्री जल गई। मजार पर मुस्लिम और हिंदू, दोनों समुदायों के लोग जाते हैं।

मजार की देखरेख करने वाले घसीटा राम द्वारा पुलिस में दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार, रविवार रात साढ़े आठ बजे जब वह खांडसा गांव स्थित मजार से फिरोज गांधी कॉलोनी स्थित अपने घर के लिए निकले



तबतक सब कुछ सामान्य था। उन्होंने सेक्टर-37 पुलिस थाने में दर्ज कराई गई शिकायत में कहा रात लगभग एक बजकर 30 मिनट पर मुझे मजार के पास रहने वाले किसी व्यक्ति का यह फोन आया कि कुछ अज्ञात लोगों ने इसमें आग लगा दी है। राम ने कहा कि लोगों की मदद से आग पर काबू पा लिया गया। उन्होंने शिकायत में कहा, लेकिन जब मैंने वहां जाकर देखा, तो मजार में रखी गई चढ़ावे की सामग्री जल चुकी थी। राम ने कहा कि उन्हें पता चला कि पांच-छह युवा वहां एकत्र हुए थे और उन्होंने मजार में आग लगाई। राम ने कहा कि वह करीब सात साल से मजार की देखरेख का काम कर रहे हैं और उन्होंने सभी धर्मों के लोगों को वहां इबादत करते देखा है।बाजार के बीच स्थित इस छोटी सी मजार की भीतरी दीवारों पर पीर बाबा की कब्र के साथ हिंदू देवी-देवताओं की तस्वीरें भी हैं। बाहरी दीवार पर एक हिंदू देवता की तस्वीर और ॐ तथा स्वास्तिक के चिह्न बने हुए हैं। राम ने अपनी शिकायत में कहा कि मजार को आग लगाने की घटना से लोगों की आस्था को ठेस पहुंची है। उन्होंने आरोपियों के खिलाफ कार्वाई की मांग की।

### पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मजार में आगजनी के मामले में अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 34 (साझा इरादे को आगे बढ़ाने में कई व्यक्तियों द्वारा मिलकर काम करना), 153 ए (विभिन्न समूहों के बीच वैमनस्य को बढ़ावा देना), 188 (लोक सेवक के आदेश की अवज्ञा), 436 (मकान को नष्ट करने के इरादे से आग या विस्फोटक पदार्थ से किया गया कृत्य) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपियों की पहचान करने और उन्हें गिरफ्तार करने की कोशिशें की जा रही हैं। यह घटना तब हुई, जब पिछले हफ्ते पड़ोसी जिले नूंह में शुरू हुई सांप्रदायिक झड़पों के आसपास के इलाकों में फैलने के मद्देनजर गुरुग्राम में धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लगी है।

### मणिपुर : नगा संस्था ने कल व्यापक रैलियों का आह्वान किया

**इंफाल।** मणिपुर में एक प्रभावशाली नगा संस्था ने रूपरेखा समझौते के आधार पर केंद्र के साथ जारी शांति वार्ता को सफलतापूर्वक पूरा करने का दबाव बनाने के लिए पूर्वोत्तर राज्य के उन इलाकों में नौ अगस्त को बड़े पैमाने पर रैलियां आयोजित करने का आह्वान किया है, जहां नगा समुदाय के लोग रहते हैं।यूनाइटेड नगा काउंसिल (यूएनसी) ने एक बयान में बताया कि रैलियां बुधवार को सुबह 10 बजे से जिलों में होंगी।

## मणिपुर हिंसा: पूर्व महिला न्यायाधीशों की तीन-सदस्यीय समिति गठित

**एजेंसी/ नई दिल्ली**

उच्चतम न्यायालय ने मणिपुर हिंसा में प्रभावित लोगों के राहत और पुनर्वास कार्यों की निगरानी तथा मुआवजे के लिए विभिन्न उच्च न्यायालयों की तीन पूर्व महिला न्यायाधीशों की एक समिति गठित करने की सोमवार को घोषणा की।इसके अलावा न्यायालय ने महाराष्ट्र के पूर्व पुलिस प्रमुख दत्तात्रेय पडसालगिकर से आपराधिक मामलों की जांच की निगरानी करने को भी कहा। पीठ ने कहा कि शीर्ष अदालत



का प्रयास राज्य में कानून के शासन में विश्वास की भावना बहाल करना है। शीर्ष अदालत ने वहां (मणिपुर में) समग्र स्थिति की निगरानी करने का भी फैसला किया। न्यायालय ने कहा कि तीन सदर्स्रीय समिति उसे सीधे रिपोर्ट सौंपेगी। प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली पीठ ने कहा कि जम्मू-कश्मीर उच्च न्यायालय की पूर्व मुख्य न्यायाधीश गीता मित्तल तीन-सदर्स्रीय समिति की अध्यक्ष होंगी।

**प्रगति** वार्ता के जरिए पूर्वी लद्दाख मे टकराव वाले पांच-छह स्थानों पर प्रगति की है

## पिछले नौ वर्षों में एलएसी पर सैन्य तैयारियों को मजबूती मिली: जयशंकर

**एजेंसी/ नई दिल्ली**

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सोमवार को कहा कि भारत ने पिछले नौ वर्षों में चीन से लगी वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर बुनियादी ढांचे में उल्लेखनीय वृद्धि की है, जिससे किसी भी सुरक्षा चुनौती से निपटने में देश की संपूर्ण सैन्य तैयारियों को



मजबूती मिली है। उन्होंने पत्रकारों के एक समूह से बातचीत के दौरान कहा कि भारत और चीन ने पिछले नौ वर्षों में वार्ता के जरिए पूर्वी लद्दाख में टकराव वाले पांच-छह स्थानों पर प्रगति की है तथा शेष मुद्दों का समाधान करने के लिए प्रयास जारी है। जयशंकर ने कहा कि सीमा को सुरक्षित करने और राष्ट्रीय हितों की रक्षा करने में (नरेन्द्र) मोदी सरकार की प्रतिबद्धता उत्तरी सीमांत पर महत्वपूर्ण ढांचे को मजबूत करने पर इसके जोर देने के रूप में प्रदर्शित हुई है। उन्होंने कहा कि कड़ी टिप्पणी करना गंभीरता का प्रतीक नहीं है और बुनियादी ढांचे पर जोर देने जैसा व्यावहारिक कार्य मायने रखता है क्योंकि इसने सैनिकों की प्रभावी तरीके से तैनाती में मदद की है। उनकी यह टिप्पणी सीमा विवाद से निपटने के सरकार के तौर-तरीके की कांग्रेस द्वारा आलोचना किए जाने की ओर लक्षित प्रतीत होती है। जयशंकर ने कहा कि जिन्होंने सीमा पर बुनियादी ढांचे को नजरअंदाज किया है वे (चीन के साथ) स्थिति को लेकर चिंतित नहीं थे। विदेश मंत्री ने सीमावर्ती क्षेत्रों का विकास नहीं करने की अतीत की नीति की भी आलोचना की और कहा कि एलएसी पर चीन की गश्ती 2000 के आसपास से बढ़ी है

## खरगे और राहुल ने हरियाणा के कांग्रेस नेताओं के साथ बैठक की

**एजेंसी/ नई दिल्ली**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को पार्टी की हरियाणा इकाई के वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक की, जिसमें अगले लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। पार्टी मुख्यालय में हुई बैठक में खरगे और राहुल गांधी के अलावा कांग्रेस के संगठन महासचिव के सी वेणुगोपाल, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, प्रदेश प्रभारी दीपक बाबरिया, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष उदयभान और कई अन्य नेता मौजूद थे। खरगे ने ट्वीट किया, लोकसभा चुनाव की तैयारियों के लिए पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ आज बैठक हुई।

## ख़ास ख़बर

### जयनगर थाना में कार्यरत चौकिदार व दफादार ने अपने मांगों को लेकर पट्टी बांधकर जताया विरोध



**जयनगर /मधुबनी/दैनिक शुभ भास्कर (मो.गुलाब)**/जयनगर थाना में कार्यरत चौकिदार व दफादार ने संघ ने प्रांतीय सचिव के आदेशानुसार अपनी मांगों को लेकर काला पट्टी बांध कर विरोध जताया। सूर्यनाथ यादव के नेतृत्व में चौकिदार व दफादार ने सरकार के खिलाफ रोष व्यक्त करतें हुए कहा कि स्वेच्छिक सेवानिवृत्त रोक लगाया जाए । संघ नेता सूर्यनाथ यादव ने कहा कि सरकार द्वारा नया विधेयक लाकर नियमावली मार्च 2014 के आलोक में पुनः बहाली की प्रक्रिया शुरू करे। हमारी मांगों को पूरा नहीं करने पर चौकिदार व दफादारो के द्वारा समाहरणालय के समक्ष धरना प्रदर्शन करेगें। मांग पूरी नहीं होने पर आरक्षी अधीक्षक के समक्ष धरना दिया जाएगा। चौकिदार व दफादार ने सरकार से मांग पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया है। मौके पर भरत पासवान, कैलाश सिंह, श्री पासवान, शत्रुध्न यादव, मो.सदरे, मो. समीम, मो. शमशूल, मो. गुलजार, कारी पासवान, उमेश पासवान, अमरेश कुमार पासवान समेत अन्य मौजूद थें

### अमृत भारत स्टेशन योजना- किशनगंज रेलवे स्टेशन को 42 करोड़ 3 लाख और ठाकुरगंज को 27 करोड़ 8 लाख रुपये



**किशनगंज।** रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत भारत के 508 रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास का शिलान्यास माननीय पीएम नरेन्द्र भाई मोदी ने किया। पुनर्विकास के लिए 25 हजार करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे शिलान्यास कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधान पार्षद सह मुख्य सचेतक डॉ दिलीप कुमार जायसवाल ने बताया कि इसका लाभ देश के सभी राज्यों को मिलेगा। रेलवे में सबसे अधिक विकास हुआ है। पूर्वोत्तर भारत रेल रूट से जुड़ रहा है। उन्होंने कहा कि इन स्टेशनों पर स्थानीय संस्कृति की झलक दिखेगी। पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।मालूम हो कि उक्त योजना के तहत बिहार के 49 स्टेशनों का चयन किया गया है। इसी के तहत कटिहार डिविजन अंतर्गत कुल 9 स्टेशनों का पुनर्विकास होगा। किशनगंज रेलवे स्टेशन को 42 करोड़ 3 लाख और ठाकुरगंज को 27 करोड़ 8 लाख रुपए का पुनर्विकास के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा वीसी के माध्यम से शिलान्यास किया गया। मौके पर स्कूली बच्चों के द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस मौक़े पर मुख्य पार्षद नगर परिषद इंद्रदेव पासवान, समाज सेवी सह पूर्व अध्यक्ष नगर परिषद त्रिलोक चंद्र जैन, सांसद प्रतिनिधि मो. परवेज रेज़ा, भाजपा जिला अध्यक्ष सुशांत गोप, राजेश गुप्ता, अधिवक्ता सुशील कुमार दास, रेलवे अधिकारी सहित गणमान्य मौजूद रहे।

### स्वतंत्रता दिवस को लेकर एसडीओ कार्यालय में बैठक,कई बिंदुओं पर चर्चा



**जयनगर /मधुबनी/दैनिक शुभ भास्कर (मो.गुलाब)**/स्वतंत्रता दिवस की तैयारी को लेकर सोमवार को जयनगर अनुमंडल कार्यालय सभागार में एसडीओ वीरेंद्र कुमार के अध्यक्षता में प्रशासनिक अधिकारियों एवं विभिन्न राजनीतिक दलों के साथ विद्यालयों के प्रबंधन के साथ एक बैठक आयोजित की गई।एसडीओ ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी अनुमंडल कार्यालय स्थित मुख्य समारोह स्थल पर झंडोत्तोलन किया जाएगा। इस से पूर्व अंबेडकर स्मारक पर बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर। ससमय झंडोत्तोलन कार्यक्रम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि झंडोत्तोलन के समय जयनगर शहरी क्षेत्रों में भारी वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा। इसके लिए पुलिस पदाधिकारी को व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया है। इस बैठक में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विपल्व कुमार,मुख्य पार्षद कैलाश पासवान,कार्यपालक पदाधिकारी इंद्र कुमार मंडल,पीएचसी प्रभारी डॉ रवि भूषण,भाकपा माले के प्रखंड सचिव भूषण सिंह,अनिरुद्ध ठाकुर,रामचन्द्र साह,विमल मस्करा,सुमन शर्म,लक्ष्मण यादव,नित्यानंद राय,मोहम्मद इसराफिल सहित अन्य लोग मौजूद थें।

# अब इससे भी बड़ी चुनौती नए सत्र में नामांकन का है जिसे सफलता पूर्वक विभागीय स्तर पर कराना है संपन्न- डा. माधवेन्द्र

परीक्षण कार्य से लौटे प्राध्यापकों का प्रधानाचार्य ने टी पार्टी देकर किया स्वागत





**आलमनगर।**पूर्व सूचना प्रसारित कर स्नातक अंतिम खण्ड की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य समाप्त कर वापस लौटे विद्वान एवं अनुभवी प्राध्यापकों के सम्मान में प्रधानाचार्य यू वी के कॉलेज,डा माधवेन्द्र झा ने टी पार्टी देकर किया स्वागत किया । उदगार व्यक्त करते हुए प्रिंसिपल डा.झा ने कहा कि हमें गर्व है कि आप सफलता पूर्वक विश्वविद्यालय द्वारा आवंटित मूल्यांकन कार्य संपन्न कर वापस योगदान किए हैं। अब इससे भी बड़ी चुनौती नए सत्र में नामांकन का है जिसे सफलता पूर्वक विभागीय स्तर पर संपन्न कराना है। सभी शिक्षकों को मेजर एवं माइनर सब्जेक्ट की जानकारी छात्र छात्राओं को देनी चाहिए। मेजर एवम माइनर सब्जेक्ट के शिक्षक प्रॉस्पेक्टस की पर्याप्त प्रतियां अपने विभागाध्यक्ष अथवा आई टी सेल से प्राप्त कर नामांकन के समय हीं छात्र/छात्राओं को उपलब्ध कराएं जिसमें शिक्षकों का मोबाइल नंबर उपलब्ध रहे। शीघ्र ही नव नामांकित छात्र छात्राओं के सम्मान में परंपरानुसार फ्रेशर्स डे का आयोजन होगा।

शत प्रतिशत छात्र /छात्राओं की उसमें उपस्थिति की जिम्मेदारी विभागीय शिक्षकों की होगी। उक्त कार्य एक पर्व के रूप में मनाए जाने की योजना है जिसमे दर्शन प्रदान करने हेतु विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति, प्रति कुलपति महोदया, अध्यक्ष, छात्र कल्याण, कुलानुशासक, परीक्षा नियंत्रक, कुलसचिव के साथ स्थानीय जन प्रतिनिधियों एवम सभी छात्र संगठनों के शीर्ष नेता तथा मीडिया के सभी प्रतिनिधि को आमंत्रित करने की योजना है ताकि नामांकित छात्र छात्राओं को नियमित वर्गाभ्यास का सीधा संवाद मिल सके। मौके पर ही डा माधवेंद्र ने शिक्षकों को रिसर्च कार्य आरंभ करने हेतु प्रोत्साहित किया। सभी शिक्षकों में ऊर्जा का संचार होता दिख रहा है। कार्यक्रम में शिक्षक प्रतिनिधि शासी निकाय प्रो शिव कुमार यादव, प्रो इंचार्ज श्री शिवेंद्र आचार्य, श्री नागेश्वर झा, श्री नरेंद्र सिंह, प्रो अमरेंद्र कुमार झा आदि ने भी सफलता पूर्वक परीक्षण कार्य से वापस होने में प्रधानाचार्य का मूलमंत्र एवम महाविद्यालय के अनुशासन से मिली सीख बताते हुवे मूल्यांकन निदेशक के प्रति भी आभार जताया।

## कार्यपालक अभियंता से मिलने आर सी डी कार्यालय पहुंची सीमांचल युवा जागरण मोर्चा की टीम



**अररिया।**पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत जिले की समाजिक संगठन सीमांचल युवा जागरण मोर्चा अररिया के पदाधिकारियों का एक शिष्टमंडल पथ निर्माण विभाग अररिया के कार्यपालक अभियंता से मिलने आर सी डी कार्यालय पहुंची।

तो पता चला कि कार्यपालक पदाधिकारी विभागीय कार्य से पटना गए हुए हैं। जिस बाबत मोर्चा के शिष्टमंडल की मुलाकात नहीं हो पाई। मोर्चा अध्यक्ष ने दूरभाष पर संपर्क साधा तो कार्यपालक अभियंता अरविंद कुमार ने कहा कि मैं विभागीय कार्य से पटना आया हूं। आप लोग कल उक्त सड़क के संबंध में वार्ता करने आइए। शिष्टमंडल का नेतृत्व कर रहे मोर्चा के संस्थापक सह अध्यक्ष गगन कुमार झा ने कहा कि अररिया कोर्ट रेलवे स्टेशन जाने वाली सड़क वर्षों से जर्जर अवस्था में है। जिसको लेकर काफी विभागीय पत्राचार होने पर पता चला की उक्त सड़क निर्माण की जिम्मेदारी पथ निर्माण विभाग अररिया को दी गई है। जब स्वीकृति मिल गई है तो उक्त सड़क के निर्माण में अनावश्यक विलंभ क्यो हो रही है। जब की उक्त सड़क का निर्माण शीघ्र करना अति आवश्यक है। क्योंकि बारिस का मौसम चल रहा है और उक्त सड़क मार्ग में बड़े-बड़े गड्ढों में जलजमाव हो जाने से आए दिन छोटी बड़ी दुर्घटनाएं घटित हो रही है। जीस बावत आज मोर्चा के गगन कुमार झा, शंकर ओझा, अमित शाह, अविनाश साह, धीरज राय, देव राज साह, रूपेश भगत , धीरज पासवान सहित राजीव झा शिष्टमंडल के साथ वार्ता करने पहुँचे थे। कार्यपालक अभियंता से मुलाकात नहीं होने पर जल्द से जल्द उक्त सड़क के निर्माण को लेकर मोर्चा ने लिखित आवेदन कार्यालय में सौपा।

## माँ बनने का खूबसूरत एहसास कई ज़िम्मेदारियाँ लाता है साथ- डॉ प्रो पूजा भारती



**बिहारीगंज/कटिहार।**गर्भावस्था बच्चे के विकास एवं महिला के स्वास्थ्य के लिए बेहद महत्वपूर्ण समय होता है। इस दौरान ग़लत खानपान और सुस्त जीवन शैली, दोनों ही स्थितियां मां और शिशु के लिए ठीक नही। अक्सर गर्भवती महिलाएं खुद के स्वास्थ्य के प्रति अनभिज्ञ रहती हैं, जिसका अप्रत्यक्ष असर उनके शिशु के विकास पर पड़ता है। उक्त बातें डॉ प्रो पूजा भारती स्त्री एवं प्रसुति व बांझपन रोग विशेषज्ञ शल्य चिकित्सक एसोसिएट प्रोफेसर कटिहार मेडिकल कॉलेज कटिहार ने अपने बिहारीगंज के शिविर के दौरान कही। उन्होंने कहा कि ज्यादातर गर्भवती महिलाएं पारिवारिक विचार धारा का अनुसरण करती है जो अधिकतर ठीक भी रहती है। किन्तु कुछ महिलाएं असमंजस में रहती हैं एवं सुनी सुनाई बातों के आधार पर गर्भावस्था व्यतीत करने की कोशिश करती हैं, जो जच्चा और बच्चा के लिए नुकसानदेह हो सकता है। गर्भवती महिलाएं कुछ बातों का विशेष ध्यान रखें- संतुलित व पौष्टिक आहार लें, जो बिना पाचन तंत्र पर जोर दिए माँ और बच्चे के लिए आवश्यक पोषक तत्व, खनिज, आयरन, फोलेट और कैलोरी सुनिश्चित करे।, एक्टिव रहें एवं चिकित्सक के परामर्श पर हल्का व्यायाम करें।, भोजन के बीच बड़े अंतराल से बचें।भारी-भरकम, मिर्च-मसाले और तले हुए खाने से परहेज करें।, भारतीय आहारों में आयरन, प्रोटीन और विटामिन की कमी हो सकती है, इसलिए आवश्यक पूरक आहार के लिए विशेषज्ञ से सलाह लें।, गर्भावस्था दौरान गर्भवती महिला की रोग प्रतिरोधक क्षमता कम हो जाती है, इसे बढ़ाने के लिए मौसमी फल, हरी सब्जियां, दाल, दूध-दही आदि खूब लें। गर्भावस्था दौरान क्या होना चाहिए संतुलित आहार,इसी सन्दर्भ में नीचे दी गयी आहार समय सारणी का अनुसरण किया जा सकता है- 1. सवेरे 7-8 बजे ( नाश्ते से पहले )यह हल्का और ऊर्जावान होना चाहिए। दूध की सलाह दी जाती है। दूध कैल्शियम का महत्वपूर्ण स्रोत है, जो मॉर्निंग सिकनेस को रोकने एवं बच्चे के विकास के लिए उपयोगी है। सूखे मेवे के साथ बादाम का दूध एक स्वस्थ आहार है। बादाम प्रोटीन, स्वस्थ वसा, लोहा और विटामिन-ई का एक अच्छा स्रोत हैं।2. लगभग 9 बजे ( नाश्ता ) पोहा और उपमा आम भारतीय नाश्ता है। कम वसा होने के साथ पोहे में अच्छी मात्रा में आयरन और कार्ब्स होते हैं, और उपमा में आयरन, मैग्नीशियम और कैल्शियम जैसे खनिज होते हैं। पराठे ऊर्जा से भरे विकल्प हैं, लेकिन इन्हे कम तेल, घी में तैयार किया जाना चाहिए।अन्य स्वस्थ विकल्पों में सब्जियों के सैंडविच, इडली एवं ताज़े फल आयरन, विटामिन और फाइबर के समृद्ध स्रोत हैं।3. दोपहर 1-2 बजे (भोजन )हरी सब्ज़ी एवं दही के साथ रोटी, दही चावल या रायता के साथ खिचड़ी दोपहर के भोजन के लिए स्वस्थ विकल्प है।चावल के मुख्य लाभों में तात्कालिक ऊर्जा को बढ़ावा देना, यूरिनोजेनिटल संक्रमण को रोकना और माँ की प्रतिरक्षा को बढ़ावा देना शामिल है।

### पूर्व विधानसभा प्रत्याशी सह समाजसेवी राजेश कुमार सिंह के द्वारा लगाया गया स्वास्थ्य शिविर



**कुर्साकांटा ।** डॉक्टर अमीश कुमार और समाजसेवी राजेश कुमार सिंह ने कुर्साकांटा में एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में डॉक्टर अमीश कुमार के नेतृत्व में एक दिन के लिए चिकित्सा सेवाएं प्रदान की गई और कई लोगों को इस सुविधा का लाभ मिला। समाजसेवी राजेश कुमार सिंह ने भी स्वयं जुटकर लोगों की सेवा की और उनकी समस्याओं का समाधान किया। इस शिविर ने लोगों को आरामदायक चिकित्सा सेवाओं का अनुभव कराया। डॉक्टर अमीश कुमार और समाजसेवी राजेश कुमार सिंह के प्रयासों को उपस्थित लोगों व मरीज के परिजनों ने काफी सराहा, साथ ही यह स्वास्थ्य शिविर एक महत्वपूर्ण और सफल उदाहरण सीमांचल के बीच प्रस्तुत किया।बताते चलें कि प्रखण्ड मुख्यालय मिल चौक स्थित RPC Hospital के द्वारा एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर लगाया गया।जिसमे ILA SINHA MULTISPECIALITY & MATERNITY HOSPITAL के मशहूर डॉक्टर अमीश कुमार के द्वारा उपस्थित मरीजों का इलाज हुआ।इस क्रम में डॉक्टर अमीश ने कहा रेणु माटी की सुगंध मुझे यहां खींच लाई। यदि कोई मरीज इस रेणु माटी व सीमांचल के क्षेत्र से मेरे हॉस्पिटल पटना इलाज करवाने पहुंचेंगे तो उसे विशेष सुविधा व छूट दिया जाएगा। वहीं समाजसेवी राजेश कुमार सिंह ने बताया हम अपने माटी कर्ज चुका रहे है सिकटी व कुर्साकांटा के लोगो के लिए जनसेवा जारी रहेगा।

### प्रांगण रंगमंच द्वारा सावनोत्सव कार्यक्रम में कोसी क्षेत्र में कलाकारों ने दी प्रस्तुति





**मधेपुरा ।**कोसी क्षेत्र में सांस्कृतिक गतिविधि को बढ़ावा देने वाली संस्था प्रांगण रंगमंच के बैनर तले जीवन सदन के प्रांगण सावनोत्सव का आयोजन किया गया। सावनोत्सव कार्यक्रम में बच्चों ने एक से बढ़ कर एक प्रस्तुति देकर लोगों की वाहवाही लूटी। कलाकारों ने देश भक्ति पर आधारित झांकी ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया। कार्यक्रम का उद्घाटन लायंस क्लब के पूर्व अध्यक्ष सह रोटी बैंक के अध्यक्ष चन्द्रशेखर कुमार, श्री कृष्णा विश्वविद्यालय उदाकिशुनगंज के माननीय कुलपति डॉ. अशोक कुमार, आईएमए के पूर्व अध्यक्ष डॉ. दिलीप कुमार सिंह, एचओडी डॉ. एमआई रहमान, डॉ. ललन प्रसाद अद्री, डॉ. कविता सिंह, सुमित सुमन ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रोटी बैंक के अध्यक्ष चन्द्रशेखर कुमार ने कहा कि प्रांगण रंगमंच के सदस्यों ने कला संस्कृति के अलावा स्वास्थ्य, पर्यावरण, रसोई सहित अन्य सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यों में अपनी अलग पहचान बनाई है। प्रांगण ने ग्रामीण प्रतिभाओं को बड़ा मंच देकर उनके हौसले को बढ़ा कर कलाकारों को आत्म निर्भर बना रहा है। उन्होंने कहा कि उचित मंच नहीं मिलने से प्रतिभा कुंठित हो जाती रही है जिसे बचने के लिए प्रांगण ने कोरोना काल में लाइव प्रोग्राम कराकर सुदूर देहात से कलाकारों को ढूंढ निकाला। श्री कृष्ण विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अशोक कुमार ने कहा कि प्रांगण रंगमंच हर क्षेत्र के लोगों को जोड़कर कोसी की सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और संवर्धन में सक्रिय है। डॉ. एमआई रहमान ने कहा कि बच्चों की प्रस्तुति ने यह साबित कर दिया कि प्रांगण ने उनकी प्रतिभा को आगे बढ़ाया है। फिल्म डायरेक्टर सुमित सुमन ने कहा कि डॉ. संजय परमार के नेतृत्व में प्रांगण रंगमंच ने कोशी में जो अभियान चलाया है वह सफल होगा। कलाकारों ने विभिन्न विधाओं में प्रस्तुति को यादगार बनाया। डॉ. कविता सिंह ने कलाकारों की प्रस्तुति की सराहना की। कार्यक्रम की अध्यक्षता डा. संजय परमार ने किया। संचालन शिवानी अग्रवाल और आशीष सत्यार्थी ने किया। मौके पर श्रृंगी ऋषि सेवा फाउंडेशन के निखिल कुमार भास्कर, सागर यादव, ओम श्रीवास्तव, इंद्रनील घोष, रागिनी रानी यादव, विनीता भारती, प्रीति यादव, प्रो. पूनम कुमारी, डॉ. तंद्रा शरण, ध्यानी यादव, कुमार, अरुण कुमार, राकेश सिंह, चंद्र भानु पिंकू, प्रदीप झा सहित अन्य मौजूद थे। कार्यक्रम में सचिव अमित आनंद, कार्यक्रम संयोजक दिलखुश कुमार, अभिषेक सोनी, शशि भूषण, बबलू, नीरज, धीरेंद्र, शिवांगी, शिवानी, आशीष सत्यार्थी, मुन्ना कुमार सहित अन्य ने सक्रिय भागीदारी दी।

**खेल दिवस** 27 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस के मौक़े पर साइकलोथोन का आयोजन

## साइक्लोथोन 27 अगस्त को 150 प्रतिभागी होंगे शामिल, पंजीकरण आज से शुरू, राष्ट्रीय स्तर खेल दिवस पर मारवाड़ी युवा मंच कर रहा है आयोजन



**फारबिसगंज।**अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच शाखा फारबिसगंज के द्वारा आगामी 27 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस के मौक़े पर साइकलोथोन का आयोजन किया जा रहा है जिसको लेकर अभी से तैयारियाँ ज़ोरों पर है। मंच के अध्यक्ष सीए निशांत गोयल की अध्यक्षता में कार्यक्रम को लेकर बैठक का आयोजन किया गया जिसमें कार्यक्रम की रूपरेखा पर विचार विमर्श किया गया एवं तमाम सदस्यों को ज़िम्मेदारी सौंपी गयी। कार्यक्रम के बारे में विस्तृत रूप से बताते हुए सचिव कुणाल केडिया एवं कोषाध्यक्ष गौरव जैन ने बताया कि साइकलोथोन देश में अलग अलग शाखा में किया जा रहा है जिसमें बड़ी संख्या में स्कूली एवं समाज के लोग शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि साइकलोथोन में भाग लेने के लिए 8 अगस्त, मंगलवार से पंजीकरण शुरू हो जाएगा और पहले 150 पंजीकृत लोगों को ही साइकलोथोन में हिस्सा लेने की अनुमति मिल पाएगी। कार्यक्रम के बारे में विशेष जानकारी देते हुए ई आयुष अग्रवाल एवं आदर्श गोयल ने संयुक्त रूप से बताया कि इस आयोजन की सफलता के लिए लोगों से जनसम्पर्क भी किया जा रहा है और तमाम अन्य संस्थाओं से भी इसमें काफ़ी सहयोग मिल रहा है। उन्होंने बताया कि समाज के लोगों में भी इस कार्यक्रम को लेकर काफ़ी उत्साह है और इसकी सफलता के लिए काफ़ी सहयोग मिल रहा है। उन्होंने बताया कि इसको लेकर प्रशासनिक पदाधिकारियों के साथ साथ समाज के प्रबुद्धजनों को भी इसमें सम्मानित किया जाएगा। बैठक में विशाल गोलछा, दिलीप गौतम, सीए नितेश अग्रवाल, शुभम फ़िटकिरीवाला, हर्ष बैद, यश जैन, प्रमोद केडिया, अमन अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल, सुधांशु बाँयवाला, अमन धनावत व दर्जनों सदस्यों ने अपनी अपनी बात रखी।

## अब विचार नहीं घोषणा करें मुख्यमंत्री शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा मिले और निरस्त हो निलंबन आदेश- इन्तेखाब आलम



**शिक्षा विभाग में पाठक जैसे तानाशाह पत्रबाज़ अधिकारी के रहते मानसिक रूप से टॉर्चर शिक्षक नहीं गढ़ पाएंगे मासूम बच्चों का भविष्य**

**पटना।**अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य ने इन्तेखाब आलम प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि शिक्षकों के समस्याओं पर अब विचार करने का समय नहीं है सरकार को चाहिए कि अब बिना किसी देरी के शिक्षकों को राज्य कर्मी का दर्जा दें और लोकतांत्रिक तरीके से प्रोटेस्ट कर रहे शिक्षकों पर हुए निलंबन आदेश को रद्द करें। इन्होंने ने अपर मुख्य सचिव केके पाठक पर तंज़ कसते हुए कहा है कि पाठक मुख्यमंत्री नितीश कुमार से भी ऊपर हैं ? जब मुख्यमंत्री महोदय और महागठबंधन के सभी दल शिक्षकों के समस्याओं के समाधान को लेकर गंभीर है तो ऐसे में शिक्षकों के लिए अनर्गल पत्रबाजी करके पाठक क्यों हीरो बनने में लगे हुए हैं।जब विद्यालयों का निरीक्षण विभिन्न विभागों के निम्न स्तरीय कर्मियों द्वारा ही करवाना है तो शिक्षा विभाग के जिला स्तरीय सभी कार्यालयों को बंद करने का आदेश भी अपर मुख्य सचिव केके पाठक को जारी कर ही देना चाहिए। रॉबिन हुड की छवि गढ़ने के चक्कर में केके पाठक ने सभी विभागों के कर्मियों को शिक्षा विभाग में निरीक्षण में लगाकर अन्य विभागों के कार्यों को ठंडे बस्ते में डाल दिया है।

## ख़ास ख़बर

# बिडियो कॉन्फ्रेंस के द्वारा अपर मुख्य सचिव पथ निर्माण द्वारा भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण में जिला के भारतमाला फेज-5 परियोजना की गई



**ब्यूरो/दैनिक शुभ भास्कर, सुपौल/**जिले में अपर मुख्य सचिव, पथ निर्माण विभाग द्वारा राज्य अंतर्गत भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा सुपौल जिला अंतर्गत भारतमाला परियोजना फेज- परसरमा से बकौर योजना की समीक्षा बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की गई। अपर मुख्य सचिव, पथ निर्माण विभाग के द्वारा सुपौल जिला अंतर्गत भू-अर्जन से संबंधित कार्रवाई पर संतोष प्रकट किया गया। साथ ही शीघ्र परियोजना अंतर्गत भूमि हस्तांतरण एन0एच0ए0आई0 को करने संबंधित निदेश दिया गया। उक्त बैठक में श्री कौशल कुमार, (भा0प्र0से0), जिलाधिकारी, सुपौल एवं श्री राकेश कुमार, भू-अर्जन पदाधिकारी, सुपौल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े हुए थे।

# पीएचसी में हेल्दी बेबी शो का हुआ आयोजन



**सरोज कुमार/दैनिक शुभ भास्कर, किशनपुर, सुपौल/**जिले के किसनपुर प्रखंड अंतर्गत पीएचसी में हेल्दी बेबी शो का आयोजन सोमवार को किया गया। जिसमें 42 माता अपने बच्चों के साथ इस कार्यक्रम में शामिल हुए। सरकार के द्वारा निर्धारित मापदंड के अनुरूप प्रथम पुरस्कार रेशमी कुमारी माता सुनीता देवी को 1 हजार रुपया नगद दिया गया। और द्वितीय पुरस्कार रूद्र कुमार माता काजल कुमारी मलाढ को 5 सौ रुपए नगद दिया। और तृतीय पुरस्कार 2 बच्चों का चयन किया गया। जिसमें प्रथम कृषि कुमारी माता मीरा कुमारी और रूपा कुमारी माता रीना कुमारी दोनों को ढाई सो रूपए नगद पुरस्कार दिया गया। इसके अलावा सभी चयनित बच्चों को नगद राशि के साथ-साथ प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया। मौके पर प्रभारी डॉ अभिषेक कुमार सिन्हा के द्वारा बताया गया की विश्व स्तनपान सप्ताह के अवसर पर यह हेल्दी बेबी शो प्रतियोगिता प्रत्येक वर्ष सात अगस्त को मनाया जाता है। जिसमें चार बच्चे को पुरस्कृत किया गया है। मौके पर प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक अभिलाष कुमार वर्मा ,प्रखंड सामुदायिक उत्प्रेरक हरिवंश कुमार सिंह, प्रखंड अनुश्रवण और मूल्यांकन सहायक चंदन कुमार ,महिला पर्यवेक्षिका मंजू कुमारी, डोली कुमारी ,रंजीता कुमारी , रंजू कुमारी आदि उपस्थित थे।

# लूटपाट बाइक एवं बाइक छिनतई मामले में दो युवक गिरफ्तार




**जितेन्द्र कुमार/दैनिक शुभ भास्कर, त्रिवेणीगंज, सुपौल/**जिले के त्रिवेणीगंज अनुमंडल में रविवार की देर संध्या में त्रिवेणीगंज पुलिस ने नगर परिषद क्षेत्र के डपरखा में छापामारी कर लूट एवं बाइक छिनतई मामले को लेकर आकाश कुमार उम्र 22 वर्ष गिदहा थाना शंकरपुर जिला मधेपुरा एवं अजीत कुमार उम्र 20 वर्ष दोनों युवक को थाना क्षेत्र के डपरखा से कल रोज रविवार की देर संध्या में छापामारी कर पुलिस ने हिरासत में लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बिजेंदर यादव मयूरवा वार्ड नंबर एक निवासी ने थाना में आवेदन देकर आरोप लगाया कि मैं अपने बाइक से दिनांक 5/8/23 रोज शनिवार की रात्रि समय लगभग 8:30 बजे घरेलू सामान लेकर घर जा रहा था। घर जाने के दौरान मयूरवा नहर पर घात लगाए तीनो नामजद अभियुक्त ने मेरा घरेलू सामान लूट लिया और मैं पड़ोसी के मोटरसाइकिल लेकर बाजार आया था। उक्त मोटरसाइकिल छीनकर भागने का प्रयास किया। मैं तुरंत घटना की जानकारी जोर-जोर से आवाज देकर आसपास के ग्रामीणों को दिए ग्रामीणों के आते देख तीनो युवक मेरा मोटरसाइकिल छोड़ कर फरार हो गए। जिसकी लिखित सूचना मैं त्रिवेणीगंज पुलिस को दिया हूं। इस बाबत त्रिवेणीगंज थाना अध्यक्ष कृष्ण बली सिंह ने जानकारी देते हुए बताया की यह घटना में तीन नामजद किए गए हैं। जिसमें दो को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में सुपौल जेल भेज दिया गया। एक आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए छापामारी की जा रही हैं।

# राजद कार्यकर्ताओं ने की पंचायत स्तरीय अम्बेडकर परिचर्चा की शुरुवात

**अम्बेडकर परिचर्चा की शुरुवात प्रखंड अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद साहु की अध्यक्षता में हुई।**




**अमरेश कुमार/दैनिक शुभ भास्कर ,पिपरा, सुपौल/**जिले के पिपरा प्रखंड अंतर्गत दुबियाही पंचायत में राजद कार्यकर्ताओं ने पंचायत स्तरीय अम्बेडकर परिचर्चा की शुरुवात दुबियाही पंचायत के प्राथमिक विद्यालय लालपुर में प्रखंड अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद साहु की अध्यक्षता में हुई। बताते चलें कि सभी पंचायतों में पंचायत स्तरीय अंबेडकर परिचर्चा होना है जिसकी शुरुआत आज दुबियाही पंचायत से हुई,

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में पूर्व सांसद विश्वमोहन कुमार उपस्थित रहे, साथ ही उन्होंने ग्रामीणों को बाबासाहेब अंबेडकर के बारे में विस्तृत से बताया, साथ ही मंचासीन जिला उपाध्यक्ष कारी प्रसाद यादव, पूर्व राजद प्रखंड अध्यक्ष सह व्यपार मंडल अध्यक्ष प्रदीप यादव, शिक्षक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष संतराम, जागेश्वर मेहरा, मीडिया प्रभारी प्रभाकर प्रसाद, प्रोफेसर प्रमोद कुमार ने कार्यक्रम को सम्बोधित किया, कार्यक्रम में वक्तओ ने विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि बाबासाहेब हमेशा समाज के अंतिम पायदान पर रहने वाले लोगों के उत्थान के लिए संघर्ष किया। बाबासाहेब अम्बेडकर के द्वारा दिया संविधान में राजनीति अधिकार के बाद सामाजिक और आर्थिक न्याय दिलाने कि लिए संविधान में प्रदत्त अधिकारों के द्वारा देश के बहुसंख्यक आवाम के भाग्य के दरवाजा खोलने का काम किया, बाबासाहेब के संविधान को आज शासन व्यवस्था में बैठे लोंग साजिश के तहत खत्म किया जा रहा है, जिन्हे बचाने के लिए राष्ट्रीय जनता दल के द्वारा पंचायत स्तरीय अम्बेडकर परिचर्चा की जा रही है,

साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित रहे राजद युवा सचिव संजीव कुमार सोनू, पंचायत अध्यक्ष अनमोल यादव, राजनीति प्रसाद चंद्रबंशी, इन्दल सादा, बिहारी सादा, राजेन्द्र सादा, मांगेन सादा, नंदलाल सादा, संजय सादा, विष्णु राम, बोआ राम, लक्ष्मण राम, विद्येश्वर पासवान, लालो पासवान, कारी शर्मा, लुधिया देवी, ममता देवी, बुढ़िया देवी, शाकुंतला देवी एवं दुबियाही पंचायत के सैकड़ो ग्रामीणों ने बढ़ चढ़ कर परिचर्चा में भाग लिया।

# झमाझम बारिश से फसलों को मिली संजीवनी



**डा विनीत शेखर /दैनिक शुभ भास्कर, निर्मली, सुपौल/**जिले के निर्मली प्रखंड क्षेत्र में सोमवार को सुबह से ही झमाझम बारिश शुरू हो गई। बारिश से किसानों के चेहरे खुशी से खिल उठे। इससे न सिर्फ उमस भरी गर्मी से लोगों ने राहत महसूस हुआ, बल्कि धान की फसल को संजीवनी मिल गई। किसानों का कहना है कि बहुत दिनो बाद बेरुखी मौसम करवट बदला है।

आसमान में काले बादल देख किसानों के चेहरे खिलने लगे है। कहना है की ऐसी ही बारिश होती रही तो धान की फसल को संजीवनी मिलेगी। बता दे की रविवार की देर रात से ही आसमान में बादल छाए रहे। भोर में झमाझम बारिश हुई। बारिश से नगरीय क्षेत्र में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई। ग्रामीण क्षेत्र में बारिश होने से किसानों ने राहत की सांस ली। करीब एक महीनो से बारिश नहीं होने के कारण किसानो को धान की फसल के पटवन के लिए मोटर एवं पंपसेट का सहारा लेना पर रहा था। सोमवार को सुबह और शाम को क्षेत्र में चौतरफा हुई बारिश से किसानों के चेहरे खुशी से खिल उठे। बीते एक महीने से बारिश नहीं होने से किसानों में मायूसी छा गई थी। धान, मक्का, तिल, उड़द की फसल सूखने लगी थी। कुछ किसान अपने धान की फसल को सिंचाई कर बचा रहा था। बारिश से नगर के सड़को पर जलभराव-बता दें कि सुबह से हो रही झमाझम बारिश से नगर के कई वार्डों में जलभराव की समस्या उत्पन्न हो गई है। नगर के अकसर सड़को पर पानी लग जाने से छोटे-बड़े वाहनों को आवाजाही में परेशानी देखी गई। हालांकि नगर से जल निकासी के लिए अतिरिक्त दमकल भी लगाई गई है। जिससे शहर का पानी का निकासी ससमय हो जाता है। नगर के बादशाह स्थित पुरानी सिनेमा रोड से नाग मंदिर जाने वाली मुख्य सड़क मार्ग पर घुटने भर पानी में लोग आवाजाही करते नजर आए।

# प्रदेश जदयू किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष का हुआ स्वागत





**जितेन्द्र कुमार/दैनिक शुभ भास्कर ,त्रिवेणीगंज ,सुपौल/** जिले के त्रिवेणीगंज अनुमंडल में कल रोज रविवार के दिन में सुपौल कार्यक्रम से पूर्णिया लौट रहे प्रदेश जदयू किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार प्रदेश उपाध्यक्ष श्री सुशील कुमार सिंह एवं प्रदेश महासचिव सुपौल कार्यक्रम से पूर्णिया लौटने के दौरान त्रिवेणीगंज सुधीर मेहता के निजी आवास पर प्रदेश के नेताओं को पूर जोरदार स्वागत किया सुधीर मेहता ने प्रदेश से आए हुए नेतागण का फूल गुलदस्ता देकर सम्मानित किए एवं प्रदेश एवं जिला के गणमान्य नेतागण उपस्थित थे। और प्रदेश जदयू किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष श्री मनोज कुमार ने कहा पार्टी को लेकर संगठन पर कार्य करने की जरूरत है और सभी गणमान्य नेताओं को जानकारी देते हुए बताया पार्टी के संगठन पर पूरा ध्यान दिया जाए। और प्रखंड स्तर पर पार्टी को संगठित किया जाए। मौके पर जदयू के त्रिवेणीगंज प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद कमाल खां, डॉ अशोक मेहता, कुलदीप मेहता श्री कईल सरदार फुलेश्वर मेहता अनिल मेहता पवन मेहता आदि नेतागण उपस्थित थे।

# पूर्व के जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर हुई मारपीट आधा दर्जन से अधिक लोग जख्मी अस्पताल में चल रहा इलाज




**जितेन्द्र कुमार/दैनिक शुभ भास्कर ,त्रिवेणीगंज, सुपौल/** जिले के त्रिवेणीगंज अनुमंडल में कल रोज रविवार की संध्या में त्रिवेणीगंज प्रखंड क्षेत्र के जदिया थाना अंतर्गत पंचायत कोरियापट्टी पूर्वी के राज गांव वार्ड नंबर 6 में खेत जोतने को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई।

जिसमें प्रथम पक्ष के सुबोध कुमार उम्र 35 वर्ष, परमेश्वरी साह उम्र 65 वर्ष, मनोज साह उम्र 38 वर्ष, विनोद साह उम्र 36 वर्ष, एवं द्वितीय पक्ष के पप्पू कुमार उम्र 30 वर्ष, रविंद्र कुमार साह उम्र 32 वर्ष, सुमन कुमार उम्र 20 वर्ष, संतोष कुमार उम्र 42 वर्ष, ज्योतिष कुमार उम्र 15 वर्ष, बुरी तरह जख्मी हो गया। अपने अपने परिजनों के द्वारा आनन-फानन में सभी जख्मी को त्रिवेणीगंज अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया जहां पर सभी जख्मी का ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर बीएन पासवान की देखरेख में प्राथमिक उपचार किया जा रहा है। पूछने पर जख्मी के परिजन ने बताया इस घटना की लिखित जानकारी जदिया थाना को दिया जाएगा।

# 5 लीटर अवैध देसी शराब के साथ कारोबारी गिरफ्तार भेजे गए जेल




**जितेन्द्र कुमार/दैनिक शुभ भास्कर ,त्रिवेणीगंज, सुपौल/**जिले के त्रिवेणीगंज अनुमंडल में रविवार की देर संध्या में गुप्त सूचना के आधार पर त्रिवेणीगंज पुलिस ने मुख्य बाजार स्थित मेला ग्राउंड से 5 लीटर अवैध देसी शराब के साथ एक कारोबारी को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार गुड्डू कुमार उम्र 27 वर्ष गरहा वार्ड नंबर 16 थाना शंकरपुर जिला मधेपुरा निवासी मुख्य रूप से त्रिवेणीगंज मेला ग्राउंड में किराना का दुकान चलाता है। किराना दुकान के आड़ में अवैध शराब चोरी-छिपे बेचते हैं। पुलिस को गुप्त सूचना मिली की त्रिवेणीगंज मेला ग्राउंड स्थित एक किराना की दुकान में अवैध शराब बेचने का धंधा चल रहा है। पुलिस ने मौके पर कार्रवाई करते हुए छापामारी कर किराना दुकान के पीछे रखें 5 लीटर देसी शराब के साथ कारोबारी को गिरफ्तार कर लिया गया। इस बाबत त्रिवेणीगंज थाना अध्यक्ष कृष्ण बली सिंह ने जानकारी देते हुए बताया अवैध शराब कारोबारी को गिरफ्तार कर के कांड दर्ज कर न्यायिक हिरासत में सुपौल जेल भेज दिया गया।

# आरटीपीएस काउंटर पर बिचौलियों को चिन्हित कर कार्रवाई करने का आदेश



**डॉ बिनीत शेखर/दैनिक शुभ भास्कर, निर्मली, सुपौल/**जिले के निर्मली नगर में एसडीएम संजय कुमार सिंह ने सोमवार को आरटीपीएस काउंटर का औचक निरक्षण किया। जिससे आरटीपीएस काउंटर पर मौजूद कर्मियों में हड़कंप मच गया। इस दौरान एसडीएम ने काउंटर पर मौजूद लोगों से बातचीत की। उसके बाद उन्होंने काउंटर कर्मी को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कर्मियों से कहा कि राशन कार्ड ,जाति, आवासीय एवं आय प्रमाण पत्र बनाने के लिए आए लोग को किसी प्रकार की कठनाई नही हो सके इसपर विशेष ध्यान रखा जा रहा है। काउंटर के आसपास बिचौलिया पर विशेष नजर है। उन्होंने ने कर्मियों को निर्देश देते हुए कहा की एक ही आदमी बार बार काउंटर पर आए तो इसकी जानकारी सीओ को दे। ताकि उस बिचोलियों को चिन्हित कर पकड़ा जा सके। बताया कि आरटीपीएस काउंटर पर अनाधिकृत रूप से बिचौलियों का आना जाना लगा रहता हैं। इसपर प्रतिबंध लगाने के लिए समय समय पर निरीक्षण किया जा रहा है। ताकि आमलोगों को सुविधा मिल सके। एसडीएम ने आरटीपीएस काउंटर के कर्मियों को निदेश देते हुए कहा कि आवेदकों को किसी भी प्रकार की कठनाई न हो इसके लिए लंबित कार्यो को त्वरित गति से निष्पादन करे। नए आवेदकों को आवेदन प्राप्त कर समय अवधि में कार्यो को निष्पादन करना सुनिश्चित करें। अनाधिकृत रुप से आरटीपीएस काउंटर पर भीड़ जमा न करें। काउंटर को प्रतिदिन साफ रखें। वही दुकानदार को निर्देश दिया कि बिचौलियों को बढ़ावा नहीं दिया जाय साथ ही किसी प्रकार के सरकारी दस्तावेज का प्रयोग नही किया जाय और दुकान पर भीड़ भाड़ नही लगाने का निदेश दिया। मौके पर सीओ मुकेश कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

# प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत राशि उठाव कर घर नही बनाने वालो 69 लाभुकों के ऊपर केस




**ललन कुमार/ दैनिक शुभ भास्कर, मरौना, सुपौल/** जिले के मरौना प्रखंड क्षेत्र स्थित 13 पंचायतों में कुल 69 लाभुकों पर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत प्रथम किस्त की राशि उठाव कर घर नही बनाने वालो हट्टी लाभुकों के ऊपर केस दर्ज करने का आवेदन वीडियो अभिमन्यु कुमार ने नदी थाना और मरौना थाना में दिया है। वीडियो अभिमन्यु कुमार ने बताया की वैसे हट्टी लाभुकों पर केस दर्ज कराया जा रहा है जो वर्ष 2016 से लेकर 2022 तक प्रधान मंत्री आवास के राशि उठाव कर अपना घर बनाना मुनासिब नहीं समझा। बताया की इन लाभुकों को बार बार आवास सहायक व पदाधिकारियों के द्वारा बार बार समझाया गया। फिर लाल व पीला नोटिस भी भेजा गया लेकिन उन्होंने भवन निर्माण में किसी प्रकार की दिलचस्पी नहीं दिखाई। इन्ही वजह से उन हट्टी लाभुकों पर केस दर्ज कराने का लिखित आवेदन नदी और मरौना थाना को दिया गया है। जो इस प्रकार है।नदी थाना क्षेत्र स्थित बेलही पंचायत से 5 ,कदमहा से 10,बड़हरा से 2 घोघररिया 3 से सरोजा बेला 10 ललमनिया से 9 मरौना थाना क्षेत्र के कमरेल पंचायत से 7,परीकोच 4,मरौना उत्तर 05,मरौना दक्षिण 4, हररी से 6 गनौरा पंचायत से चार लोग शामिल है।

**फसल डूबा** | लोगों को आवाजाही भी प्रभावित हो सकता है।

# कोसी के जलस्तर बृद्धि से प्रधानमंत्री ग्राम सड़क पर ऊपर से तीन जगह पर पानी बहने से हजारों एकड़ लगा धान का फसल डूबा





**सरोज कुमार/दैनिक शुभ भास्कर,किसनपुर, सुपौल/**जिले में किसनपुर प्रखंड अंतर्गत कोसी के जलस्तर में वृद्धि होने से सोमवार को थरबिट्टआ से लेकर 57.20 पूर्वी कोसी तटबंध तक में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क पर तीन जगह पर कोशी नदी की पानी पश्चिम से पूरब की दिशा में सड़क पार कर रही है।

इस वजह से हजारों एकड़ में लगा धान का फसल डूब रहा है ।लोगों को आवाजाही भी प्रभावित हो सकता है।प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में मौजहा गांव के शिव मंदिर के पास तथा दुबियाही गांव के मध्य विद्यालय से सटे उत्तर भाग एवं मध्य विद्यालय से दक्षिण गांव के समीप पर कौशी नदी की पानी सड़क से पार किया जा रहा है।प्रशासन या स्थानीय प्रतिनिधि द्वारा इसको रोकने के लिए प्रयास तत्काल नहीं की जाती है तो तीनों जगह पर सड़क पर बहुत बड़ा गाढ़ा हो सकता है।प्रशासन द्वारा इस पर तत्काल कोई व्यवस्था नहीं करते हैं तो 2 से 3 दिनों के अंदर बहुत बड़ी कटाव के रूप ले सकता है । और नदी का रूप पूर्वी बांध के ओर पहुंच सकता है। जिसे जान माल पर भी खतरा हो सकता है। एवं सरकारी राशि का भी अधिक व्यय करना पर सकता है।इस बाबत स्थानीय ग्रामीण पूर्व मुखिया सुरेंद्र यादव एवं शंकर यादव ,प्रमोद यादव ,सहित अन्य ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि मात्र एक से डेढ़ हजार बोरा में मिट्टी भरकर पानी को तत्काल रोक दिए जाने से कई गांव के लोगों को इससे बहुत बड़ा फायदा हो सकता है । और गांव के अंदर पानी भी जाना बंद हो जाएगा।हलांकि कि ग्रामीण स्तर पर प्रयास भी किया जा रहा है की किसी तरह से रोड को बचाया जाय।

# अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत जिला के एक भी स्टेशन को शामिल नहीं करने पर विरोध





**ब्यूरो/दैनिक शुभ भास्कर ,निर्मली, सुपौल/**जिले में निर्मली नगर के शेखर सदन स्थित कार्यालय में एमएसयू कार्यकर्ताओं की एक बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता एमएसयू के राष्ट्रीय सचिव डॉ.विनीत शेखर ने की। इस दौरान अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत सुपौल जिला के एक भी स्टेशन को शामिल नहीं करने पर विरोध जताया है। बताया की अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत देश के 508 स्टेशनों का पूर्ण विकास कर विश्व स्तरीय बनाया जाने का आह्वान किया गया है। जिसमें समस्तीपुर मंडल के 12 स्टेशनों के री-डेवलपमेंट की योजना तैयार की गई है लेकिन सुपौल जिला का कोई भी रेलवे स्टेशन को इसमें शामिल नहीं करना सोचनीय मुद्दा है। वही मधुबनी के तीन-तीन स्टेशन को इसमें शामिल किया गया है। ऐसा पहली बार नहीं बल्कि कई बार क्षेत्र में सुपौल जिला को नीचा दिखाने का काम किया गया है। जिसका मुख्य जिम्मेदार हमारे द्वारा चुने गए विधायक एवं सांसद है। कार्यकर्ताओं ने बताया कि अगर इस योजना के तहत सुपौल के एक भी स्टेशन को शामिल नहीं किया गया तो एमएसयू द्वारा चरणबद्ध रूप से आंदोलन की जाएगी।

## ख़ास ख़बर

## पुलिस ने चार शराबी को भेजा जेल

**दैनिक शुभ भास्कर/नासरीगंज(रोहतास)** कच्छवा थाना क्षेत्र के अलग-अलग जगहों से शराब के नशे में धुत शोर-शराबा करते हुए स्थानीय पुलिस ने चार पियक्कड़ को गिरफ्तार कर जांच के उपरांत जेल भेज दिया। कच्छवा थानाध्यक्ष मितेश कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के कैथी निवासी गौरव उर्फ लल्लू व बिलु डोम को उक्त गांव से ही शराब के नशे में धुत शोर शराबा करते हुए गिरफ्तार कर लिया गया। वहीं दूसरी ओर पुलिस ने शोर-शराबा करते हुए ओसांव पेट्रोल पंप के समीप से मंगरांव निवासी दीपक उर्फ जयराम पासी व सुनील सोनी को नशे की हालत में गिरफ्तार कर थाना लाया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि चारों पियक्कड़ को मेडिकल जांच कराया गया। मेडिकल रिपोर्ट के अनुसार चारों पियक्कड़ों के शराब पीने की पुष्टि होते हुए उनके विरुद्ध संबंधित मामला दर्ज करते हुए जांच के उपरांत जेल भेज दिया गया।

## नवनियुक्त भाजपा अध्यक्षों से काराकाट विधानसभा की बदलेगी सूरत- डॉ0 मनीष



**बिक्रमगंज (रोहतास)** काराकाट विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नवनियुक्त छह अध्यक्षों के चयन पर काराकाट विधानसभा क्षेत्र के भावी प्रत्याशी भाजपा नेता डॉ0 मनीष रंजन ने उन्हें तहेदिल से बधाई दी है। जिसको लेकर उन्होंने रोहतास जिला भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील कुमार का आभार भी व्यक्त किया। साथ ही साथ डॉ0 मनीष रंजन ने बताया कि काराकाट विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष सुशील कुमार द्वारा पार्टी के मंडल अध्यक्षों की सूची जारी की गई हैं। जिसके तहत जिलाध्यक्ष ने 31 मंडल अध्यक्षों को नई जिमेवारी भी सौंपी है। जहां उन्होंने बीजेपी पार्टी के कार्यक्रमों को मंडल स्तर पर चलाने व पार्टी की मजबूती के लिए उन्हें नई दायित्व भी सौंपा है। जिस संदर्भ में जिलाध्यक्ष ने शनिवार को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि बिक्रमगंज भाजपा नगर अध्यक्ष नागेश्वर कुशवाहा, बिक्रमगंज भाजपा ग्रामीण अध्यक्ष सुनील सिंह, संझौली भाजपा अध्यक्ष सतेंद्र पाठक, काराकाट भाजपा अध्यक्ष ललित मोहन सिंह, गोडारी भाजपा अध्यक्ष अजीत सिंह, गोडारी भाजपा नगर अध्यक्ष विनोद पासवान सहित 6 नये अध्यक्षों का नाम चयन किया गया है। जिसको लेकर काराकाट विधानसभा क्षेत्र के सभी भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई है। दूसरी तरफ सभी चयनित अध्यक्षों को बधाई देते हुए भाजपा युवा नेता डॉ0 मनीष रंजन ने बताया कि नवनियुक्त भाजपा अध्यक्षों की बदौलत आगामी काराकाट विधानसभा चुनाव में जनता के बदौलत बदलाव की सूरत में काराकाट विधानसभा जनहित में विकास कार्य की ऐतिहासिक गाथा लिखेगा।

## रेलवे के सौतेला व्यवहार से जिलावासियों में रोष, डेहरी स्टेशन को नही मिल रहा विकास गति




**दैनिक शुभ भास्कर/डेहरी (रोहतास)** भारतीय रेल के करीब 1300 प्रमुख रेलवे स्टेशन का विकसित किए जाएंगे। इन 1300 में डेहरी ऑन सोन रेलवे स्टेशन भी शामिल है। लेकिन इसमें से आज 508 अमृत भारत स्टेशनों के पुनर्निर्माण का काम शुरू हो रहा है। हालांकि प्रथम चरण में डेहरी ऑन सोन रेलवे स्टेशन का नाम नहीं होने से टीम डेहरीयंस के सदस्यो और स्थानीय लोगों ने नाराजगी जताई है और साथ ही रेलवे द्वारा किए जा रहे सौतेला व्यवहार पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। डेहरी ऑन सोन स्टेशन पर आश्रित लोग अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं द्य बिहार से 40 मे से 39 लोकसभा सीट एंनडीए को दिया द्य डीडीयू और गया के बीच सबसे ज्यादा राजस्व और फुटफॉल वाले डेहरी ऑन सोन स्टेशन को प्रथम लिस्ट मे ना होना दुर्भाग्यपूर्ण हैं द्य डेहरी के लोगों को थोड़ा और इंतजार करना होगा। आज डीडीयू मंडल में चयनित कुल 15 स्टेशनों में 7 स्टेशनों पर शिलान्यास कार्य किया गया है। चन्दन कुमार,आर के सिंह, अमित कुमार,तरुण सिंह, स्वप्निल घोस,उज्जवल कुमार ,प्रांजल मिश्रा, गौतम कुमार कुंडू, संतोष सिंह, सुमित कुमार, विकास कुमार, संजय यादव एवं अन्य सदस्यो ने नाराजगी जताई।

# नगर परिषद सफाईकर्मियों की मनमानी से गंदगी का लगा अंबार, सभापति एवं उपसभापति सहित वार्ड पार्षदों ने किया सफाई



**दैनिक शुभ भास्कर/ नोखा(रोहतास)** नगर परिषद से है, जहां नगर परिषद नोखा के सभापति के साथ वार्ड पार्षद वह नगर कर्मियों ने सफाई अभियान की शुरुआत की है।आपको बता दे की नगर परिषद नोखा के सफाई कर्मियों के द्वारा दैनिक मजदूरी में बढ़ोतरी करने को लेकर एक सप्ताह से सफाई कार्य को पूर्ण रूप से बंद कर दिया गया है। पिछले कार्यकाल में नगर के सफाईकर्मियों को दैनिक मजदूरी के रूप में 352 रुपया नगद व 48 रुपया ईपीएफ के रूप में भुगतान किया जाता था। सफाईकर्मियों की मांग पर विचार करते हुए उनका दैनिक मजदूरी 352 और ईपीएफ 48 रूपए से बढ़ाकर 85 रुपए कर दिया गया है, इसके बावजूद भी सफाईकर्मियों के द्वारा मनमानी किया जा रहा है। हद तो तब हो गयी जब सफाईकर्मियों के द्वारा अध्यक्ष व वार्ड पार्षदो को गाली-गलौज करते हुए जाती-सूचक शब्दो का प्रयोग किया जाने लगा। सफाईकर्मियों के द्वारा इस तरह का हरकत करना अशोभनीय है। इतना ही नही नगर के सफाईकर्मियों के द्वारा तांडव मचाते हुए पूर्व से डस्टविन में पड़े हुए कचड़े व नालियों से सड़ांध मार रही कीचड़ को बाहर फेकना शुरू कर दिया गया। जिससे आनेजाने वालो लोगो को काफी परेशानी होने लगी। कई दिनों से लगातार सफाई का कार्य बंद होने से शहर में जगह जगह कूड़े कचरे का ढेर लग गया है और नालियां बदबूदार सड़ांध मारने लगी जिससे नगर वासियो का जीना मुहाल हो गया है। नगरवासियों की परेशानियों को देखते हुए सभापति व वार्ड पार्षदो के द्वारा निर्णय लेते हुए खुद अपने हाथों में कुदाल व झाड़ू लेकर सफाई करने का कार्य शुरू कर दिया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए नगर सभापति राधेश्याम चौधरी ने बताया कि नगर में एनजीओ के माध्यम से कार्यरत सफाई कर्मियों के द्वारा हद से ज्यादा मनमानी किया जा रहा है। नगर्वसियोंकी परेशानियों को देखते हुए हमारे सभी वार्ड पार्षद सहित नगर कर्मियों ने निर्णय लिया है कि जब तक सफाईकर्मी अपने कार्य पर वापस नही लौटेंगे तब तक हमलोग खुद अपने हाथों में कुदाल व झाड़ू लेकर नगर की सफाई करेंगे। यदि नगर के सफाईकर्मी अपनी गलती को स्वीकार करते हुए अपने काम पर वापस नही लौटते है तो नगर के द्वारा वैसे सभी सफाईकर्मियों को हटाते हुए नए सफाईकर्मियों को उनके जगह पर लगा दिया जाएगा। इस सफाई कार्यक्रम में उपस्थित नोखा नगर के सभापति राधेश्याम चौधरी उपसभापति धनजी सिंह प्रमोद शर्मा सतनारायण प्रसाद संजय सिंह वार्ड पार्षद भीम सिंह राम इकबाल राम संगीता गुप्ता विनय कुमार मनोज कुमार वार्ड प्रतिनिधि कलेक्टर सिंह प्रदीप कुमार आफताब आलम लखन चंद्रवंशी सोनू कुमार सभापति एवं उपसभापति के साथ सभी वार्ड पार्षद सफाई करने के लिए सुबह 6 बजे से 12 तक सफाई का कार्यक्रम किया गया।

## आंगनबाड़ी सेविकाओं के द्वारा किया गया गोदभराई, विश्व स्तनपान दिवस 1 से 8 अगस्त तक मनाया जायेगा



**दैनिक शुभ भास्कर/ बिक्रमगंज(रोहतास)** स्थानीय प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों पर सोमवार को सेविकाओं के द्वारा गर्भवती महिलाओं का गोदभराई का रस्म किया गया।

गोदभराई का रस्म महीने के प्रत्येक 7 तारीख को सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर गर्भवती महिलाओं का किया जाता है। इस योजना के तहत गर्भवती महिलाओं का 3 से 4 महीना तक गोदभराई किया जाता है। इसके साथ ही गर्भावस्था की पूर्ण रूप से देखभाल करते हुए समयानुसार चार जांच एवं संपूर्ण आहार, हरी साग सब्जी, 2 बच्चों में अंतराल जैसी कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई । गर्भवती महिलाओं को समय पर आयरन और कैल्शियम की गोली का पूरा डोज लेने के साथ उससे होने वाले फायदे के बारे में जानकारी दिया गया। इसके साथ ही प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी अगस्त माह को 1 अगस्त से 8 अगस्त तक विश्व स्तनपान दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। विश्व स्तनपान दिवस के तहत विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों पर मौजूद लाभुकों को बच्चे के जन्म के एक घण्टे के अंदर मां का दूध अवश्य पिलाने का सलाह दिया गया। मां का पहला दूध पहला टीका का कार्य करता है तथा पर्याप्त ऊर्जा और पोषक तत्व प्रदान करता है जिससे बीमारी और कुपोषण, कैंसर जैसे खतरनाक बीमारी से भी बचाता है। घर के सभी सदस्यों को माता का सहयोग के साथ घर मे खुशनुमा माहौल बनाए रखना चाहिए। इस संबंध में प्रभारी सीडीपीओ शशि कुमारी ने जानकारी देते हुए बताया कि आईसीडीएस की तरफ से बिभिन्न प्रकार की योजनाएं प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना के अलावे अन्य कई योजनाएं संचालित है। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत प्रथम गर्भवती महिला को दो किस्तों में कुल 5 हजार एवं दूसरी बार गर्भवती होने के उपरांत संतान के रूप में पुत्री होने पर एक मुश्त में कुल 6 हजार रुपए का भुगतान गर्भवती महिला के खाते में किया जाता है।योग्य लाभुकों को अपने नजदीकी आंगनवाड़ी केंद्र की सेविका से संपर्क कर सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ लेना चाहिए। प्रभारी सीडीपीओ शशी कुमारी के द्वारा प्रखंड क्षेत्र के आंगनबाड़ी केंद्र संख्या इशरपुरा 60 एवं 152, आंगनबाड़ी केंद्र संख्या रौनी कोड संख्या 59, आंगनबाड़ी केंद्र संख्या खैराभुन्दर मुसहर टोला कोड संख्या 132 का गोदभराई के दौरान निरीक्षण भी किया गया, जहां आंगनबाड़ी केंद्रों का स्थिति संतोषजनक पाया गया। मौके पर महिला पर्यवेक्षिका कुसुम कुमारी के अलावे सभी आंगनवाड़ी केंद्रों की सेविकाएं मौजूद थी।

## मिड डे मिल में बच्चों की थाली से गायब हुआ फल और चोखा, वीडियो वरयाल, सरकारी स्कूल में मध्यान भोजन के नाम पर हो रहें रूपये गबन



**दैनिक शुभ भास्कर तिलौथू (रोहतास)**एक ओर जहां रोजाना के के पाठक शिक्षा विभाग के अपर सचिव शिक्षकों पर नकेल कस रहे हैं वही तिलौथू प्रखंड के प्राथमिक विद्याल शिवपुर में बच्चों की थाली से चोखा और फल गायब हो रहा है। जानकारी के मुताबिक पहाड़ी क्षेत्र में बसे शिवपुर प्राथमिक विद्यालय में बच्चों को पिछले कई हफ्तों से फल,केला नहीं दिया जा रहा है मीनू के अनुसार शुक्रवार को अंडा ,फल देने का प्रावधान है लेकिन कोई भी फल बच्चों को नहीं दिया जा रहा है वही शनिवार को खिचड़ी चोखा मिलना चाहिए जबकि बच्चों को केवल खिचड़ी मिल रही है और उसके जगह उन्हें धोखा मिल रहा है। इसको लेकर पिछले कुछ दिनों से सोशल मीडिया में है मिड डे मील का एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें बच्चे बेबाकी से अपनी बात रख रहे हैं वायरल वीडियो के अनुसार अभिभावकों ने भी विद्यालय की शिक्षा व्यवस्था के साथ हैं मिड डे मील प्रबंधन को लेकर के सवाल खड़े किए हैं । जानकारी के अनुसार स्थानीय अभिभावक बताते हैं की सब्जियों को लेकर के भी है बच्चों ने कहा कि खाना अच्छा नहीं मिलता है वही आसपास मौजूद जो अभिभावक थे उन्होंने साफ तौर पर कहा कि स्कूल की हालत खस्ता है यहां पर बच्चों को कोई सुविधाएं नहीं मिल रही है खाना के नाम पर केवल खानापूर्ति की जाती है। इस मामले में प्रभारी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी विकाश कुमार ने कहा कि इस बात की जांच कराई जाएगी और गलत पाए जाने पर कार्रवाई होगी वहीं प्रधानाध्यापिका संगीत कुमारी ने कहा कि बच्चे और गरजीवन दोनों झूठ बोल रहे हैं पूरी खबर आप जब देखेंगे तो देखेंगे बच्चे किस तरह से अपनी बात बेबाकी से रख रहे हैं वही जो खाना परोसा जा रहा है उसमें शनिवार को खिचड़ी चोखा की बजाय केवल खिचड़ी बाटी जा रही है।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने खुशी मानते हुए राहुल गांधी को दी बधाई



**कोचस (रोहतास)** न्यायालय के निर्देश पर राहुल गांधी का लोकसभा सदस्यता बहाल होने पर कोचस प्रखंड कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं ने मिठाई खिलाकर खुशियां अफजाहिर की।युवा कांग्रेस नेता शह पूर्व जिला पार्षद मुन्ना पासवान ने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय के द्वारा राहुल गांधी का लोकसभा सदस्य का बहाल होने पर कोचस प्रखंड के कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल छाया है।उन्होंने यह भी कहा कि राहुल गांधी की सदस्यता बहाल होने से पार्टी के कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार हुआ है। कार्यकर्ताओं को पूरा भरोसा था कि शीर्ष अदालत से राहुल गांधी को राहत जरूर मिलेगी,कोर्ट ने सही समय पर सही फैसला दिया है।इससे करोड़ों देशवासियों का न्यायपालिका पर भरोसा हुआ है।मौके पर कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष विमलेश तिवारी, पूर्व पैक्स अध्यक्ष सुरेंद्र दुबे, पूर्व पार्षद मुन्ना पासवान, रविंद्र पाठक, गोकुल चौहान, अखिलेश त्रिपाठी, सतीश पांडे, उदयनारायण उपाध्याय, वसीम अहमद, विजय मिश्रा, ओसीयर सिंह सहित अन्य कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

## नहर में डूबे व्यक्ति का शव तीन दिनों बाद हुआ बरामद, परिजनों में पसरा मातम



**नोखा (रोहतास)** थाना क्षेत्र के नगर परिषद के सलेमपुर गांव के पास गौरीशंकर टोला गांव निवासी छोटु चौधरी का शव बरामद किया गया। मौके पर पुलिस को सूचना मिलने के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर के पोस्टमार्टम के लिए सासाराम भेज दिया है। घटना के बारे में बताया जा रहा है कि शुक्रवार की रात्रि में चौसा नहर लाइन पर गौरीशंकर टोला गांव के पास नहर पर छोटु चौधरी पानी में गिर गए जिनकी खोजबीन शनिवार, रविवार को ग्रामीण करते रहे। लेकिन शव नहीं मिला। सोमवार की दोपहर में सलेमपुर गांव के पास एक शव मिला। जिसकी पहचान गौरीशंकर टोला गांव निवासी छोटु चौधरी के रूप में की गई। घटना की सूचना मिलने पर स्थानीय सीओ सुमन कुमार ,थानाध्यक्ष उमेश कुमार घटनास्थल पर पहुंचकर के शव को कब्जे में ले लिया और पोस्टमार्टम के लिए सासाराम भेज दिया । थानाध्यक्ष उमेश कुमार ने इसकी पुष्टि की।वही गांव में सूचना के बाद गांव कोहराम मच गया। प्रखंड प्रमुख धनंजय चौधरी, पूर्व प्रमुख ललित चौधरी,अयोध्या यादव भाजपा नेता रमेश चौहान सहित कई ग्रामीणों ने अंचलाधिकारी से मुआवजे की मांग की है।

## 30 सितम्बर तक सभी लाभुकों का आधार सीडिंग जरूरी- एसडीएम

**नोखा (रोहतास)** प्रखंड मुख्यालय स्थित वीडियो कक्ष में एसडीएम ने बैठक की। इस मौके पर नोखा प्रखंड के सभी जन वितरण प्रणाली के दुकानदार उपस्थित रहे। जहां पर की उन्होंने दुकानदारों से कहा कि 30 सितंबर तक हर हाल में शत-प्रतिशत आधार सीडिंग कर लिया जाए। नहीं तो नहीं तो आधार सीडिंग नहीं कराने वाले लोगों को राशन नहीं मिलेगा। साथ ही उन्होंने सभी दुकानदारों को निर्देश दिया कि वितरण में कहीं गड़बड़ी नहीं आनी चाहिए । जो वितरण हो रहा है इसे जल्द से जल्द पूरा किया जाए। शिकायत आने पर कड़ी कार्रवाई का निर्देश दिया। वही सरकार द्वारा दिए गए सारे निर्देश का पालन करने के लिए कहा गया ।इस मौके पर सीओ सुमन कुमार, वीडियो मनोरमा कुमारी, संजीव कुमार ,अनिल कुमार ,जाकिर हुसैन, रामजी पासवान ,सुरेंद्र पासवान, हारून रशीद, जगदीश चौधरी, दीनानाथ राय, सुमंत कुमार सहित सभी दुकानदार उपस्थित रहे।

## पुलिस ने चार शराबी को भेजा जेल

**नासरीगंज(रोहतास)** कच्छवा थाना क्षेत्र के अलग-अलग जगहों से शराब के नशे में धुत शोर-शराबा करते हुए स्थानीय पुलिस ने चार पियक्कड़ को गिरफ्तार कर जांच के उपरांत जेल भेज दिया। कच्छवा थानाध्यक्ष मितेश कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के कैथी निवासी गौरव उर्फ लल्लू व बिलु डोम को उक्त गांव से ही शराब के नशे में धुत शोर शराबा करते हुए गिरफ्तार कर लिया गया। वहीं दूसरी ओर पुलिस ने शोर-शराबा करते हुए ओसांव पेट्रोल पंप के समीप से मंगरांव निवासी दीपक उर्फ जयराम पासी व सुनील सोनी को नशे की हालत में गिरफ्तार कर थाना लाया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि चारों पियक्कड़ को मेडिकल जांच कराया गया। मेडिकल रिपोर्ट के अनुसार चारों पियक्कड़ों के शराब पीने की पुष्टि होते हुए उनके विरुद्ध संबंधित मामला दर्ज करते हुए जांच के उपरांत जेल भेज दिया गया।

**रोष जताया** प्रखण्ड के सभी चौकीदार व दफादार काला बिल्ला लगाकर बिगत 1 अगस्त से 6 अगस्त तक अपना कार्य किये।

# चौकीदारों व दफ़ादारों ने काला बिल्ला लगा लिया कार्य, सेवानिवृति आश्रितों को नौकरी बहाली न होने पर रोष जताया




**नासरीगंज(रोहतास)** प्रखण्ड के प्रत्येक गांव में बिहार पुलिस के चौकीदार व दफादार की सरकार द्वारा नियुक्ति की गई है। लेकिन उन्हें स्वैच्छिक सेवा निवृति 2014 को उच्च न्यायालय पटना के द्वारा निरस्त कर दिया गया है। जिसको लेकर प्रखण्ड के सभी चौकीदार व दफादार काला बिल्ला लगाकर बिगत 1 अगस्त से 6 अगस्त तक अपना कार्य किये। उन सभी की मांगें है कि राज्य सरकार विधानसभा में अध्यादेश लाकर पुनः स्वच्छिक सेवा निवृति के आश्रितों को बहाली शुरू किया जाए। जब तक राज्य सरकार अध्यादेश पास नही करती है। तब तक चौकीदार व दफादार विरोध जताएंगे। सभी चौकीदार व दफादार बिगत 1अगस्त से 6 अगस्त तक काला बिल्ला लगाकर विरोध जता रहे हैं। दफादार मनोज श्रीवास्तव ने कहा कि स्वेच्छा सेवा निवृति को उच्च न्यायालय ने 25 फरवरी 2023 को रोक लगा दिया है। इसे पुनः अध्यादेश लाकर बहाल किया जाए, सभी जिला पदाधिकारी 25 फरवरी 2023 के पूर्व जो भी दफादार व चौकीदार स्वेच्छा सेवा निवृति के लिए आवेदन दिए हैं उन्हें बहाल किया जाए, क्योंकि वेतन भी बन्द हो गया है और पेंशन भी अभी चालू नही है। बिहार पुलिस के तरह चौकीदार को वर्दी के लिए दस हजार रुपया मिले जबकि पांच हजार रुपया ही मिलता है।

बिहार पुलिस के तरह चौकीदार को भी 13 महीने का वेतन मिले, जबकि 12 महीने का ही वेतन मिलता है। क्योंकि चौकीदार भी बिहार पुलिस की तरह की ड्यूटी करते हैं। जिला पदाधिकारी के कार्यालय में एसीपी एवं एमएसीपी के लाभ के लिए लगभग एक वर्ष से दफादार और चौकीदार का सर्विस बुक पहुंचा है। इसे किया जाए। जो भी चौकीदार या दफादार इंटर में उतीर्ण हैं या ग्रेजुएट हैं, उन सभी चौकीदार को समूह (घ) से समूह (ग) निम्न लिपिक में प्रन्नोति किया जाए। जो भी चौकीदार का 10 या 12 वर्ष सेवा हो गया है। एसीपी या एमएसीपी का लाभ मिला है। साथ ही मैट्रिक उतीर्ण हैं। वैसे चौकीदार एवं दफादार को वरीय दफादार या चौकीदार में प्रन्नोति किया जाए। उन सभी ने पुलिस अधीक्षक से आग्रह किया है कि सभी चौकीदार और दफादार के हर माह का वेतन माह के प्रथम सप्ताह में भुगतान किया जाए। इस मौके पर दफादार महेन्द्र सिंह, चौकीदार कुमार चंदन सिंह, प्रमोद कुमार सिंह, कुंदन कुमार, सुनील कुमार, बसन्त पासवान, कृष्ण कुमार सिंह, वकील राम, पुनीत राम, लालबाबु पासवान, राम बहादुर पासवान, धर्मदेव यादव, रामजी राम व मुन्ना राम आदि शामिल हैं।

## सावन माह किसानों के लिए उगल रहा अमृत वर्षा, किसानों के परिश्रम पर पुनः मेहरबान हुआ मौसम



**दैनिक शुभ भास्कर/ संझौली(रोहतास)** इस साल किसान कड़ाके की धूप उमस व अल्प बारिश को लेकर किसान खासा परेशान थे। किसानों में निराशा उबल रही थी कि वर्तमान साल बारिश के अभाव में हम लोगों के लिए अभिशाप साबित होगा। नाही समय से धान की रोपनी हो पाएगी न सब्जी की खेती कर पाएंगे। चारों तरफ बारिश के लिए हाहाकार मचा हुआ था। किसान किसी तरह डीजल पंप सेट, विद्युत संचालित मोटर के सहारे आहार, पोखर व नहर से पानी लेकर धान की बिचड़े डाल रहे थे व बचा रहे थे। उक्त समय में ही बिजली की आंख मिचौली भी चल रही थी, किसान कभी आकाश की ओर देखते तो कभी अपने खेतों को निहारते थे। लेकिन दूसरे सावन का महीना कहां जाए या एक अगस्त बारिश लेकर आया और किसानों के चेहरे पर मुस्कान बिखेर दिया। बारिश होते ही किसानों के चेहरे खिल उठे, युद्ध स्तर पर किसान धान की रोपनी व सब्जी की खेती में जुट गए। एक अगस्त से हो रही रिमझिम, मध्यम व भारी बारिश किसानों के लिए अमृत साबित हो रही है। किसान सत्यनारायण सिंह, विकास कुमार, इंद्रासन सिंह, गया सिंह, अलख सिंह, रामजी सिंह आलोक कुमार सहित कई किसानों ने बताया कि भगवान इंद्र किसानों पर अपनी दया दृष्टि दिखाएं और किसान गदगद हो गए। हर खेत को पानी मिल गया, खेत ऊंचा हो या नीचे हर खेत में धान की रोपनी करनी आसान हो गई।

## ख़ास ख़बर

## नगर पंचायत रामगढ़ में भ्रष्टाचार का खुलने लगा पोल अधिकारी और जनप्रतिनिधि कुछ भी बताने से कर रहे हैं परहेज




**रामगढ़ कैमुर/शुभ भास्कर/**रामगढ़ नगर पंचायत घोषित पूरे एक साल हुआ उससे पहले रामगढ़ पंचायत था जिसमें पूर्व मुखिया के द्वारा सरकार भवन बनाया गया था जिसमें शौचालय शुद्ध पेयजल के लिए समरसेबल बोरिंग का कार्य कराया गया था जो बंद था नगर पालिका के बैठक में नगर पंचायत रामगढ़ में शौचालय और पानी की समुचित व्यवस्था के लिए प्रस्ताव पारित किया गया था लेकिन पुराने टंकी और पुराने समरसेबल को मरम्मत कराकर राशि की निकासी की बात तो वार्ड पार्षदों द्वारा की जा रही है वहीं वार्ड पार्षद 3 4 और 5 के वार्ड पार्षद नगर पंचायत रामगढ़ में जांच करने की बात कही वहीं पर वार्ड पार्षद नगर पंचायत पदाधिकारी रामगढ़ को आवेदन देकर जांच की मांग कहीं वहीं 3 के वार्ड पार्षद संगीता गुप्ता ने कहा कि हम लोग जागरुक परिषद हैं हम लोग सतत कमेटी के सदस्य भी हैं रामगढ़ नगर पंचायत की जनता को कोई भी जनप्रतिनिधि और कोई भी अधिकारियों के द्वारा ठगने नहीं देंगे यदि जरूरत पड़े तो डीएम मुख्यमंत्री और पंचायती राज मंत्री से भी हम लोग मुलाकात करेंगे इस घोटाले का बड़े स्तर पर जांच हो और इसमें सम्मिलित सभी प्रतिनिधि और अधिकारी पर कठोर कार्रवाई हो उन्होंने कहा कि अभी कई राज भी हम खोलेंगे

## कुंज गांव के पास अनियंत्रित बाइक से गिरकर एक युवक घायल, इलाज के बाद किया गया रेफर



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता/ भभुआ/**भभुआं (कैमूर) कुंज गांव के पास अनियंत्रित बाइक से गिरकर एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के मुताबिक भभुआ थाना क्षेत्र की कुंज गांव निवासी अवधेश राम के 22 वर्षीय पुत्र विकास कुमार बताया जाता है। सदर अस्पताल पहुंचे परिजनों ने बताया कि अपने घर से भभुआ के तरफ आ रहा था तभी कुंज गांव के पास अनियंत्रित बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया है। वहीं सदर अस्पताल में चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सेंटर रेफर कर दिया गया है।

## टोड़ी गांव में घर के अंदर फर्श पर सोया हुआ व्यक्ति को जहरीला सांप के काटने से हुआ अचेत, अस्पताल में भर्ती




**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता/(कैमूर) भभुआं/**टोड़ी गांव में घर के अंदर फर्श पर सोया हुआ व्यक्ति को जहरीला सांप के काटने से गंभीर रूप से अचित हो गया। जानकारी के मुताबिक भगवानपुर थाना क्षेत्र के टोड़ी गांव निवासी स्वर्गीय श्यामरती राम के 45 वर्षीय पुत्र इसराज राम बताया जाता है। उसके परिजनों ने बताया कि घर के अंदर फर्श पर सोया हुआ था। तभी एक जहरीला सांप नया उसके हाथ में काट लिया उसके बाद जब अचेत होने लगा तो झाड़-फूंक के लिए परिजनों ने बखार बांध ले गया वहां भी जब हालत और बिगड़ने लगा तो इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया है जहां चिकित्सक द्वारा भर्ती कर इलाज किया जा रहा है।

# आदर्श गांव बड़ौरा का पुल के अभाव में सैकड़ों एकड़ खेत बे उपजाऊ



**रामगढ़ कैमुर/शुभ भास्कर/** रामगढ़ प्रखंड में स्थित आदर्श ग्राम बड़ौरा को स्थानीय सांसद अश्विनी कुमार चौबे के द्वारा गोद लिया गया था उसी वक्त ग्रामीण जनता ने संसद से दुर्गावती नदी पर पुल की प्रस्ताव रखा था। लेकिन करीब 10 साल बीत जाने के बाद भी अभी पुल का शिलान्यास भी नहीं हुआ वही बड़ारौ गांव के किसान विनोद यादव और भी किसानों ने जानकारी देते हुए बताया कि करीब 100 एकड़ से अधिक भूमि पुल और रास्ता के अभाव में बंजर है। वहीं पर उन्होंने बताया कि स्थानीय विधायक सुधाकर सिंह के पहल पर पुल का शिलान्यास करने की उम्मीद जगी है । यदि पुल बन जाता है तो गांव के सैकड़ों एकड़ भूमि बंजर नहीं रहेंगे वहीं नुआव प्रखंड स्थित तरैथा गांव के मुखिया प्रतिनिधि राजेश चौरसिया ने जानकारी देते हुए बताया कि यह बात सही है कि आदर्श ग्राम बड़ौरा के 100 एकड़ से अधिक भूमि आज भी दुर्गावती नदी पूरब बंजर पड़ा हुआ है यदि नदी पर पुल बन जाता है तो दो प्रखंडों की सीमा एक होगी ,इसके लिए मै कैमूर डीएम सावन कुमार से मुलाकात भी करूंगा हमसब किसान भाई लोग को पूरा उम्मीद है कि हमारे कैमूर डीएम इस बात को गंभीरता से लेंगे उन्होंने कहा कि मैं अपने पंचायत इलाकों में रोड का निर्माण कराने का कार्य करूंगा स्थानीय संसद और स्थानीय विधायक को इस बात पर ध्यान देना चाहिए की बंजर पड़े सैकड़ों एकड़ भूमि से किसान लाभ ले सके। वहीं पर मुखिया प्रतिनिधि चौरसिया ने कहा कि कुछ दिन पहले संसद के द्वारा ही पेपर में सुनने और पढ़ने को मिला था कि दुर्गावती नदी पर बडौरा के लिए पुल का निर्माण किया जाएगा उन्होंने कड़ी रुख में अपनी बातो को रखते हुए कहा कि पेपर में घोषणा करने वाले मीडिया के सामने बड़ी-बड़ी बात करने वाले सांसद और विधायक मुझे पसंद नहीं है, मुझे जमीनी स्तर पर कार्य करने वाले विधायक और सांसद चाहिए यदि पुल बन जाता है तो रामगढ़ और नुआंव दोनों प्रखंड के लोगों के लिए सुखर पल साबित होगा । बक्सर संसद के द्वारा घोषणा किया गया लेकिन बात केवल ऊपर हवा हवाई रह गया कागज मे आने रह गया । काम जमीनी स्तर पर नहीं देखने को मिला अब स्थानीय विधायक से उम्मीद है कि शायद पुल का निर्माण शीघ्र किया जाएगा हम लोग ऐसे कर्मठ विधायक को दिल से धन्यवाद देते हैं जो किसानों की एक-एक समस्याओं को जमीनी स्तर से खत्म करने का पहल कर रहे हैं यदि पुल बने तो मेरा पूरा सहयोग रहेगा पुल बनाने से कैमूर के विकास में और तेजी आएगी और धान का कटोरा के रूप में और विख्यात होगा

## दिलदारनगर उत्तर प्रदेश से भभुआ रोड मोहनिया के बीच नया रेल लाइन बिछाने के लिए रामगढ़ विधायक ने लिखा पत्र


सुधाकर सिंह
सदस्य
बिहार विधान सभा,
203 रामगढ़

आवास
ग्राम व पोस्ट - सहुका, थाना- रा[illegible]
जिला - कैमूर
मो0. 9431076005
Email : svipltd.ss@gmail.com
@sudhakarsinghrjd, @_Sudhaker_[illegible]

[illegible] PAT-237 दिनांक 07/08

सेवा में,
माननीय मंत्री,
रेल मंत्रालय, नई दिल्ली।

विषय:- दिलदारनगर(उत्तर प्रदेश) से भभुआ रोड(मोहनियां) के बीच नया रेल लाइन बिछाने के संबंध में,

महाशय,
उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि मुगलसराय(पं0 दीन दयाल उपाध्याय) मण्डल अंतर्गत दिलदार नगर से भभुआ रोड के बीच रेलवे का विस्तार नहीं हैं जिस वजह से मेरे विधानसभा रामगढ़ के लोगों को यात्रा करने के लिए भभुआ या दिलदारनगर जाना पड़ता हैं। यदि दिलदार नगर से भभुआ रोड के बीच रेलवे लाइन बिछा दिया जाए तो यात्रियों को काफी सहूलियत होगी। यही नहीं दिलदार नगर से भभुआ रोड के बीच रेलवे लाइन हो जाने से उत्तर प्रदेश और बिहार के बीच रेलवे मार्ग हो जाएगा साथ ही आर्थिक और सामाजिक समरसता और बढ़ेगी।
आपको बताते चले कि कैमूर जिला अंतर्गत रामगढ़ नगर पंचायत होने के साथ ही आर्थिक रूप से सम्पन्न इलाका है यदि रामगढ़ को रेलवे की मुख्यधारा से जोड़ दिया जाए तो ग्रामीणों को आर्थिक, स्वास्थ्य एवं विकास की दृष्टि से काफी उपयोगी साबित होगा।
अतः माननीय मंत्री जी से आग्रह है कि मेरे विधानसभा को मुख्यधारा से जोड़ने हेतु दिलदारनगर(उत्तर प्रदेश) से भभुआ रोड(मोहनियां) के बीच नया रेल लाइन बिछाने का कार्य करें।
सादर !

भवदीय
[illegible]
(सुधाकर सिंह)

**रामगढ़ कैमुर/शुभ भास्कर/** रामगढ़ विधायक सुधाकर सिंह के द्वारा एक पत्र रेल मंत्रालय को लिखा गया है। जिसमें उनके द्वारा इस बात का जिक्र किया गया है कि मुगलसराय वर्तमान में पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल के अंतर्गत दिलदारनगर से भभुआ रोड के बीच रेलवे लाइन का विस्तार नहीं है ,इसके वजह से रामगढ़ विधानसभा के लोगों को यात्रा करने के लिए भभुआ रोड या दिलदारनगर जाना पड़ता है यदि दिलदारनगर से भभुआ रोड के बीच रेलवे लाइन बिछा दिया जाए तो यात्रियों को बहुत काफी सहूलियत होगी । यही नहीं दिलदारनगर से भभुआ रोड के बीच रेलवे लाइन हो जाने से उत्तर प्रदेश और बिहार के बीच रेलवे मार्ग का भी मिलान हो जाएगा साथ ही आर्थिक और सामाजिक और स्वच्छता भी बढ़ेगी। बताते चलें कि कैमूर जिला के अंतर्गत रामगढ़ नगर पंचायत होने के साथ ही आर्थिक रूप से संपन्न इलाका है यदि रामगढ़ को रेलवे की मुख्यधारा से जोड़ दिया जाए तो ग्रामीणों को आर्थिक स्वास्थ्य एवं विकास की दृष्टि से काफी उपयोगी साबित होगा उन्होंने माननीय रेल मंत्री से आग्रह किया कि मेरे विधानसभा को मुख्यधारा से जोड़ने हेतु दिलदारनगर उत्तर प्रदेश से भभुआ रोड मोहनिया बिहार के बीच नया रेल लाइन बिछाने का कार्य करें रामगढ़ की शहरी एवम ग्रामीण जनता ने सुधाकर सिंह के इस प्रयास को बहुत ही सराहनीय कदम बताया है । लोगों के द्वारा यह चर्चा किया जा रहा है कि यदि क्षेत्र में रेलवे लाइन का परिचालन शुरू हो जाता है तो दिलदारनगर और मोहनिया के बीच इससे चार से पांच बड़े बड़े गांव भी लाभ के दायरे में आएंगे, एवं क्षेत्र की उन्नति भी होगी । रेल लाइन बिछाने की बात इसके पूर्व भी बक्सर क्षेत्र के सांसद जगदानंद सिंह के द्वारा कहा गया था और इस बात की मंजूरी मिलते मिलते रह गई थी । बीच-बीच में भी दिलदारनगर से भभुआ रोड और भभुआ रोड से बिहार की परम पावन धरती मां मुंडेश्वरी का अति प्राचीन मंदिर भी है इसको भी रेलवे लाइन से जुड़ने की बात सामने आते रहती है अब देखना यह है कि रामगढ़ के विधायक सुधाकर सिंह का पहल कितना रंग लाएगी।

## पंचायत समिति सदस्य मंगलवार से करेगे भूख हड़ताल



**दुर्गावती कैमुर/शुभ भास्कर/** जिस मंसूबे के साथ सरकार ने जिले का बटवारा कर शाहाबाद आरा को चार भागों में बाटा ताकि जनता के काम प्राथमिकता के आधार पर किया जाय उस राजनेताओं के सोच पर आज अधिकारी खरा नहीं उतर पा रहे हैं।

दुर्गावती प्रखंड में 60 घंटों से पंचायत समिति सदस्य दुर्गावती में 13सूत्रीय मांग को लेकर धरने पर बैठे हैं लेकिन जिले के पदाधिकारी 25 किलो मीटर दूरी पर ही होने के बावजूद उन धरने पर बैठे पंचायत समिति सदस्यों से मिलने का समय नहीं निकाल पा रहे हैं। प्रखंड के पंचायती राज पदाधिकारी अमितेश कुमार ने धरना स्थल पर पहुंचकर बैठे पंचायत समिति सदस्यों की मांग पत्र तो ले ली लेकिन जांच का कोई आश्वासन नहीं दिया जिस पर पंचायत समिति सदस्य कोई आश्वासन नहीं मिलने से संतुष्ट नहीं हो सके। धरने पर बैठे समिति के अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह ने बताया कि पंचायत समिति सदस्य जो धरने पर बैठे हैं उन्हें जांच का आश्वासन नहीं मिला है इसलिए मंगलवार से भूख हड़ताल की जाएगी। भ्रष्टाचार की दलदल में फंसे पदाधिकारी और प्रतिनिधि सही मायने में यदि किसी जांच एजेंसी से जांच कराई जाए तो बच नहीं पाएंगे। जब पंचायत समिति सदस्य जांच की मांग कर रहे हैं तो वैसे योजनाओं में यदि कहीं दाल में काला नहीं हो तो मांग पत्र को मान लेने में और जांच करा लेने में क्या दिक्कत है। क्या भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाना अधिकार के दायरे में नहीं आता और यदि आता है तो इस जांच में आनाकानी करना क्या भ्रष्टाचार दो बढ़ावा देना नहीं माना जाना चाहिए।

## सीवों गांव में मारपीट में घायल व्यक्ति का सदर अस्पताल से रेफर के बाद घर पर ही व्यक्ति का हुआ मौत





**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता/ भभुआ कैमुर/** (कैमूर) भभुआं बीते शुक्रवार की रात्रि में सीवों गांव में एक व्यक्ति को मारपीट कर नहर के किनारे घायल अवस्था फेंक दिया गया था। जानकारी के मुताबिक बताया गया कि भभुआ थाना क्षेत्र के सीवों गांव निवासी रामराज राम के 35 वर्षीय पुत्र बबलू राम बताया जाता है। घायल व्यक्ति की बहन इंदु देवी ने बताई की जमीनी विवाद को लेकर दूसरे पक्ष से झगड़ा चल रहा था जहां रात को घर के बाहर सोए हुए थे तभी बिहारी राम के परिवार द्वारा लाठी डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया गया था। जिसके बाद सदर अस्पताल में इलाज किया गया वहीं चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया था लेकिन परिजनों ने गरीबी के कारण उसको अपने घर लेकर आया जहां आज उसकी मौत हो गई है। वही सुचना पर पहुंची उसके गांव पुलिस ने सारी घटना का जानकारी लिया है। वही शव का पंचनामा करने के बाद पुलिस ने सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम कराने के लिए लाया है। जिसका पोस्टमार्टम कराया गया है। वही इस मामले को लेकर पुलिस सदर थाना में प्राथमिक दर्ज कर लिया है। जिसके बाद मामले की जांच में जुटी हुई है।

## ह॥ 2 19 एवं 319 में आयोजित कैम्प में अंचलाधिकारी एवं अधियाची विभाग को अपेक्षित सहयोग करने का निर्देश





**भभुआ कैमुर/शुभ भास्कर/**07/08/2023 को जिला पदाधिकारी कैमूर सावन कुमार के द्वारा समाहरणालय सभाकक्ष में भू अर्जन एन0एच0एन0एच0ए0आई0 से संबंधित समीक्षा बैठक की गई और निम्नवत दिशा निर्देश दिया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा NH 219 एवं 319 में आयोजित कैम्प में अंचलाधिकारी एवं अधियाची विभाग को अपेक्षित सहयोग करने का निर्देश दिया गया। जिला पदाधिकारी महोदय द्वारा खातीयानी भूमि होने के कारण रैयतो को मुआवज़ा भुगतान में कठिनाई होती है ऐसी स्थिति में भू अर्जन के अंतर्गत अर्जनाधीन भूमि का जमाबंदी बटवारा करने का निर्देश अंचलाधिकारी को दिया गया। जिला पदाधिकारी महोदय द्वारा भूमि सुधार उप समाहर्ता को फ़ॉर्म 11 तैयार कर मुआवज़ा भुगतान की दिशा में अग्रतर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। बैठक में जिला भू अर्जन पदाधिकारी/भूमि सुधार उप समाहर्ता भभुआ/मोहनिया सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

**निर्देश** थाना में दर्ज है पर विशेष ध्यान देते हुए सासमय आवश्यक करवाई करना सुनिश्चित करेंगे

## अनुसूचित जनजाति के परिवार जो भूमिहीन हैं उनके सर्वे कराने तथा उन्हें भूमि उपलब्ध कराए जाने हेतु आवश्यक करवाई करने हेतु निर्देश





**भभुआ कैमुर/शुभ भास्कर/** शम्भू कुमार सुमन अध्यक्ष राज्य अनुसूचित जनजाती आयोग बिहार, पटना की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक आहूत की गई और निम्नवत दिशा-निर्देश दिया गया।

सर्वप्रथम जिला पदाधिकारी द्वारा अध्यक्षमहोदय का स्वागत किया गया। उसके उपरांत जिला पदाधिकारी द्वारा विभागवार संबंधित पदाधिकारियों से अपने-अपने विभाग अंतर्गत क्रियान्वित योजनाओं के संबंध में अध्यक्ष को अवगत कराने हेतु निर्देशित किया गया। बारी बारी से सभी पदाधिकारियों द्वारा अपने-अपने विभाग द्वारा संचालित योजनाओं से माननीय अध्यक्ष को अवगत कराया गया। अध्यक्ष द्वारा जिला कल्याण पदाधिकारी कैमूर को वैसे अनुसूचित जनजाति के परिवार जो भूमिहीन हैं उनके सर्वे कराने तथा उन्हें भूमि उपलब्ध कराए जाने हेतु आवश्यक करवाई करने हेतु निर्देश दिया गया। अध्यक्ष महोदय द्वारा अधौरा में अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या अधिक होने के कारण उस प्रखंड में सरकारी योजनाओं का लाभ देने हेतु सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया पुलिस विभाग को निर्देशित किया गया कि अनुसूचित जनजाति के मामले जो थाना में दर्ज है पर विशेष ध्यान देते हुए सासमय आवश्यक करवाई करना सुनिश्चित करेंगे सभी बैंकों के प्रबंधक के साथ बैठक कर विभिन्न सरकारी योजना के तहत अनुसूचित जनजाति के लाभुकों को लोन से संबंधित पेंडिंग आवेदनों को शीघ्र निष्पादन करने हेतु निर्देश दिया गया

## प्याऊ निर्माण कार्य में अनियमितता से समाज सेवक व नगर पंचायत वासी असंतुष्ट






**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता कैमूर/**कैमूर- जिला के नगर पंचायत कुदरा वार्ड नंबर दो लालापुर में प्याऊ निर्माण कार्य में अनियमितता से, समाज सेवक व नगर पंचायत वासी असंतुष्ट। आपको बताते चलें कि कुदरा नगर पंचायत विकास कार्यकारिणी के द्वारा नगर पंचायत में नगर पंचायत वासियों की पानी की समस्याओं को देखते हुए, नगर पंचायत में कुल चार जगहों पर प्याऊ निर्माण कार्य के हेतु, सहमति बनाते हुए कार्य योजना के अंतर्गत, नगर पंचायत के वर्ग 2 लालापुर में प्याऊ निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया है।

जहां निर्माण कार्य देखने के बाद भाजपा के प्रखंड अध्यक्ष प्रमोद कुमार सिंह के साथ ही नगर पंचायत वासियों द्वारा हो रहे कार्य के प्रति असंतुष्ट होने का विचार प्रकट किया गया। उनके द्वारा कहा गया कि जिस कार्य में ईंट तीन नंबर से चार नंबर का और जोड़ने की सामग्री देखा जाए तो सिर्फ बालू ही बालू नजर आ रहा है। पिलर में जो रिंग बनाया गया है 12 इंच की दूरी पर है। यह कार्य कितना दिन तक टिकाऊ होगा। संदर्भ में दूरभाष के माध्यम से नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार पाल से जब वार्तालाप किया गया, तो उनके द्वारा कहा गया, कि मामला हमारे भी संज्ञान में आ चुका है।

और हमारे द्वारा कार्य रोक नियमानुसार बनाने हेतु जेई से बात किया गया है। उक्त समय बीजेपी के युवा मोर्चा अध्यक्ष विशाल गुप्ता, लक्ष्मण सेठ, राजेश साह, बृजमोहन सेठ, महेंद्र शाह, अनिल केसरी, विजय तिवारी, संतोष यादव इत्यादि उपस्थित रहे। से आ रहा है खबर कुदरा नगर पंचायत वार्ड संख्या 2 लालापुर में कार्य प्रारंभ है जिसमें पूरी तरह ईंट तीन नंबर से लेकर 4 नंबर तक लगाया जा रहा है और मसाला का देखा जाए तो केवल बालू ही दिखाई दे रहा है पिलर में जो रिंग बना जा रहा है उसका भी दूरी 12 इंची का दिखाया जा रहा है उपस्थित लोग लक्ष्मण सेठ राजेश साह बृजमोहन सेठ महेंद्र साह अनिल केसरी विजय तिवारी संतोष यादव बीजेपी के युवा मोर्चा अध्यक्ष विशाल गुप्ता भाजपा प्रखंड अध्यक्ष प्रमोद सिंह

## ख़ास ख़बर

### कच्चा मकान गिरने से तीन लोग घायल



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो/गाजीपुर।** सैदपुर थाना क्षेत्र के पहला टोला ग्राम सभा मे बरसात से रविवार की रात्रि में कच्चा मकान गिरने से दीपक यादव(18) पुत्र राजेश यादव,जयप्रकाश यादव(30)पुत्र अच्छेलाल यादव,सत्यप्रकाश यादव(28)पुत्र अच्छेलाल यादव घायल हो गये तथा घर मे रखा गेंहू,चावल सहित अन्य सामान क्षतिग्रस्त हो गया। मकान गिरने तथा घायल होने की सूचना लेखपाल व अन्य प्रशासनिक अधिकारियों को दे दी गयी है। समाजसेवी कार्यकर्ता संतोष यादव ने बताया रात्रि में बरसात होने से कच्चा मकान धराशायी हो गया। मकान मे सोये तीनो युवक घायल हो गये। मकान गिरने की आवाज सुनकर आस पास के लोगों ने घायलों को मलबा से निकाला तथा पास के चिकित्सालय में इलाज कराया। तत्काल पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराया जाय ताकि लोग जीविकापार्जन कर सके।

### बिजली के खंभे से सटे वायर (छरकी) में उतरे करंट की चपेट में आने से एक भैंस की आकस्मिक मौत

**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो/गाजीपुर।** बिजली के खंभे से सटे वायर (छरकी) में उतरे करंट की चपेट में आने से एक भैंस की आकस्मिक मौत हो गई।यह घटना बहरियाबाद थाना क्षेत्र के आराजी कस्बा स्वाद निवासी कैलाश यादव पुत्र जगन्नाथ यादव की भैंस के साथ घटी। उसने पुलिस को बताया कि उनकी भैंस रविवार की शाम चरने गई थी, वापस लौटते समय पावर हाउस के पास खंभे के स्टे वायर में आ रहे करंट की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। इस मामले में विभागीय कर्मियों की लापरवाही को जिम्मेदार बताते हुए उन्होंने दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए शासन/प्रशासन की तरफ से मिलने वाला आर्थिक मुआवजा दिए जाने की गुहार लगाया है। बहरियाबाद थानाध्यक्ष केपी सिंह ने बताया कि इस मामले में लिखित सूचना मिली है, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### गंगा नदी 9 सेंटीमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से बढ़ रही



**गाजीपुर।** जिले में गंगा नदी का जलस्तर बहुत तेजी से बढ़ रहा है जिसके चलते सैदपुर, करंडा, जमानियां, रेवतीपुर और भावरकोल क्षेत्रों में बाढ़ आने की संभावना बढ़ गयी है। जिला आपदा अधिकारी ने बताया कि गंगा नदी 9 सेंटीमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से बढ़ रही हैं। आज सोमवार को प्रात÷ आठ बजे गंगा का जलस्तर 60.540 मीटर था। उन्होने बताया कि खतरे का निशान 64.680 मीटर है।

### शीतला क्लब दुर्गा पूजा समिति के सदस्यों ने थाने में तहरीर देकर पंडाल के जगह को खाली कराने की मांग

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता वीरबहादुर मौर्या/गाजीपुर जमानिया।** कोतवाली क्षेत्र के स्टेशन बाजार स्थित शीतला क्लब दुर्गा पूजा समिति के सदस्यों ने थाने में तहरीर देकर पंडाल के जगह को खाली कराने की मांग की। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।समिति के सदस्यों ने बताया कि करीब 1959 से लगातार स्टेशन बाजार के मदनपुरा रोड पर दुर्गा प्रतिमा की स्थापना होती आ रही है। समिति द्वारा सड़क छोड कर 20×25 फीट का पंडाल बनाया जाता है। परन्तु इस बार वार्ड के कुछ लोगों द्वारा पंडाल लगाने का विरोध किया जा रहा है। समिति के सदस्यों का अरोप है कि विपक्षीयों द्वारा सरकारी भूमि पर अवैध अतिक्रमण किया गया है। जिससे पूजा बाधित हो रहा है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक महेन्द्र सिंह ने बताया कि शीतला क्लब दुर्गा पूजा समिति के सदस्यों द्वारा प्रार्थना पत्र दिया गया है।

## आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अन्तर्गत 'मेरी माटी, मेरा देश- 13 से 15 अगस्त तक हर घर फहरेगा तिरंगा




**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो/गाजीपुर।** जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में भारत की आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अन्तर्गत 'मेरी माटी, मेरा देश (09 से 30 अगस्त, 2023) एवं हर घर तिरंगा (13 से 15 अगस्त, 2023) अभियान ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में जन सहभागिता के साथ मनाये जाने के सम्बन्ध में बैठक आहूत की गयी। जिलाधिकारी ने कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगाँठ के अवसर पर विगत वर्ष हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अन्तर्गत 13 से 15 अगस्त, 2022 तक उल्लास एवं गरिमा के साथ प्रदेश के 5.25 करोड़ आवासित घरों/सरकारी एवं गैर सरकारी कार्यालयों पर तिरंगा फहराते हुए प्रदेश में जनपद ने अग्रणी भूमिका का निर्वहन किया था।

सचिव, संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा गतवर्ष की भाँति इस वर्ष भी 13 से 15 अगस्त, 2023 तक उसी उत्साह एवं राष्ट्रीयता की भावना से हर घर तिरंगा अभियान चलाये जाने के निर्देश प्राप्त हुए हैं। कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य प्रत्येक नागरिक के मन में राष्ट्रप्रेम की भावना को जाग्रत करते हुए स्वतंत्रता के प्रतीकों के प्रति सम्मान का भाव उजागर करना है। दिनांक 13 से 15 अगस्त, 2023 के मध्य जनपद में हर घर तिरंगा कार्यक्रम को सफल बनाये जाने हेतु कार्यवाही की जानी है।

हर घर तिरंगा कार्यक्रम प्रत्येक सरकारी अधिकारी/कर्मचारी, शिक्षकगण, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, स्वयं सहायता समूहों, विभिन्न नागरिक संगठनों आदि के सहयोग से क्रियान्वित किया जाये। ग्राम पंचायत स्तर पर सम्बन्धित विभाग द्वारा जागरूकता सत्र का आयोजन करते हुए ग्राम प्रधानों को शत-प्रतिशत घरों, दुकानों, कार्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों, आंगनबाड़ी केन्द्रों, राशन की दुकानों, नलकूपों इत्यादि पर झण्डा फहराने हेतु प्रेरित किया जाये। जिलाधिकारी ने जनपद के समस्त सरकारी, सार्वजनिक क्षेत्र के प्रतिष्ठानों, शैक्षणिक संस्थानों, व्यावसायिक एवं वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों, गैर सरकारी संगठनों, रेस्टोरेन्ट, शापिंग काम्पलेक्स, टोल प्लाजा, पुलिस चौकी/थाना इत्यादि को इस कार्यक्रम में अनिवार्य रूप से झण्डा फहराये जाने का निर्देश दिया। हर घर तिरंगा कार्यक्रम हेतु समस्त सरकारी अधिकारी/कर्मचारियों, शिक्षकों, शिक्षामित्रों, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, आँगनबाड़ी कर्मियों, आशा बहुओं आदि को पूर्व की भांति निर्धारित दायित्व दिया जाये तथा उक्त दायित्वों के निर्वहन किया जाये। पुलिस विभाग के पब्लिक एड्रेस सिस्टम क्रियाशील रहे। 13 से 15 अगस्त, 2023 तक समस्त सरकारी भवनों में तिरंगा लाईटिंग करायी जाये। समस्त शिक्षण संस्थाओं में हर घर तिरंगा से सम्बन्धित कार्यक्रमों का आयोजन किया जाये। जिला विद्यालय निरीक्षक एवं बेसिक शिक्षा अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि उक्त आयोजन के सम्बन्ध में शासन से निर्गत निर्देशों का प्राईवेट शिक्षण संस्थाओं द्वारा भी पूर्ण रूप से पालन किया जाये। ग्राम विकास विभाग/पंचायती राज विभाग/नगर विकास विभाग सुनिश्चित करें कि शत प्रतिशत अमृत सरोवरों पर झण्डा फहराया जाये।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, पुलिस विभाग के अधिकारी, जिला विकास अधिकारी ,परियोजना निदेशक ,सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

## महिला सुरक्षा, संरक्षा और सशक्तिकरण के लिए समर्थन को मजबूत बनाना है





**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता वीरबहादुर मौर्या/गाजीपुर जमानियां।** मिशन शक्ति मिशन मोड में एक योजना है जिसका उद्देश्य महिला सुरक्षा, संरक्षा और सशक्तिकरण के लिए समर्थन को मजबूत बनाना है। यह योजना संपूर्ण जीवन चक्र में महिलाओं को प्रभावित करने वाले मुद्दों पर विचार करने और उनके जीवन में बदलाव लाएगी तथा उन्हें नागरिक-स्वामित्व के माध्यम से राष्ट-निर्माण में समान भागीदार बनाएगी। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक महेंद्र सिंह के निर्देशन में महिला आरक्षित तत्वावधान में नारी की सुरक्षा, सम्मान स्वावलंबन के लिए सहायक कंपनी कमांडर अखिलेश सिंह प्लाटून कमांडर रविकांत सिंह एवं महिला आरक्षी दिव्या पांडे एवं स्कूल के प्रधानाचार्य एवं शिक्षक गण उपस्थित में बाबा विश्वनाथ इंटर कॉलेज क्षेत्र बरूइन में सोमवार मिशन शक्ति के तहत छात्राओं को जागरूक किया गया। इस अभियान के तहत क्षेत्र के बरूईन गांव स्थित बाबा विश्वनाथ इंटर कालेज परिसर में पठान पठान कर रही छात्राओं को जागरूक किया। इसके अलावा महिलाओं से जुड़ी समस्याओं के समाधान के साथ, उनके लिए चलने वाली हितकारी योजनाओं को समाज के आखिरी महिला तक पहुंचाने संकल्प लिया गया। रविकांत सिंह ने कहा कि मिशन शक्ति प्रदेश सरकार के साथ-साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट में एक है। महिलाओं को शक्ति प्रदान करना इसका मुख्य उद्देश्य है। यह शक्ति आर्थिक, सामाजिक तथा उनके साथ होने वाले किसी अन्याय के खिलाफ खड़े होने की होगी। उन्होंने कहा कि टोल फ्री नं. 1090 का व्यापक प्रचार प्रसार करें, ताकि महिलाओं के साथ ही बालिकाओं को यदि किसी भी प्रकार की समस्या आती है। तो वह इस पर सीधे संपर्क कर मदद प्राप्त कर सकती हैं। पुलिस आरक्षी दिव्या पांडेय कार्यकर्ताओं से कहा कि वह समाज की सबसे आखिरी के साथ ही अग्रिम पंक्ति की भी कार्यकर्ता हैं। जो कि महिलाओं तथा बच्चियों के साथ सीधे संपर्क स्थापित कर उनके स्वास्थ्य के साथ-साथ अन्य मदद भी करती है। फोटो

## बोरान एवं जिंक के संतुलित प्रयोग से उड़द की प्रोटीन प्रतिशतता एवं मृदा स्वास्थ्य बेहतर- बृजेश कुमार पाण्डेय



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो/गाजीपुर।** पी0 जी0 कालेज गाजीपुर में पूर्व शोध प्रबन्ध प्रस्तुत संगोष्ठी का आयोजन किया गया। यह संगोष्ठी महाविद्याल के अनुसंधान एवं विकास प्रकोष्ठ तथा विभागीय शोध समिति के तत्वावधान में महाविद्यालय के सेमिनार हाल में सम्पन्न हुई, जिसमें महाविद्यालय के प्राध्यापक, शोधार्थी व छात्र- छात्राएं उपस्थित रही। उक्त संगोष्ठी में कृषि संकाय के कृषि रसायन एवं मृदा विज्ञान विषय के शोधार्थी बृजेश कुमार पाण्डेय ने अपने शोध प्रबंध शीर्षक ÷उड़द उत्पादन एवं मृदा उर्वरता में बोरान एवं जिंक का प्रभाव÷ नामक विषय पर शोध प्रबन्ध व उसकी विषय वस्तु प्रस्तुत करते हुए कहा कि मृदा उर्वरता के लिए बोरान और जिंक आवश्यक एवं महत्वपूर्ण सूक्ष्म पौषक तत्व है, मृदा में इनकी कमी होने पर पौधों में कई प्रकार के रोग हो जाते है।

ये मृदा के पी.एच. मान, विद्युत चालकता को स्थिर रखता है तथा थोक घनत्व को कम करके मृदाकणों के घनत्व को बढ़ा देता है जिससे भौतिक रूप से मृदा उर्वरता में बढ़ोतरी होती है। ये पोषक तत्व मृदा में कार्बनिक पदार्थ, उपलब्ध नाइट्रोजन, फॉस्फोरस, पोटैशियम, बोरान एवं जिंक की सान्द्रता को भी बढ़ा देते हैं। वस्तुतः बोरान और जिंक के संतुलित उपयोग से हम दलहनी फसलों से ऐच्छिक एवं गुणवक्त्तायुक्त उत्पादन प्राप्त कर सकते है और मृदा स्वाथ्य को भी सुधार सकते है।

देश के अधिकांश भागों में दलहनी फसलों के उत्पादन के लिए मुख्य रूप से प्राथमिक पोषक तत्वों जैसे नाइट्रोजन, फॉस्फोरस एवं पोटैशियम का ही उपयोग किया जाता है, जिसके फलस्वरूप ऐच्छिक गुणवक्त्तायुक्त उपज प्राप्त नहीं हो पाती है। दलहनी फसल उड़द में बोरान 2 किलो एवं जिंक 4 किलो प्रति हेक्टेयर के दर से उपयोग करने से पौधों की लम्बाई, पत्तियों की संख्या, शाखाओ की संख्या में वृद्धि पायी जाती है। इसके अलावा इन पौधों में ज्यादा फलीयां एवं फलियों में दानों की संख्या में भी वृद्धि हुई है, बोरोन एवं जिंक के उपयोग से इनके दिनों में प्रोटीन की प्रतिशतता भी बढ़ी हुई मिली है। प्रस्तुतिकरण के बाद विभागीय शोध समिति, अनुसंधान एवं विकास प्रकोष्ठ व प्राध्यापकों तथा शोध छात्र-छात्राओं द्वारा शोध पर विभिन्न प्रकार के प्रश्न पूछे गए जिनका शोधार्थी बृजेश कुमार पाण्डेय ने संतुष्टिपूर्ण एवं उचित उत्तर दिया। तत्पश्चात समिति एवं महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफे0 (डॉ0) राघवेन्द्र कुमार पाण्डेय ने शोध प्रबंध को विश्वविद्यालय में जमा करने की संस्तुति प्रदान किया। इस संगोष्ठी में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफे0 (डॉ0) राघवेन्द्र कुमार पाण्डेय, अनुसंधान एवं विकास प्रकोष्ठ के संयोजक प्रोफे0 (डॉ0) जी0 सिंह , मुख्य नियंता प्रोफेसर (डॉ0) एस0 डी0 सिंह परिहार, शोध निर्देशक एवं कृषि रसायन एवं मृदा विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफे0 (डॉ0) अवधेश कुमार सिंह, प्रोफे0 (डॉ0) अरुण कुमार यादव, डॉ0 रामदुलारे, डॉ0 कृष्ण कुमार पटेल, डॉ0 अमरजीत सिंह, डॉ0 सुधीर कुमार सिंह, प्रोफे0 (डॉ0)सत्येंद्र नाथ सिंह, डॉ0 हरेंद्र सिंह, डॉ0 रविशेखर सिंह, डॉ0 योगेश कुमार, डॉ0शिवशंकर यादव एवं महाविद्यालय के प्राध्यापकगण तथा शोध छात्र छात्रएं आदि उपस्थित रहे। अंत में अनुसंधान एवं विकास प्रोकोष्ठ के संयोजक प्रोफे0 (डॉ0) जी0 सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत शिलाफलक के लिए भूमि पूजन किया गया



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता वीरबहादुर मौर्या/गाजीपुर जमानियां।** विकास खंड तिराहे के पास स्थित चबूतरे पर सोमवार कि सुबह मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत शिलाफलक के लिए भूमि पूजन किया गया।मेरी माटी मेरा देश के तहत शिलाफलक के लिए भूमि पूजन के बाद उपजिलाधिकारी डा, हर्षिता तिवारी, अधिशासी अधिकारी अखिलेश कुमार तिवारी व चेयरमैन जय प्रकाश गुप्ता द्वारा शिलायान्स ईंट रखकर किया। ज्ञात हो कि आजादी का अमृत महोत्सव के तहत आगामी 9 अगस्त से 15 अगस्त तक मेरी माटी मेरा देश अभियान चलेगा। इस अभियान के तहत प्रत्येक ग्राम पंचायत पर शिला फलक स्थापना पंचप्राण प्रतिज्ञा अमृत वाटिका की स्थापना वीरों का वंदन हर घर तिरंगा फहराने जैसे कार्यक्रम आयोजित होने हैं। इस अभियान को सफल बनाने के लिए जिले के आलाधिकारी से लेकर तहसील स्तर के अधिकारियों ने कमान संभाला हुआ है। इसके अलावा मिट्टी यात्रा के तहत हर पंचायत से मिट्टी लेकर कर्तव्य पथ दिल्ली स्थित अमृत वाटिका में पहुंचाई जाएगी।एसडीएम डा, हर्षिता तिवारी ने बताया कि देश के प्रति समर्पण एवं बलिदानियों के प्रति सम्मान को प्रदर्शित करने का यह एक बेहतरीन अवसर है। कार्यक्रम में क्षेत्र के लोगों को बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। अधिशासी अधिकारी अखिलेश कुमार तिवारी ने बताया कि शासन के निर्देश पर मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत शिलाफलक का पूजन अर्चन करने के बाद शिलान्यास किया गया। इस अवसर पर इनाम राइन, ऋषिकांत यादव, विजय शंकर रायग उदय आदि लोग उपस्थित रहे।

## नवागत थाना प्रभारी ने ग्राम प्रधानों के साथ किया बैठक



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो/गाजीपुर।** नवागत थाना प्रभारी सत्येन्द्र कुमार राय ने रविवार को शादियाबाद थाना परिसर में ग्राम प्रधानों के साथ बैठक कर समस्याओं पर चर्चा करते हुए कहा कि अपराध व अपराधियों पर अंकुश लगाने में सहयोग की अपील किया।

गांव में अवैध रूप से होने वाले कामों की पुलिस को जानकारी देकर सहयोग करें। उन्होंने कहा कि ग्राम प्रधान व समाज में जिम्मेदार लोगों के सहयोग के बिना अपराध पर अंकुश लगाना संभव नहीं है। क्षेत्र में छोटी से छोटी समस्याओं से आप लोग अवगत कराये। थाना प्रभारी ने ग्राम प्रधानों से चर्चा करते हुए कहा कि आप के क्षेत्र में गैरकानूनी तरीके से होने वाले कार्यों की सूचना तत्काल देकर पुलिस का सहयोग करें। जिससे अन पर अंकुश लगाया जा सके।आपको बताते चलें कि पिछले वर्ष थाना प्रभारी सत्येन्द्र कुमार राय ने जब नंदगंज थाना की कमान संभाले थे तब उसी थाना क्षेत्र में ढ़ेलवा ग्राम सभा में अवैध शराब बनाने वाले पर काफी सख्ती बरते थे और उस पूरी तरह अवैध शराब पर रोक लगा है। आज भी उस गांव के ग्राम प्रधान कमलेश कुमार बिंद सहित तमाम ग्रामीण एसओ की प्रशंसा करते हैं।

**सूची जारी** | प्रवेश हेतु द्वितीय काउन्सलिंग की सूची जारी

# पी.जी. कालेज में स्नातक स्तर पर प्रवेश हेतु द्वितीय काउन्सलिंग की सूची जारी

**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो/गाजीपुर।** स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गाजीपुर में स्नातक स्तर (बी.ए., बी.एस-सी. गणित एवं जीवविज्ञान, बी.एस-सी.कृषि ) पर प्रवेश हेतु द्वितीय काउन्सलिंग की सूची जारी हो गयी है। स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गाजीपुर के प्राचार्य प्रोफे0 (डॉ0) राघवेन्द्र कुमार पाण्डेय ने स्नातक स्तर पर प्रवेश हेतु द्वितीय काउन्सलिंग की जानकारी देते हुए बताया कि प्रवेश हेतु सफल अभ्यर्थियों की द्वितीय काउन्सलिंग हेतु मेरिट सूची कक्षावार श्रेणी व आरक्षण के अनुसार जारी की गयी है। प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित सफल अभ्यर्थियों को प्रवेश हेतु कालेज की वेबसाइट-222.pgcghazipur.ac.in पर सूची अपलोड कर दी गयी है। प्रवेश परीक्षा में सफल अभ्यर्थी प्रवेश हेतु अपना आवेदन 05 अगस्त 2023 से 08 अगस्त 2023 तक आनलाईन आवेदन- पत्र भर सकते हैं। अभ्यर्थी आनलाईन भरे गए आवेदन -पत्र डाउनलोड कर आवश्यक अभिलेखों की मूल प्रति के साथ कालेज में काउन्सलिंग समिति के समक्ष 08 अगस्त 2023 से 10 अगस्त 2023 तक सुबह नौ बजे से दोपहर एक बजे तक काउन्सलिंग समिति के समक्ष प्रस्तुत/जमा करेंगे। महाविद्यालय प्रशासन द्वारा जारी निर्धारित समयानुसार प्रवेश आवेदन -पत्र व शुल्क जमा न करने पर उक्त सीट रिक्त मानी जायेगी और पुनः प्रवेश हेतु उन्हें कोई अवसर प्रदान नहीं किया जायेगा। प्रवेश हेतु जारी मेरिट सूची से रिक्त सीटों पर उक्त मेरिट सूची से नीचे के अभ्यर्थियों को प्रवेश हेतु अवसर प्रदान किया जायेगा। प्राचार्य प्रोफे0 (डॉ0) राघवेन्द्र कुमार पाण्डेय ने बताया कि स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गाजीपुर ने प्रवेश में डिजिटल इण्डिया एवं पूर्ण पारदर्शिता की नीति अपनाते हुए आनलाईन काउन्सलिंग) की व्यवस्था की गयी है। आनलाईन काउन्सलिंग द्वारा अभ्यर्थी अपने घर बैठे पूर्ण पारदर्शिता के साथ प्रवेश आवेदन- पत्र भर सकते हैं। प्राचार्य प्रोफेसर पाण्डेय ने सम्मानित अभिभावकों से अपील की है कि समय रहते अपने पाल्यों का आवेदन-पत्र आनलाईन भरवाकर सम्बन्धित अभिलेखों की मूल-प्रति के साथ काउन्सलिंग समिति के समक्ष प्रस्तुत/जमा करने में सहयोग करें। प्रवेश के लिए सभी प्रक्रिया आनलाईन है। इसलिए कोई अभ्यर्थी व अभिभावक किसी बिचौलिए के झांसे में न आए और न ही किसी को प्रवेश करा देने के नाम पर कोई धनराशि या घूस दे।

> **प्राचार्य प्रोफे0 (डॉ0) राघवेन्द्र कुमार पाण्डेय ने स्नातक स्तर पर प्रवेश हेतु द्वितीय काउन्सलिंग की जानकारी देते हुए बताया कि प्रवेश हेतु सफल अभ्यर्थियों की द्वितीय काउन्सलिंग हेतु मेरिट सूची कक्षावार श्रेणी व आरक्षण के अनुसार जारी की गयी है।**

## पीएचसी पर आयोजित नियमित टीकाकरण सत्र में सीएमओ और जिला प्रतिरक्षण अधिकारी



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो/गाजीपुर।** जनपद के शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (यूपीएचसी) हाथीखाना पर सोमवार को सघन मिशन इंद्रधनुष (आईएमआई-5.0) के तहत पहले चरण का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ देश दीपक पाल ने किया। इस अवसर पर पीएचसी पर आयोजित नियमित टीकाकरण सत्र में सीएमओ और जिला प्रतिरक्षण अधिकारी (डीआईओ) डॉ एसके मिश्रा ने बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई। साथ ही मीजिल्स-रूबेला की दूसरी डोज़ भी लगाई गई। इसके अतिरिक्त समस्त 16 ब्लॉक स्तरीय सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों (सीएचसी-पीएचसी) पर भी अभियान की शुरुआत हुई। सीएमओ डॉ पाल ने कहा कि नियमित टीकाकरण अभियान में किसी कारणवश छूटे पांच वर्ष तक के बच्चों व गर्भवती को प्रतिरक्षित करने के लिए अभियान का पहला चरण सोमवार से शुरू हुआ। यह चरण 12 अगस्त तक चलेगा। सीएमओ ने परिजनों से अपील की किया कि वह अपने बच्चे का टीकाकरण कराएं और आसपास के लोगों को बच्चों का टीकाकरण कराने के लिए प्रेरित करें। कोई भी बच्चा छूटा हो तो उसका टीकाकरण अवश्य कराएं। सभी टीके पूर्ण रूप से सुरक्षित हैं। टीका लगने के बाद सामान्य बुखार हो सकता है, इससे घबराने की आवश्यकता नहीं है। इसके अलावा गंभीर स्थिति या प्रतिकूल प्रभाव से निपटने को रैपिड रिस्पांस टीम (आरआरटी) तैयार की गई है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी ने सैदपुर पीएचसी के अंतर्गत आयोजित टीकाकरण सत्रों का दौरा किया। उन्होंने बताया कि आईएमआई 5.0 के पहले चरण के लिए जिले के छूटे पांच वर्ष तक के 1500 बच्चों और 100 गर्भवती को टीकाकरण के लिए चिन्हित किया गया है।

## ख़ास ख़बर

## डीएम ने किया सघन मिशन इंद्रधनुष अभियान में 0 से 5 वर्ष के बच्चों एवं लक्षित गर्भवती महिलाओं को टीकाकरण की शुरुआत



**शुभ भास्कर ब्यूरो आवेश गोंण्डा** भारत सरकार द्वारा सघन मिशन इंद्रधनुष कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है आज इस अभियान की शुरुआत जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने परेड सरकार प्राथमिक विद्यालय मे बच्चों को पोलियो और रोटा वैक्सीन की खुराक पिला कर की। मिशन इंद्रधनुष अभियान में नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के अंतर्गत छूटे हुए 0 से 5 वर्ष की आयु तक के बच्चों एवं लक्षित गर्भवती महिलाओं को आवश्यक रूप से टीका से आच्छादित कर पूर्ण रूप से प्रतिरक्षित किया जाना है। ये कार्यक्रम तीन चरणों मे होना है जिसका प्रथम चरण दिनांक 7-12 अगस्त-2023, द्वितीय चरण 11-16 सितम्बर- 2023, और तृतीय चरण 9-14 अक्टूबर - 2023 में किया जा रहा है।सघन मिशन इन्द्र धनुष के इन विशेष सत्रों के आयोजन का उद्देश्य यह है कि टीकाकरण से वंचित बच्चों का सम्पूर्ण टीकाकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने बताया है कि यह टीके बच्चों को 12 जानलेवा बीमारियों जैसे खसरा, गलघोंटू कालीखांसी, टेटनेस, निमोनिया, टी बी, दिमागी बुखार,पोलियो डायरिया, हेपटाइटस बी. हिमोफिलस इन्फ्लूएंजा टाइप बी इत्यादि से सुरक्षा प्रदान कर उनका जीवन स्वस्थ्य और बेहतर बनाते हैं। सम्पूर्ण टीकाकरण प्रत्येक बच्चे का अधिकार है। टीकाकरण पूर्ण रूप से सुरक्षित है और सभी आवश्यक टीके सभी सरकारी अस्पतालों और और स्वास्थ केंद्रों मे निःशुल्क उपलब्ध हैं।साथ ही इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु आम जनमानस से अपील भी की है।

## सीएचसी कटरा बाजार में मनाया गया कन्या जन्मोत्सव




**शुभ भास्कर ब्यूरो आवेश गोंण्डा** महिला कल्याण विभाग द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कटरा बाजार में कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सोमवार को आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ सीएचसी अधीक्षक डा. एमपी यादव ने केक काटकर किया।उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में जागरूकता फैल रही है। संरक्षण अधिकारी चन्द्रमोहन वर्मा ने कहा कि शासन व निदेशालय के निर्देश पर प्रत्येक प्रथम व तृतीय सोमवार को कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अथवा अन्य स्वास्थ्य केन्द्रों पर किया जाना है, जिसके क्रम में यह आयोजन किया गया है। महिला कल्याण अधिकारी ज्योत्सना सिंह ने कहा कि बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना सरकार की महत्वाकांक्षा योजना है, जिसका उद्देश्य महिलाओं व बालिकाओं का उत्थान है। उन्हें शिक्षित बनाकर समाज से जोड़ना है। उन्होनें उपस्थित महिलाओं व अन्य लोगों को मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के बारे में जानकारी देते हुए महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित अन्य योजनाओं के बारे में जानकारी दी।जिला समन्वयक राजकुमार आर्य ने बताया कि जिला प्रोबेशन अधिकारी संतोष कुमार सोनी के निर्देशन में चलाये जा रहे इस कार्यक्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर जन्म लेने वाली 20 बच्चियों को 1-1 हिमालया बेबी व 2-2 कपड़ा वितरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना सहित अन्य योजनाओं के पम्पलेट भी वितरित किये गये।इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ता पंकज कुमार राव, बीपीएम पंकज उपाध्याय, बीएएम मुख्तार आलम, सीएचओ दिशा शर्मा आदि मौजूद रहीं।

## शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**गोंण्डा शुभ भास्कर ब्यूरो आवेश अंसारी** पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत महिला सम्बन्धी अपराधों में अभियुक्तों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी करने के आदेश जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक थानाध्यक्षों को दिए थे।उक्त आदेश के अनुक्रम में थाना छपिया पुलिस द्वारा शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के आरोपी अभियुक्त-शत्रुधन मिश्रा उर्फ विक्की मिश्रा को गिरफ्तार कर लिया गया। उक्त अभियुक्त ने शादी का झांसा देकर थाना छपिया क्षेत्र की रहने वाली एक लडकी के साथ दुष्कर्म किया गया। जिसके सम्बन्ध में पीड़िता द्वारा थाना छपिया में अभियोग पंजीकृत कराया गया था। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना छपिया पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गयी।

# जिलाधिकारी नेहा शर्मा की पहल, बदलेगी जनपद के सरकारी स्कूलों की तस्वीर, 15 सरकारी प्राइमरी, अपर प्राइमरी और कम्पोजिट स्कूलों के क्लासरूम होंगे हाईटेक



**बच्चों को मिलेगा स्मार्ट क्लासरूम में पढ़ने का मौका**
**निजी क्षेत्र के बैंक एचडीएफसी के सहयोग से करीब 60 लाख रुपये की लागत में बदलेगा पढ़ने और पढ़ाने का तरीका**
**विभाग पर नहीं पड़ेगा कोई भी वित्तीय भार**

**शुभ भास्कर ब्यूरो आवेश अंसारी गोंण्डा** जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने जब से जनपद की कमान संभाली है वह मेरा गोण्डा, मेरी शान, भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस से लेकर ग्राम चौपाल जैसे अभियानों के माध्यम से सरकारी मशीनरी को जागृत कर जनपद की तस्वीर बदलने में लगी है।इसी क्रम में जिलाधिकारी द्वारा जनपद के सरकारी प्राइमरी, अपर प्राइमरी और कम्पोजिट स्कूलों को हाइटेक बनाने की दिशा में पहल की गई है। 15 स्कूलों को स्मार्ट बनाने का फैसला लिया गया है। यहां बच्चों को स्मार्ट क्लासरूम में पढ़ने का मौका मिलेगा।

निजी क्षेत्र के बैंक एचडीएफसी के सहयोग से जनपद के 15 सरकारी प्राइमरी, अपर प्राइमरी और कम्पोजिट स्कूलों में स्मार्ट क्लासरूम तैयार किए जाएंगे। इन स्कूलों में पढ़ने और पढ़ाने के तरीकों को हाईटेक बनाया जाएगा। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय के सहयोग से इन स्कूलों का चयन किया गया है। इससे सुदूर ग्रामीण इलाकों में भी बच्चों को गुणवत्ता युक्त बुनियादी शिक्षा मुहैय्या कराई जा सकेगी। खास बात यह है कि इस कोशिश में विभाग पर कोई वित्तीय भार भी नहीं पड़ेगा। ब्लैकबोर्ड बनेगा स्मार्ट, बैठने की होगी व्यवस्था सभी चयनित 15 सरकारी स्कूलों में सामान्य ब्लैक बोर्ड का स्थान हाइटेक स्मार्ट बोर्ड लेगा। एक ओर जहां शिक्षक हाईटेक आईसी स्क्रीन पर लिखकर, हाईलाइट करके, सर्किल, फिल्म के माध्यम से किसी भी विषय और पाठ को आसानी से बच्चों को समझा सकेंगे, वहीं छात्रों को सीखने में आसानी होगी। ब्लैकबोर्ड के स्मार्ट बनाने के साथ ही स्मार्ट क्लासरूम में बच्चों के बैठने के लिए बेंच की व्यवस्था की जाएगी। क्लासरूम को खूबसूरत बनाने के लिए दीवारों के रंग-रोगन के साथ कारपेट जैसी व्यवस्थाएं भी की जाएंगी। इस पूरे प्रोजेक्ट में प्रति स्कूल करीब चार लाख रुपये का खर्च आना संभावित है। इन स्कूलों को चुना गया जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय के सहयोग से 15 स्कूलों का चयन किया गया है।

इनमें, मनकापुर का प्राथमिक विद्यालय अमवा और कम्पोजिट विद्यालय सोवरसा शामिल है। इसके अतिरिक्त कम्पोजिट विद्यालय छोटका रमराईपुर वजीरगंज , कम्पोजिट विद्यालय जमुनहा वजीरगंज, कम्पोजिट विद्यालय केशवपुर केशव नगर, कम्पोजिट विद्यालय धानेपुर, प्राथमिक विद्यालय धौरहरा मुजेहना, प्राथमिक विद्यालय सिंहपुर, प्राथमिक विद्यालय रसूलपुर खान बभनजोत, कम्पोजिट विद्यालय मरचौर परसपुर, प्राथमिक विद्यालय राजगढ़ अमीनपुर, कम्पोजिट विद्यालय महादेवा पण्डरी कृपाल, प्राथमिक विद्यालय पिपरा बाजार, कम्पोजिट विद्यालय डिड़िसिया कला और कम्पोजिट विद्यालय नगवा समेत अन्य शामिल हैं।

# 9 अगस्त क्रांति दिवस के दिन जनपद के सभी सेक्टरो में जन पंचायतों का होगा आयोजन- पारसनाथ यादव



**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या/अयोध्या।** समाजवादी पार्टी जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि जनपद अयोध्या के सभी विधानसभाओं में जिला कमेटी के उपाध्यक्षों को विधानसभा प्रभारी नियुक्त किया जाता है । 9 अगस्त क्रांति दिवस के दिन जनपद के सभी सेक्टरो में जन पंचायतों का आयोजन किया जाएगा । श्री यादव ने बताया कि वहॉ सपा शासनकाल में हुए विकास कार्यों एवं वर्तमान समय में पैदा जन समस्याओं पर चर्चा की जाएगी । जनपद के सभी जिला पदाधिकारियों विधानसभा अध्यक्षो नगर अध्यक्षो ब्लॉक अध्यक्षों से यहअपेक्षा की गई है कि कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें एवं जो भी जन समस्याएं जन पंचायत के माध्यम से प्राप्त हो उनको जिला मुख्यालय पर जिला कार्यालय प्रभारी अंसार अहमद बबन के पास अवश्य भेजें । श्री यादव ने कहा की सभी पदाधिकारी साथियों से अपील है कि उक्त कार्यक्रम की फोटोग्राफ भी अवश्य जिला अध्यक्ष के व्हाट्सएप नंबर पर भेजें । उन्होने बताया कि 9 अगस्त क्रांति दिवस जो जन पंचायत के रूप में मनाया जाएगा जनपद के सभी विधानसभाओं के पूर्व विधायक वर्तमान विधायक पिछली विधानसभा में प्रत्याशी वरिष्ठ नेताओं के द्वारा आयोजित जन पंचायतो में भी बढ़-चढ़कर सभी पदाधिकारी का सहयोग करेंगे एवं कार्यक्रम को सफल बनाएंगे ।

सपा जिला प्रवक्ता चौधरी बलराम यादव ने बताया कि सपा जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव ने विभिन्न विधानसभाओं के प्रभारी नियुक्त किए हैं । विधानसभा बीकापुर के प्रभारी एजाज अहमद विधानसभा अयोध्या के प्रभारी राजेश पटेल सह प्रभारी ओपी पासवान विधानसभा मिल्कीपुर के प्रभारी रामजी पाल विधानसभा गोसाईगंज के प्रभारी रामसुंदर यादव विधानसभा रुदौली के प्रभारी रईस अहमद एवं जिला उपाध्यक्ष अनीत शुक्ला एवं ललित यादव दोनों उपाध्यक्ष 9 अगस्त को हो रहे कार्यक्रम में हिस्सा लेते हुए ज्यादा से ज्यादा कार्यक्रमों में सहयोग करेंगे । जनपद के सभी जिला सचिव एवं कार्य समिति के सदस्य एवं विशेष आमंत्रित सदस्यगण अपने-अपने विधानसभा में कार्यक्रम में सहयोग करेंगे । जिला मुख्यालय पर अपनी उपस्थिति जिला अध्यक्ष जिला महासचिव एवं जिला प्रभारी को फोटोग्राफ एवं लिखित रूप से देंगे । श्री यादव ने कहा कि जनपद के सभी घोषित प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्षगण अपने-अपने विधानसभा में आयोजित कार्यक्रमों में सहयोग करेंगे एवं स्वयं भी कार्यक्रम आयोजित करेंगे जिसकी सूचना जिला मुख्यालय पर करेंगे ।

# सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव पूर्व राज्य मंत्री अरविंद राजभर द्वारा सोमवार को अपनी टीम के साथ बीकापुर क्षेत्र के कई जगहों पर पहुंचकर समीक्षा बैठक जनसभा और सदस्यता अभियान की समीक्षा की गई



**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या/बीकापुर-अयोध्या।** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव पूर्व राज्य मंत्री अरविंद राजभर द्वारा सोमवार को अपनी टीम के साथ बीकापुर क्षेत्र के कई जगहों पर पहुंचकर समीक्षा बैठक जनसभा और सदस्यता अभियान की समीक्षा की गई। बीकापुर क्षेत्र के खजुरहट, कोछा बाजार सहित कई जगहों पर कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत कार्यक्रम का आयोजन हुआ और पूर्व राज्य मंत्री का फूल मालाओं के साथ भव्य स्वागत किया गया। मुख्य कार्यक्रम मलेथू बुजुर्ग गांव में आयोजित हुआ जहां जनसभा के अलावा सदस्यता अभियान का क्रम भी किया गया। सदस्यता अभियान कार्यक्रम में सुभासपा के राष्ट्रीय महासचिव अरविंद राजभर द्वारा क्षेत्र के कई ग्राम प्रधानों क्षेत्र पंचायत सदस्यों और लोगों को पार्टी का गमछा और सिंबल देकर सदस्यता ग्रहण कराया। संगठन में शामिल होने बालों में प्रधान राहुल पाल शशिकांत मिश्रा अशोक यादव क्षेत्र पंचायत सदस्य राकेश सहित 3 दर्जन लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया। कार्यक्रम को संबोधित राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संतोष पांडे ने कहा कि समाज का कोई भी वर्ग जो राजनीति सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़ा हुआ है संगठनों को आगे बढ़ाने का कार्य करता है। इसमें कोई धार्मिक और जातीय भेदभाव नहीं है। महिला मोर्चा की राष्ट्रीय सचिव अलका पांडे ने कहा कि आर्थिक सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र में पिछड़े सवर्णों को भी उनका हक मिलना चाहिए शिक्षा को सरल और निशुल्क बनाना चाहिए जिससे गरीब घरों के बच्चे भी उच्च शिक्षा ग्रहण कर सकें। पार्टी से जुड़ने के साथ इसकी विचारधारा से जुड़ना जरूरी है। कार्यक्रम का संचालन प्रधान प्रतिनिधि मुकुल आनंद ने किया। इससे पहले सुल्तानपुर के रास्ते खजुरहट पहुंचे राष्ट्रीय महासचिव पूर्व मंत्री अरविंद राजभर का स्वागत मंडल उपाध्यक्ष अनूप पांडे, प्रधान पंकज सोनी, मुकुल आनंद के नेतृत्व में समर्थकों ने जोरदार नारे लगाकर किया।

## विश्व हिंदू महासंघ के प्रदेश महामंत्री बनी श्रीमती रेखा श्रीवास्तव



**शुभ भास्कर ब्यूरो आवेश अंसारी**/गोंडा विश्व हिंदू महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष भिखारी प्रजापति ने प्रदेश हर के संगठन के पदाधिकारियों के साथ मीटिंग की सभी के सहमति से गोंडा जनपद की तेजतर्रार महिला विश्व हिंदू महासंघ का महामंत्री मातृशक्ति उत्तर प्रदेश श्रीमती रेखा श्रीवास्तव को बनाया गया है प्रदेश महामंत्री बनने से गोंडा जनपद वासियों में खुशी की लहर जैसा माहौल दिखाई दे रहा है वही कुछ महिलाओं का कहना है श्रीमती रेखा श्रीवास्तव तेज और निष्ठावान महिला ही हर उन महिलाओं की मदद करने के लिए जो कमजोर और पीड़ित महिलाओं का मदद करने के लिए श्रीमती रेखा श्रीवास्तव सबसे आगे रहती है ऐसे में गोंडा जनपद में विश्व हिंदू महासंघ के महामंत्री के रूप में रेखा श्रीवास्तव को जिम्मेदारी दी गई है उसके लिए पूरा प्रदेश श्रीमती रेखा श्रीवास्तव को बधाई देते हुए संगठन को मजबूत बनाने के लिए प्रेरित भी किया विश्व हिंदू महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी हैं

## तुलसीपुर माझा निवासी युवक की सड़क दुर्घटना में मौत





**नवाबगंज (गोण्डा ) शुभ भास्कर रिपोर्ट अनमोल मिश्रा** थाना क्षेत्र तुलसीपुर माझा निवासी एक युवक की सड़क हादसे में मौत हो गयी. मोटरसाईकिल सवार को ठोकर मारने वाला अज्ञात वाहन फरार हो गया.तुलसीपुर माझा के मजरे पूरे राम प्रसाद निवासी अखलेश यादव (26) पुत्र मकरे रविवार को अपनी मोटर साईकिल से अयोध्या गया हुआ था. गाँव के व्यक्ति ने बताया की वहां समूहों के माध्यम से लोन वितरण करने वाली एक संस्था से जुडा था.उसी कार्य के लिए गया था. शाम को मुमताज़ नगर के पास एक अज्ञात वाहन ने पीछे से टक्कर मार दी. जिसे मौके पर ही अखलेश ने डम तोड़ दिया. स्थानीय लोगो ने जेब में रखे आधार कार्ड की सहायता से परिवारी जनो तक सूचना पहुंचाई. सूचना पाकर परिजन अयोध्या पहुंचे. सोमवार को मृतक का पीएम जिला चिकत्सालय अयोध्या में हुआ. शव घऱ पहुँचते ही घऱ में कोहराम मच गया. मृतक चार भाइयो में सबसे छोटा था. घऱ पर देखने आने वाले लोगो का ताँता लगा रहा.

## मोटराइज्ड ट्राई-साइकिल को परीक्षण शिविर 9 को दिव्यांगों को मिलेगी मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल



**शुभ भास्कर ब्यूरो आवेश अंसारी** गोण्डा दिव्यांगजनों के लिए खुशबरी है। दिव्यांगों की सुविधा और उन्हें सशक्त बनाने के उद्देश्य से शासन ने एक और नई पहल की है। अब दिव्यांगों को ट्राई साइकिल की जगह मोटराइज्ड ट्राई साइकिल (बैट्री चालित ट्राई साइकिल) दी जाएगी। इसके लिए जिले में कवायद तेज हो गई है। विभाग ने इसके लिए 80 फीसद दिव्यांगों से आवेदन मांगे हैं। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी गौरव स्वर्णकार ने बताया कि इच्छुक दिव्यांगजन जिन्हे मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल की आवश्यकता है वे जरूरी अभिलेखों के साथ 09 अगस्त, 2023 को कार्यालय जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, गोण्डा के कक्ष संख्या-35 में उपस्थित होकर अपना शारीरिक परीक्षण करा ले जिससे नियमानुसार मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल उपलब्ध कराया जा सके।जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी गौरव स्वर्णकार ने बताया कि दिव्यांगों की राह आसान करने के लिए मोटराइज्ड (बैट्री चालित) ट्राई साइकिल दिया जाना है। इसे प्राप्त करने के लिए शासन कुछ शर्तें रखी हैं। दिव्यांगता 80 फीसद या उससे अधिक होनी चाहिए। दिव्यांगों की आयु 16 साल या उससे अधिक होनी चाहिए। दिव्यांगजन हाथों से मोटराइज्ड ट्राई साइकिल चलाने में सक्षम हो। आवेदक के पास यूनिक डिसएबिलिटी आइडेंटिटी कार्ड होना चाहिए। दिव्यांगजन या उसके परिवार की सालाना आय 1.80 लाख से अधिक न हो। 1. मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा प्रदत्त दिव्यांगता प्रमाण पत्र 80 प्रतिशत या उससे अधिक।,2. तहसील द्वारा निर्गत आय प्रमाण पत्र वार्षिक आय एक लाख 80 हजार से अधिक न हो)।,3. निवास प्रमाण पत्र।,4. जाति प्रमाण पत्र।,5. विद्यार्थी वर्ग हेतु हाई स्कूल का अंक प्रमाण पत्र।,6.यू0डी0आई0डी0 कार्ड।,7.आधार कार्ड।,8. दिव्यांगता प्रदर्शित एक फोटो।,9.मोबाइल नम्बर।

**कारनामा** प्रमुख, प्रधान, पत्रकार हो या जनमानस सभी है परेशान वीडियो के हिटलर शाही से

# विवादों व भ्रष्टाचार में चर्चित मया बीडीओ गौरीश श्रीवास्तव का नया कारनामा




**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या/**अयोध्या।मया बीडीओ भ्रष्टाचार करने के लिए अखबारों मे सुरखियो मे रही जैसे-- फलदार वृक्ष घोटाला, सामूहिक विवाह घोटाला, जीएसटी चोरी , प्रधान व पत्रकार पर फर्जी मुकदमा लिखाने के षडयंत्र की कृत के बाद नया कारनामा प्रकाश में आया है। विकासखंड मया के 9 ग्राम प्रधानों ने माननीय उपमुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन को एक पत्र प्रेषित किया गया है। जिसमें कहा गया है कि खंड विकास अधिकारी गौरीशा श्रीवास्तव द्वारा वित्तीय वर्ष 2022 -23 एवं 2023- 24 महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना की सामग्री मद के भुगतान के लिए अपने दलाल अजय कुमार वर्मा कंप्यूटर ऑपरेटर तथाकथित संविदा कर्मचारी और अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी के माध्यम से 6 प्रतिशत की धनराशि सुविधा शुल्क के नाम पर उगाही की शिकायती पत्र दिनांक 21/7/2023 भेजा गया।सूत्रों की माने तो चर्चा है कि बीडीओ गौरीश श्रीवास्तव स्यमं के विवाह कार्यक्रम में छुट्टी के दौरान विकासखंड पूरा बाजार के खंड विकास अधिकारी मनीष मोर्या चार्ज पर थे विकासखंड मया के कई ग्राम पंचायतों में इन्होंने दो करोड़ रुपए की आईडी जारी की गई। जिसके लिए सुविधा शुल्क के नाम पर दो प्रतिशत उगाही की चर्चा आम है। वीडियो गौरीशा श्रीवास्तव ज्वाइन करने पर दो करोड़ की आईडी जारी होने की जानकारी होने पर तत्काल सभी टेक्निकल को नोटिस जारी कर दिया 60/40 के रेसियो के बिना कैसे दी गयी कार्य करने की स्वीकृति।ग्राम प्रधानों ने शिकायती पत्र में लिखा है की शासन से पैसा आने पर अपने चहेतों को मनमाने ढंग से भुगतान कर दिया गया है। जब की पिछले वित्तीय वर्षों का कई ग्राम पंचायत मनरेगा में कराये गये कार्यों का भुगतान नही हुआ। कराये गये विकास कार्यों के सापेक्ष सामाग्री मद में सरकार द्वारा समय-समय पर पर्याप्त धनराशि उपलब्धि कराई गयी और की जा रही है ।ग्राम पंचायतों का भुगतान न करके सरकार/शासन की छवि खराब की जा रही है जिससे सरकार की मंशा के अनुसार विकास कार्य नहीं हो पा रहा है।जबकि वीडियो के चहेते ग्राम प्रधानों द्वारा कराए गए विकास कार्यो नियम विरुद्ध निरंतर भुगतान हो रहे हैं। वीडियो गौरीशा श्रीवास्तव पर यह भी आरोप लगाया गया है कि कूटरचित ढंग अपने चापलूस चटकार फार्मो के प्रोपराइटर और ग्राम प्रधान को लाभ पहुंचाया जा रहा है जिसमें ग्राम प्रधानों में आक्रोश व्याप्त है।बॉक्स में पत्रकार पर छेड़खानी का मुकदमा लिखाने की भी धमकी, लेकिन भुगतान नहीं मया वीडियो गौरीशा श्रीवास्तव के संरक्षण में सचिव और वीडियो के कार्यालय से अल्प निविदा ( विज्ञापन ) प्रकाशन के लिए पत्रकारों को व्हाट्सएप पर आरो भेजा जाता है, और जब भुगतान के लिए पत्रकार जब संपर्क करते हैं, तो साफ मना कर दिया जाता है। आरो लाइए जब आरो हार्ड कॉपी दिया ही नहीं गया, तो पत्रकार कहां से दें, यह छोटे अखबारों की बात नहीं है।

# द्वादश ज्योतिर्लिंग की महिमा बखान के साथ कथा सम्पन्न





**नवाबगंज (गोण्डा)शुभ भास्कर रिपोर्ट अनमोल मिश्रा-** नवाबगंज क्षेत्र के महंगूपुर गाँव में चल रही शिवपुराण कथा के अंतिम दिवस पर कथा व्यास आचार्य हरि प्रसाद मिश्र ने कहा कि शिव-शक्ति का संयोग ही परमात्मा है। शिव की जो पराशक्ति है उससे चित शक्ति प्रकट होती है। चित शक्ति से आनंद शक्ति का प्रादुर्भाव होता है।आनंद शक्ति से इच्छाशक्ति का उद्भव हुआ है।कथा व्यास ने कहा कि मानव मन सृष्टि के कल्याण का संकल्प ज्योती बिंदु परमात्मा शिव से धारण किए हुए होता है। इस संकल्प का ज्ञान उसी के शरीर की बुद्धि के सीधे भाग पर जड़ा हुआ होता है।मन से बुद्धि तक की उन ऊर्जा धाराओं को जब मानव शरीर खोलता है और उन धाराओं में जब ऊर्जा का बहाव होना प्रारंभ होता है तो ही उस के मन को अद्भुत संकल्प के ज्ञान का स्मरण होता है और मानव संकल्पित जीवन व्यापन करना प्रारंभ करता है।बुद्धि की इन उर्जा धाराओं में उर्जा के प्रवाह हेतु शिव संकल्पमस्तु के एक वैदिक मंत्र का मंथन मानव शरीर को करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि गुरु ही ज्ञान का पुंज है। गुरु मंत्र सभी सिद्धियों का मूल है यदि व्यक्ति के जीवन में गुरु नहीं है तो वह ईश्वर के समीप नहीं पहुंच सकता है।भगवान राम और कृष्ण ने भी गुरु से मंत्र दीक्षा ली थी। गुरु दीक्षा और गुरु की शिक्षा व्यक्ति को मौत से भी बचाती है। मरना तो एक दिन सभी को है। गुरु दीक्षा लेकर गुरु शिक्षा पर चलने वाले अपनी अंतिम सांस तक भगवान और गुरु का जाप करता है। शिव को पंचदेवों में प्रधान अनादि सिद्ध परमेश्वर माना गया है। कथा के अंतिम दिन उन्होंने बारह ज्योतिर्लिंगो का महत्व बताते हुए कहा कि भगवान शिवजी जहां-जहां स्वयं प्रगट हुए उन्हीं 12 स्थानों पर स्थित शिवलिंगों को पवित्र ज्योतिर्लिंगों के रूप में पूजा जाता है। इन ज्योतिर्लिंगों के न सिर्फ दर्शन करने पर शिव भक्त को विशेष फल की प्राप्ति होती है। इनका महज प्रतिदिन नाम लेने मात्र से जीवन के सभी दुख दूर हो जाते हैं।

## ख़ास ख़बर

## 20वां श्री श्री गणेश पूजा महोत्सव के आयोजन को लेकर हुआ भूमि पूजन



**दैनिक शुभ भास्कर/मनीष बरणवाल/जामताड़ा/**19 सितंबर से ऐतिहासिक गांधी मैदान में आयोजित होने वाले 20वा श्री श्री गणेश पूजा महोत्सव के आयोजन को लेकर सोमवार को भूमि पूजन किया गया। इस दौरान पंडित रामानंद पांडे के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा अर्चना कर भूमि पूजन कराया गया। इसके साथ ही पंडाल निर्माण का कार्य भी प्रारंभ हो गया। इस दौरान यजमान के रूप में सुनील कुमार साह मौजूद थे। जानकारी देते हुए श्री श्री गणेश पूजा महोत्सव समिति के अध्यक्ष मुक्ता दत्ता ने बताया कि 19 सितंबर से गणेश महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इसको लेकर पंडाल निर्माण का कार्य प्रारंभ हो गया है। वही पंडाल निर्माण से पूर्व भूमि पूजन की गई। और ईश्वर से कामना की गई की सफलतापूर्वक महोत्सव का संचालन हो। इस दौरान उपस्थित सदस्यों ने जयकारे लगाते हुए पूजा में भाग लिया। विदित हो कि 19 सितंबर से 29 सितंबर तक गणेश महोत्सव का आयोजन गांधी मैदान में होना है। इस महोत्सव में लगातार 10 दिन पूजा-अर्चना के साथ मेला का भी आयोजन किया जाएगा। जिसमें तरह-तरह के झूला के अलावे मनोरंजन के काफी संख्या में साधन मौजूद रहेंगे। पूजा को लेकर बंगाल के कारीगरों द्वारा पंडाल निर्माण सहित लाइटिंग व साउंड सिस्टम का इंतजाम किया जा रहा है।

## जहां भक्ति नहीं होगी, वहां प्रभु की प्राप्ति कभी भी जीवन में नहीं हो सकती- उमेश शास्त्री



**दैनिक शुभ भास्कर/मनीष बरणवाल/जामताड़ा/**न्यू टाउन में भागवत कथा छठे दिन भी सोमवार को जारी रहा। इस अवसर पर कथावाचक श्री उमेश शास्त्री महाराज ने गोवर्द्धन लीला का प्रसंग सुनाया। कहा कि कन्हैया ने 7 दिन और 7 रात्रि तक गिरिराज को धारण किया और इंद्र के अभिमान को चूर किया। इंद्र जब आये तो प्रभु को पहचानकर उन्होंने प्रार्थना की मैं भी गोवर्धन की तलहटी में रहना चाहता हूं। भगवान ने कहा कि जो सुविधा भोगी है वे इस तरह के तप नहीं कर सकते हैं, तो आप स्वर्ग का ही राज करे।मेरी भक्ति भी आपको प्राप्त रहेगी। वहीं महारास का वर्णन में कहा कि रास कोई स्त्री पुरुष का मिलन नहीं है। ये तो आत्मा और परमात्मा का मिलन है। प्रभु ने गोपियों को यह आनंद प्रदान किया गया। अपना सर्वस्व छोड़कर निस्वार्थ भाव से कन्हैया के पास आई और उनको कन्हैया प्राप्त हुए। बाद में कन्हैया मथुरा पधारे और वहां पर उन्होंने सर्वप्रथम कंस के धोबी को मारा, हाथी को मारा, चारुण और मुस्टिक को मारा और उसके बाद कंस का उद्धार भी किया। कहा कि एक बार प्रभु दुखी थे, तो वासुदेव जी एवं देवकी के द्वारा उद्धव जी को प्रभु के पास भेजा गया। उन्होंने अपने ज्ञान का अभिमान दिखाया तो कन्हैया ने उन्हें वृंदावन भेजा। उन्होंने कहा कि जहां भक्ति नहीं होगी, तो प्रभु की प्राप्ति कभी भी जीवन में नहीं हो सकती। कथा के अंत में रुक्मणी विवाह के प्रसंग को विस्तृत रूप से सुनाया और मनोरम झाकियों का आनंद भी लोगों ने लिया।

## स्वतंत्रता दिवस को ले अकेडमी ने तैयारी की प्रारंभ



**दैनिक शुभ भास्कर/संवाददाता/जामताड़ा/**विक्टर डांस किंगडम अकैडमी स्वतंत्रता दिवस को लेकर तैयारी शुरू कर दी गई है। वही एकेडमी के डायरेक्टर एवं कोरियोग्राफर विजय सिंह ने कहा कि हमारे एकेडमी के बच्चों द्वारा कई दिनों पुर्व से स्वतंत्रता दिवस को देखते हुए रिहर्सल प्रारंभ हो चुका है। आज उसी का ट्रायल लिया गया। जिसमें बच्चों द्वारा अच्छा प्रदर्शन किया गया। मौके विशाल पंडित, सुकू,दीपक ,रितु ,अनामिका, रिद्धि ,दीया ,सोमनाथ ,रोहित, राहुल ,चिंटू ,निलेश, निकिता आदि कई छात्र उपस्थित थे।

# नाला सिंचाई डाक बंगला के आईबी में झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड इकाई की हुई बैठक



**दैनिक शुभ भास्कर/सुष्मिता कुमारी/संवाददाता/नाला/जामतड़ा/**सोमवार को सिंचाई डाक बंगला नाला आईबी में झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड कमेटी की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष उज्जवल भट्टाचार्य ने की। कार्यक्रम में स्थानीय विधायक रविंद्र नाथ महतो विशिष्ट आमंत्रित अतिथि के तौर पर मौजूद रहे। वहीं जिला अध्यक्ष श्यामलाल हेंब्रम भी मौजूद होकर संगठन पर प्रकाश डाला। इस दौरान आगामी 2024 के निर्वाचन को लेकर भी सांगगठनीक चर्चा की गई ।इस अवसर पर स्थानीय विधायक सह विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया और सांगठनिक महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष श्यामलाल हेंब्रम ने पार्टी संगठन को लेकर सभी कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान पार्टी सदस्यता रशीद बही भी पार्टी के सभी प्रभारियों एवं कार्यकर्ताओं के बीच वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान सभी कार्यकर्ताओं ने भी अपने क्षेत्र की विभिन्न गतिविधि के बारे में जानकारी दी। इस दौरान स्थानीय विधायक सह झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो ने सभी कार्यकर्ताओं से अपने क्षेत्र के समस्याओं से भी अवगत हुए और सभी कार्यकर्ताओं को संबंधित समस्या से अवगत होकर उन्हें त्वरित निराकरण करने का की भी बातें कहीं। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का संकलन करें और समस्याओं का निराकरण करें।इस अवसर पर जिला अध्यक्ष श्यामलाल हेंब्रम ने कहा कि केंद्रीय समिति के निर्देश पर आज यह कार्यक्रम हो रहा है। उन्होंने कहा कि 2024 में जो पार्लियामेंट का चुनाव होने वाला है। उसको लेकर भी समीक्षा की गई। और कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि हम लोगों को 200000 सदस्य बनाने का लक्ष्य निर्धारण किया गया। जिसके बारे में कार्यकर्ताओं को अवगत कराया गया। और सदस्य बनाने का दायित्व सौंपा गया। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी हालत में दुमका सीट को 2024 में हासिल करना है। कहा कि ना केवल दुमका सीट ही बल्कि पूरे संथाल परगना के तीनों सीट हासिल करने की कवायद जारी है। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष रवि दुबे ,जिला सचिव परेश यादव , विधायक प्रतिनिधि वासुदेव हांसदा, केंद्रीय समिति सदस्य सलीम जहांगीर, प्रखंड सचिव जयधन हांसदा,प्रखंड अध्यक्ष फतेहपुर अशोक महतो, मन्नान अंसारी, कुंडहित प्रखंड सचिव मनोरंजन सिंह, युवा नेता सफीक अंसारी, दामोदर प्रसाद राउत , आशीष तिवारी,बबली मंडल, जिला 20 सूत्री सदस्य कुतुबुद्दीन खां, 20 सूत्री सदस्य जनार्दन भंडारी, 20 सूत्री सदस्य नदिया नंद सिंह, तपन झा, भव सिंधु लायेक, तपन राउत,गुपीन सोरेन,शेख मुस्ताक, युवा मोर्चा के राजू दास, विधान गोस्वामी, चंदन दे, रूप लाल मरांडी,सुनील माजी, राजीव मंडल, गौतम महतो, कांति पद दास, मंगल सोरेन, मड़ीराम माजी, सुमित कुमार यादव, मानिक हेंब्रम ,विजय घोष, उत्तम कुमार चंद, सुकुमार घोष,सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# कांग्रेस अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष समेत 9 लोग उमरा हज के लिए हुए रवाना



**दैनिक शुभ भास्कर/मनीष बरणवाल/जामताड़ा/**मक्का और मदीना के उमराह हज के लिए जामताड़ा के कांग्रेस अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष अब्दुल रउफ अंसारी समेत 9 यात्री रवाना हुए। जामताड़ा रेलवे स्टेशन से सभी यात्री दिल्ली एयरपोर्ट के लिए रवाना हुए। उसके बाद वहां से मक्का मदीना के लिए रवाना होंगे। इस दौरान अकीदतमंदों परिचितों और रिश्तेदारों ने उन्हें उमरा पर जाने वाले यात्रियों से मुसाफा कर इस्तकबाल किया। वही हज यात्रा पर जाने वाले लोगों को विदा करने के लिए काफी संख्या में लोग रेलवे स्टेशन पहुंचे और हाथ मिलाकर अमन चैन की दुआ करने की मन्नत किया।विदित हो कि उमरे के अरकान यह लोग मक्का पहुंचने से पूर्व ही एतराम बांधकर उसकी नियत कर लेंगे।

उसके बाद मक्का शरीफ स्थित काबे शरीफ की 7 चक्कर लगाकर तवाफ़ आपको पूरा करेंगे। उसके बाद सफा मरवा की साई करने के साथ अपने बाल तरसवा कर मुकाम ए इब्राहिम पर 2 रकात नमाज अदा कर अपना उमराह पूरा करेंगे। साथ ही बचे हुए दिनों में वहां मौजूद धार्मिक स्थलों की जियारत कर देश अमन चैन खुशहाली के लिए दुआ करेंगे।बताते चलें कि जामताड़ा रेलवे स्टेशन में विधायक सह हज कमेटी के चेयरमैन डॉक्टर इरफान अंसारी सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ उमरा हज के लिए जाने वाले कांग्रेस के अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष अब्दुल रऊफ अंसारी समेत नौ हज यात्रियों से मुलाकात की। उन्होंने उमरा हज में जाने वाले अब्दुल रउफ अंसारी सहित अन्य यात्रियों से मक्का मदीना शरीफ में जामताड़ा की जनता एवं कार्यकर्ता के लिए अमन-चैन के लिए दुआ मांगने की अपील की। मौके पर झामुमो नेता डॉक्टर अब्दुल मन्नान अंसारी, चिराउद्दीन अंसारी, विमल कुमार भैया, विनोद क्षत्रिय , इरशादुल हक अर्शी, ग्राम प्रधान अब्दुल रज्जाक अंसारी, पंचायत सचिव सनाउल अंसारी, इम्तियाज अंसारी, मुख्तार अंसारी, इकराम अंसारी, आबिद अंसारी, इरफान अंसारी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# जामताड़ा महाविद्यालय में छात्रों से हो रही थी अवैध वसूली, अभाविप कार्यकर्ताओं ने किया विरोध



**दैनिक शुभ भास्कर/मनीष बरणवाल/जामताड़ा/**जामतारा कॉलेज जामतारा परिसर के अंदर संचालित सीएसपी के द्वारा यूजी सेमेस्टर-1 के नामांकन में छात्र सहायता केंद्र के नाम पर छात्रों से अवैध वसूली करने का मामला प्रकाश में आया है। जिसका आज एबीवीपी कॉलेज इकाई के द्वारा पुख्ता सबूत के साथ पर्दाफाश किया गया और सीएसपी वाले ने माना भी उसने विद्यार्थी से अवैध पैसा लिया है। बाद में उक्त विषय को एबीवीपी जामतारा कॉलेज इकाई के कार्यकर्ताओं ने प्रभारी प्राचार्य प्रो. अजय राज खालको के समक्ष तत्काल अवगत कराया ।अभाविप के कार्यकर्ताओं ने कहा की कॉलेज परिसर में छात्र सहायता केंद्र के नाम पर अवैध तरीके से साइबर कैफे चलाना यह गैर कानूनी है। इस पर तत्काल रोक लगाई जानी चाहिए। जिस प्रकार से यूजी फर्स्ट सेमेस्टर के विद्यार्थियों का नामांकन के नाम पर कॉलेज में चल रहे कैफे द्वारा अवैध वसूली की रकम लिया जा रहा है । यह बिल्कुल भ्रष्टाचार और अराजकता के घेरे में आता है। इसलिए प्राचार्य महोदय से आग्रह है कि इस साइबर कैफे तथा भ्रष्टाचार पर अंकुश तत्काल लगाई जाए । नहीं तो विद्यार्थी परिषद आंदोलन के लिए प्रतिबद्ध होगा और इसकी जवाबदेही सिर्फ कॉलेज प्रशासन का होगा । मौके पर उपस्थित एबीवीपी के कॉलेज अध्यक्ष प्रकाश यादव, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य संजय मंडल, जिला संयोजक आकाश साव, नगर मंत्री राज सोनकर सहित आदि महाविद्यालय के नियमित विद्यार्थीगण मौजूद थे।

**बैठक** बैठक जिला अध्यक्ष सोमनाथ सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के जामताड़ा आगमन की तैयारी को ले भाजपा ने की बैठक



**दैनिक शुभ भास्कर/ मनीष बरणवाल/ जामताड़ा/** सोमवार को जामताड़ा भाजपा जिला इकाई के द्वारा जिला कार्यालय बुधूडीह में नवनियुक्त भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी का प्रस्तावित जामताड़ा प्रवास एवं जनसभा कार्यक्रम की तैयारी के निमित्त बैठक जिला अध्यक्ष सोमनाथ सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। नवनियुक्त भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी का प्रदेश अध्यक्ष दायित्व लेने के पश्चात प्रथम बार जामताड़ा जिले में आगामी 26 एवं 27 अगस्त को जिले के नाला एवं जामताड़ा विधानसभा स्तर पर प्रवास एवं जनसभा प्रस्तावित हैं। जिसके निमित्त भाजपा जिला जामताड़ा कार्यालय में महत्वपूर्ण बैठक में तैयारी को लेकर विचार विमर्श किया गया। इस बैठक में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा वरिष्ठ नेता वीरेंद्र मंडल एवं पूर्व मंत्री सत्यानंद झा उर्फ बाटुल झा उपस्थित थे। भाजपा वरिष्ठ नेता वीरेंद्र मंडल ने कहा कि सर्वप्रथम नवनियुक्त भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को हम सभी संयुक्त रूप से प्रदेश अध्यक्ष चुने जाने पर ढेर सारी बधाई एवं शुभकामनाएं देते हैं।इस जिले में निवास करने वाले भाजपा एवं मोर्चा के प्रदेश के पदाधिकारी/ कार्यसमिति सदस्य, भाजपा जिला पदाधिकारी, भाजपा मंडल अध्यक्ष, मोर्चा के जिला अध्यक्ष ,पार्टी के सभी जनप्रतिनिधि एवं सभी वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे। झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के प्रदेश अध्यक्ष चुने जाने पर सभी भाजपा कार्यकर्ताओं में संगठन के प्रति एक नई ऊर्जा का संचार हुआ है। नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में झारखंड में भाजपा संगठन को एक नई मजबूती मिलेगी और आने वाले विधानसभा एवं लोकसभा चुनाव में संपूर्ण सीटों पर भाजपा की जीत होगी।

मौके पर मुख्य रूप से मिहीजाम भाजपा जिला अध्यक्ष कमल गुप्ता, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष सुकूमणि हेंब्रोम, भाजपा जिला महामंत्री सुमित शरण, भाजपा ओबीसी जिला अध्यक्ष रंजीत यादव , मिहिजाम नगर अध्यक्ष मुकेश यादव, सुकुमार सरखेल ,सुनील हासदा, महेंद्र मंडल, रंजीत राणा ,विष्णु मंडल, निपेन सिंह, चंदन राउत ,सतीश सिंह ,अमित भैया, अशोक मंडल, निवास यादव सहित तमाम भाजपा के पदाधिकारी गण एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## भारत स्काउट एंड गाइड के तत्वधान में सात दिवसीय राज्य स्तरीय उन्नत प्रशिक्षण पाठ्यक्रम का हुआ समापन



**दैनिक शुभ भास्कर/ संवाददाता/ मधुपुर/ देवघर/**शहर के बावनबीघा मोहल्ला स्थित टीटीसी प्रशिक्षण केंद्र में आयोजित पूर्व रेलवे भारत स्काउट एंड गाइड के तत्वधान में सात दिवसीय गायत्री लीडर प्रशिक्षण शिविर सोमवार को संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आरपीएफ इंस्पेक्टर इंचार्ज देवनाथ उपस्थित थे। कार्यक्रम ग्रैंड कैम्पफायर के साथ आरंभ हुआ। कार्यक्रम मैं कई प्रकार के रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया और साथ ही पुरस्कार वितरण समारोह भी आयोजित हुआ। वही अंतिम दिन एफएल (फ्लॉक लीडर्स), जीसी (गाइड कैप्टन) और आरएल (रेंजर लीडर्स) के लिए राज्य स्तरीय उन्नत प्रशिक्षण पाठ्यक्रम और बुनियादी प्रशिक्षण पाठ्यक्रम का सर्व विश्वास प्रार्थना के साथ शुरू हुआ। उसके बाद झंडा समारोह आयोजित किया गया और सामान्य जानकारी प्रदान की गई। नाश्ते के बाद. फिर समापन समारोह के साथ पाठ्यक्रम समाप्त हुआ।

## बिजली के तार के चपेट में आने से मवेशी की घटनास्थल पर हुई मौत

**दैनिक शुभ भास्कर/संवाददाता/मधुपुर/देवघर/**मधुपुर प्रखंड के पटवाबाद गांव में गुरुवार को बिजली तार के चपेट में आने से मवेशी की मौत हो गई।अब्दुल लतीफ ने जिलाधिकारी को आवेदन देकर मुआवजा की मांग किया है । उन्होंने सीओ को बताया कि उनके घर के नजदीक बिजली का खंभा है । खंभा में करंट दौड़ रहा था । दोपहर को उनका मवेशी बिजली के खंभे के चपेट में आ गया । मवेशी की मौत हो गई । बताया कि उनका दुधारू मवेशी था । उसका एक बच्चा भी है । दूध का कारोबार कर परिवार का जीवन यापन चलता था । इस संबंध में उन्होंने मुखिया को भी आवेदन देकर उचित मुआवजा दिलाने की मांग प्रशासन से की है।

## 2024 के लोकसभा चुनाव में जनता करेगी सही फैसला हिटलर शाही भाजपा सरकार का होगा खात्मा- अशोक वर्मा



**दैनिक शुभ भास्कर/ संवाददाता/ मधुपुर/देवघर/**कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक वर्मा ने कहा कि राहुल गांधी का पुन~ लोकसभा में आना भारत के जनता की जीत है। भाजपा के अहंकार की हार है।श्री बर्मा ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय ने देश के कानून और संविधान की रक्षा की है इसके लिए मैं सर्वोच्च न्यायालय के प्रति आदर और सम्मान व्यक्त करता हूं राहुल गांधी एक जननायक है।भारत के भविष्य और भावी प्रधानमंत्री हैं। श्री वर्मा ने कहा कि आने वाले समय में भाजपा के सभी काले कारनामे उजागर होंगे। 10 साल तक सत्ता में रहते हुए भाजपा की सरकार ने जितने घोटाले किए हैं सभी का जनता पर्दाफाश करेगी। कहा है कि 2024 के लोकसभा चुनाव में हिंदुस्तान की जनता जाति और धर्म से ऊपर उठकर इंडिया को सत्ता मे लाऐगी इसके साथ ही भाजपा और मोदी सरकार का सफाया हो जाएगा ।

## पुलिस अधीक्षक ने ऑपरेशन कनविक्शन के तहत आरोपियों को सजा कराने के लिए पैरवी को और अधिक प्रभावी बनाने के दिए निर्देश



**शुभ भास्कर ब्यूरो आवेश अंसारी गोंण्डा** पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल ने पुलिस लाइन सभागार में जनपद के समस्त थानों पर नियुक्त पैरोकार व कोर्ट मोहर्रिर, मॉनिटरिंग सेल, सम्मन सेल, न्यायालय सम्मन सेल के साथ गोष्ठी की। जिसमे पुलिस अधीक्षक ने थानावार समस्त पैरोंकारों के कार्यों की समीक्षा की। जिसमे आपरेशन कनविक्शन के तहत गैगेस्टर, माफिया, महिला संबंधी, पॉक्सो एक्ट के अपराधों एवं विशेषकर जनपद स्तर पर उच्चाधिकरियो द्वारा लगातार मॉनिटरिंग हेतु चिन्हित किए गए जघन्य अपराधों से संबंधित अभियोगो की न्यायालय में प्रभावी पैरवी करने, उनसे संबंधित गवाहों की समय से गवाही कराने जिससे समय रहते अभियुक्तों को जल्द से जल्द सजा कराई जा सके। साथ ही मुकदमों से संबंधित केस डायरी, आरोप पत्र अंतिम रिपोर्ट मा0 न्यायालय में समय से दाखिल कराने व समय से सम्मन वारण्ट तामिला कराने आदि के निर्देश दिए। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज, प्रभारी मॉनिटरिंग सेल, प्रभारी सम्मन सेल, वाचक व स्टेनो पुलिस अधीक्षक, समस्त थानों के पैरोकार व कोर्ट मोहर्रिर उपस्थित रहे।*

## तीसरी बार सुशील बने प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लाक अध्यक्ष







**नवाबगंज (गोण्डा ) शुभ भास्कर रिपोर्ट अनमोल मिश्रा-** प्राथमिक शिक्षक संघ का चुनाव सोमवार को ब्लाक संसाधन केंद्र नगवा में सम्पन्न हुआ.उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ की शाखा नवाबगंज के त्रिवार्षिक निर्वाचन में तीसरी बार सुशील पाण्डेय को अध्यक्ष चूना गया. सुशील पाण्डेय सर्वसम्मिती से निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं. जिलाध्यक्ष विनय तिवारी व जिला महामंत्री उमाशंकर सिंह ने निर्वाचित अध्यक्ष का माल्यार्पण करते हुए विजय की बधाई दी. बतौर जिलाध्यक्ष ने कहा की सुशील पाण्डेय एक कर्मठी व संघर्षशील शिक्षक हैं. शिक्षकों के हक की लड़ाई के लिए हर वक्त ततपर रहते हैं. यही कारण हैं की इनकी ततपरता को देखते हुए तीसरी बार सभी शिक्षकों ने इन्हे निर्विरोध चुना है. वहीं अध्यक्ष सुशील पाण्डेय ने कहा की शिक्षकों के हित के लिए वे हमेशा संघर्षरत रहेंगे. इसी कर्म में चुनाव में प्रदीप सिंह मंत्री, पवन श्रीवास्तव कोषाध्यक्ष, श्रीमती माधुरी तिवारी वरिष्ठ उपाध्यक्षा, श्रीमणि श्रीवास्तव, प्रतिभा सिंह, सोनी सिंह, सरिता वर्मा, पूजा मिश्रा को उपाध्यक्ष,सऊद रईस, शिवम श्रीवास्तव, कल्पना तिवारी सुरेश कुमार को संघठन मंत्री धर्मेंद्र तिवारी संयुक्त मंत्री संयुक्त मंत्री, शिवकुमार को मिडिया प्रभारी पद पर मनोनीत किया गया. सभी शिक्षकों ने बधाई दी.

## ख़ास ख़बर

## किसानों के श्रमदान से हुई नहर की सफाई

**रघुनाथपुर, सीवान/**स्थानीय प्रखंड के निखती कलां गांव से गुजरने वाली अमवारी टारी नहर में निखती कलां गांव के समीप में खर पतवार व झाड़-झंझाड़ के कारण सैकड़ो हेक्टेयर जमीन में खरीफ व रवी फसल की सिंचाई नहर के पानी के अभाव में समय से नहीं हो पाता था। जिसको लेकर समाजिक कार्यकर्ता राजीव कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में सोमवार को किसानो द्वारा श्रमदान से नहर की सफाई कराई गई। समाजिक कार्यकर्ता ने बताया की केंद्र एंव राज्य सरकार द्वारा किसान की आमदनी दो गुना करने का बीड़ा उठाया है। मगर किसानों तक कोई सुविधा तब पहुँचति हैं ज़ब किसान की खेती का समय निकल जाता हैं। उन्होंने कहा की चांदपुर वितरणी नहर से निकल कर अमवारी-टारी नहर में निखती कला गांव में आज तक पानी नहीं पहुंचने किसानों  अरमानों पर पानी फिर जाता हैं। गांव किसानों के सहयोग से चंदा इकठा कर जेसीवी से खर पतवार, जंगल झाड़ की सफाई कराई गई। उन्होंने कहा की अगर अमवारी टारी नहर में समय से पानी आता तो सैकड़ो किसानों को इसका लाभ मिलता। गंडक विभाग ने आज तक इस नहर की सफाई में रूचि नहीं दिखाई हैं। मौके पर राजीव श्रीवास्तव, गुड्डू सिंह, राजन सिंह, जितेंद्र पटेल, राजनाथ सिंह, मनबोध सिंह, नागा सिंह, विकाश सिंह, चितरंजन सिंह, मनोज सिंह सहित सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

## 33 वीं बिहार स्टेट सुटिंग चैंपियनशिप कंपटीशन शुरू

**सीवान संवाददाता।** जिले के सिवान सदर प्रखंड के चनऔर में स्थित विज्ञानानंद केन्द्रीय विद्यालय में 33 वीं बिहार स्टेट सुटिंग चैंपियनशिप कंपटीशन आज से यानि सोमवार से  शुरू हो गई। बताते चलें कि इस कार्यक्रम में बतौर चीफ गेस्ट रविन्द्रन संकरन , एडीजी बिहार पुलिस थे। वही इसका शुभारंभ दिन में 4 बजे किया गया बताते चलें कि इस प्रकार का कार्यक्रम हर साल यहां आयोजित किया जाता है। इस बार के इस कार्यक्रम में बिहार के पटना नालंदा समेत विभिन्न जिलों के राज्य स्तरीय प्रतिभागी पहुंच कर भाग ले रहे हैं इस संबंध में बातचीत करते हुए डायरेक्टर विलास गिरी ने बताया कि पटना कल्याण बीघा में शूटिंग रेंज का इंडोर गेम होता है वही पूरे बिहार में चनौर में आउटडोर शूटिंग रेंज की व्यवस्था की गई है।

## जदयू प्रखंड कार्यसमिति की बैठक संपन्न

**पचरुखी सीवान।** जिले के बड़हरिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पचरुखी प्रखंड में प्रखंड कार्यसमिति की बैठक शंकरा बाजार( दस्तौली छपरा) में अमरनाथ माँझी  के आवास पर आयोजित किया गया ।जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष प्रभुनाथ महतो और संचालन जिला महासचिव रणजीत कुमार यादव ने किया,। बैठक में विधानसभा प्रभारी अंकित तिवारी, आयोग के सदस्य जनाब मुर्तुजा अली कैसर, प्रदेश महासचिव श्री इंद्रदेव सिंह पटेल, प्रखंड प्रभारी नागेंद्र सिंह पटेल, अनिल सिंह मुखिया, चंदन सिंह, प्रहलाद सिंह आदि सैकड़ों प्रखंड स्तरीय पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

## मैरवा रामपुर बुजुर्ग मार्ग जर्जर

**मैरवा सिवान संवाददाता** सिवान जिले के मैरवा को उत्तर प्रदेश से मिलाने वाली मुख्य मार्ग धरनी छापर मैरवा मार्ग पूर्ण रूप से जर्जर है। जो बरसात के दिनों में नाले का रूप ले ले रही है। जिस पर सरकार का ध्यान नहीं है। बताते चलें कि बनने के 1 महीने के बाद ही यह सड़क पूर्ण रूप से गड्ढे में तब्दील हो गई।

## सिवान के विभिन्न भोलेनाथ के मंदिरों में जय घोष के साथ जल अर्पण



**सीवान संवाददाता।**जिले के सोहगरा तथा मेहदार मंदिर समेत सिवान मुख्यालय के महादेवा मंदिर एवं अन्य बाबा भोलेनाथ मंदिरों में सावन के सोमवारी पर हजारों लोगों की भीड़ उमड़ी। बताते चलें कि सावन के अधिक मास होने के बावजूद महिलाओं ,बूढ़े, बच्चे, बच्चियों समेत तमाम भक्तों का जत्था सुबह 4:00 बजे से ही जलाभिषेक के लिए लगा रहा। गुठनी प्रखंड के सोहगरा धाम में भोलेनाथ को जल चढ़ाने के लिए सुबह 4:00 बजे से लंबी कतार देखी गई । वहीं सिसवन प्रखंड के मेहदार मंदिर में भी 4:00 से पट खोल दिया गया। वहीं श्रद्धालु गण बगल के मैहदार सरवर से जल लेकर बाबा महेंद्रनाथ पर जलाभिषेक करते बम बम भोले नाथ के नारों का जयघोष करते हुए देखे गए। जबकि सिवान जिला मुख्यालय के महादेवा पंचमुखी शिव मंदिर हजारों की संख्या में श्रद्धालु गण भोले नाथ के जयघोष से गूंजा।

# इंडिपेंडेंस डे ऑफ इंडिया या स्वातंत्र्य दिनोत्सव: स्वतंत्रता दिवस



**भटनी /देवरिया/संवाददाता/** 15 अगस्त 1947 भाग्यशाली दिन था जिस दिन 200 वर्ष से अधिक समय तक उपनिवेशवाद के चंगुल से छूट कर  देश को स्वतंत्र घोषित किया गया 14 अगस्त की रात हिंदुस्तान के दो टुकड़े हुए थे जिससे लाखों लोग बेघर हो गए एक तरफ भारत तो दूसरी तरफ पाकिस्तान और केवल हिंसा तथा नरसंहार था । धर्म के कारण मुसलमानों तथा हिंदुओं के बीच सांस्कृतिक व सामाजिक मतभेद पैदा हुआ ।15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस चुनने के पीछे माउंटबेटन का हाथ है । द्वितीय विश्वयुद्ध में जापान के आत्मसमर्पण की दूसरी वर्षगांठ मनाने के लिए इस दिन को उसनेचुना । देश में स्वतंत्रता दिवस समारोह दिल्ली के लाल किले पर मनाया जाता है ।15 अगस्त आजादी की खुशी के साथ शहीदों के सम्मान में ध्वजारोहण किया जाता है । 15 अगस्त को लाल किले के मैदान पर प्रधानमंत्री राष्ट्रीय ध्वज फहराते हैं और 21 तोपों से राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दिया जाता है ।जल थल तथा वायु सेना  के जवान ध्वज को प्रणाम करते हैं ।प्रधानमंत्री देशवासियों को संदेश देते हैं तथा राष्ट्रगान होता है । स्वतंत्रता दिवस हमें यह महसूस कराता है कि हम एक राष्ट हैं जहां कई अलग-अलग भाषाएं धर्म और सांस्कृतिक मूल्य है ।हमारा ध्वज 3 रंगों से बनाया जाता है ऊपर में केसरिया बीच में सफेद तथा नीचे हरा ।ध्वज के माध्यम से सफेद पट्टी पर एक चक्र बना होता है ।स्वतंत्रता की लड़ाई में तिरंगा की मुख्य भूमिका रही इसलिए यह हमारा राष्ट्रीय ध्वज है। अनेकता में एकता भारत की प्रमुखता है ।15 अगस्त के दिन सभी जाति धर्म लिंग पंत समुदाय के लोग मिलकर जश्न मनाते हैं और देश की एकता अखंडता बनाए रखने के साथ-साथ देश को एकता के पथ पर आगे बढ़ाने के लिए संकल्प लेने के साथ इसके स्वतंत्रता की रक्षा करने का कसम खाते हैं ।स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त की कुछ खास बातें - 1-भारत का राष्ट्रीय त्यौहार है ।2-भारतीय लोकतंत्र तथा भारतीयों के लिए खास दिन है ।3-इसी दिन अंग्रेजी हुकूमत सेदेश को आजादी मिली थी ।4-पूरे दिन शहीदों को याद किया जाता है ।5-जगह जगह मिठाईयां बांटी जाती है ।6-हर्षोल्लास के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं ।7-स्पर्श देश में एकता का सूत्रपात होता है ।15 अगस्त स्वतंत्रता का दिन स्वतंत्र वातावरण मेंस्वतंत्रता पूर्वक स्वतंत्र होकर स्वतंत्र दिवस मनाने के लिए आज सभी स्वतंत्र होते हैं ।स्वतंत्र तिवारी की कलम से

# भाजपा मदारियों का कुनबा है- निकेश चन्द्र





आज जनता दल यूनाइटेड गोरियाकोठी विधानसभा के गोरियाकोथी , बसंतपुर एवं लकड़ी नवीगंज प्रखंडों की कार्यसमिति की बैठक की गई जिसमे मुख्य रूप से राज्य परीषद सदस्य निकेश चंद्र तिवारी एवं विधानसभा प्रभारी प्रमोद पटेल उपस्थित हुए बैठक को संबोधित करते हुए निकेश चंद्र तिवारी ने कहा कि  भाजपा मदारियों का कुनबा है जिस तरह मदारी, लोगों को अपनी हाथों की सफाई दिखा कर भ्रम में डाल देता है और यह सोंचने पर मजबूर कर देता है कि, जो दिखाया गया वहीं सच है, ठीक उसी प्रकार भाजपा भी, लोगों को अपनी भ्रमजाल में फंसाकर, झुठ को सच मान लेने को मजबूर कर देती है आज देश महंगाई , बेजोरगारी से बेहाल है लेकिन केंद्र सरकार कोई नीति  नहीं बना रही , आगे उन्होंने कहा की हमलोग की यह बैठक का मुख्य उद्देश्य है की हम आगे पंचायतो, गांवों  एवं बूथों को कैसे मजबूत करे इसके लिए हम सभी कार्यकर्त्ता और नेता को 15 अगस्त से 31 अगस्त तक  गांवों रह कर अपनी सरकार हमलोगो के नेता नीतीश कुमार की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक बताना है , साथ ही विधानसभा प्रभारी प्रमोद पटेल ने बताया की मैं गोरेयाकोठी विधानसभा के प्रभारी होने के नाते हमेशा आप सभी के साथ इस विधानसभा को मजबूत करने के लिए तत्पर रहूंगा आगे अब पार्टी का कार्यक्रम लगातार होना है जदयू0 नेता, कार्यकर्ता गांव गांव उसके साथ ही 15 अगस्त को पार्टी के प्रत्येक पंचायत इकाई के अनुसूचित जाति / जनजाति के टोलो मे अनुसूचित जाति/ जनजाति के वरिष्ठ व्यक्ति से राष्ट्रीय झंडातोलन कराना है तत्पश्चात पार्टी द्वारा निर्देशित ग्राम संसद सदभाव की बात कार्यक्रम का आयोजन कर राज्य सरकार के उपलब्धियों पर चर्चा की जाएगी

बैठक मे मुख्य रूप से पूर्व विधायक सत्यदेव सिंह, आमोद प्रियदर्शी, हरेराम कुशवाहा, सैयद नजमुल होदा, आशुतोष कुमार सिंह, सन्देश महतो, आज़ाद खान, आनन्द कुमार शर्मा,बैजनाथ महतो, शिवजी ठाकुर, नौशाद आलम, दरवेश राम, शैलेश महतो, श्री भगवान यादव, कृष्णा कुमार, विवेकानंद, रामेश्वर मांझी,धर्मेन्द्र शर्मा, राकेश कुमार पप्पू, अनीश माँझी, गजेन्द्र पटेल, संजय कुमार सिंह इत्यादि।

# जाति आधारित गणना कार्य पूरा, सोमवार को जमा किए गए गणना प्रपत्र,जिन प्रगणक का कार्य पूर्ण हो जाएगा उनके पर्यवेक्षक कार्य समाप्ति का प्रणाम पत्र कार्यालय में उपलब्ध करायेंगे

**गोपालगंज।** फुलवरिया प्रखंड क्षेत्र के सभी बारहों पंचायत में जाति आधारित गणना कार्य पूरा कर लिया गया है। जिसका गणना प्रपत्र किट्स सहित सोमवार को पर्यवेक्षक,गणक व प्रगणकों द्वारा जमा किया गया। इसके लिए प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में प्रत्येक पंचायत का एक काउंटर यानी कुल 12 काउंटर बनाए गए थे। जहां प्रत्येक काउंटर पर  तीन कर्मी सहित कुल 36 कर्मी को लगाया गया था। इसके अलावे निगरानी के लिए अलग से तीन कर्मी प्रतिनियुक्त किए गए थे। जिसका निरीक्षण कार्य सोमवार को हथुआ एसडीओ राकेश कुमार व जिला परिवहन पदाधिकारी मनोज कुमार रजक ने किया। इसकी जानकारी देते हुए बीडीओ सह गणना कार्य चार्य पदाधिकारी पूजा कुमारी ने बताया कि इसकी सारी तैयारियां पूर्व में ही पूरी कर ली गई थी। शनिवार को दस बजे सुबह से ही जाति आधारित गणना कार्य में लगे सभी कर्मी अपना अपना गणना प्रपत्र किट्स सहित सभागार में बनाए गए काउंटर पर जमा कर दिए थे। गणना प्रपत्र सहित सामग्री को प्राप्त करने के लिए शिक्षक चंद्रिका बैठा, दीपेश कुमार सिंह व राजा हुसैन अंसारी सहित दर्जनों कर्मियों को लगाया गया था। जिससे जमा करने में कठिनाइयां नहीं हो।

> इसके लिए प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में प्रत्येक पंचायत का एक काउंटर यानी कुल 12 काउंटर बनाए गए थे। जहां प्रत्येक काउंटर पर  तीन कर्मी सहित कुल 36 कर्मी को लगाया गया था।इसके अलावे निगरानी के लिए अलग से तीन कर्मी प्रतिनियुक्त किए गए थे।

## किसानों के श्रमदान से हुई नहर की सफाई





**रघुनाथपुर, सीवान/**स्थानीय प्रखंड के निखती कलां गांव से गुजरने वाली अमवारी टारी नहर में निखती कलां गांव के समीप में खर पतवार व झाड़-झंझाड़ के कारण सैकड़ो हेक्टेयर जमीन में खरीफ व रवी फसल की सिंचाई नहर के पानी के अभाव में समय से नहीं हो पाता था। जिसको लेकर समाजिक कार्यकर्ता राजीव कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में सोमवार को किसानो द्वारा श्रमदान से नहर की सफाई कराई गई। समाजिक कार्यकर्ता ने बताया की केंद्र एंव राज्य सरकार द्वारा किसान की आमदनी दो गुना करने का बीड़ा उठाया है। मगर किसानों तक कोई सुविधा तब पहुँचति हैं ज़ब किसान की खेती का समय निकल जाता हैं। उन्होंने कहा की चांदपुर वितरणी नहर से निकल कर अमवारी-टारी नहर में निखती कला गांव में आज तक पानी नहीं पहुंचने किसानों  अरमानों पर पानी फिर जाता हैं। गांव किसानों के सहयोग से चंदा इकठा कर जेसीवी से खर पतवार, जंगल झाड़ की सफाई कराई गई। उन्होंने कहा की अगर अमवारी टारी नहर में समय से पानी आता तो सैकड़ो किसानों को इसका लाभ मिलता। गंडक विभाग ने आज तक इस नहर की सफाई में रूचि नहीं दिखाई हैं। मौके पर राजीव श्रीवास्तव, गुड्डू सिंह, राजन सिंह, जितेंद्र पटेल, राजनाथ सिंह, मनबोध सिंह, नागा सिंह, विकाश सिंह, चितरंजन सिंह, मनोज सिंह सहित सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

## प्रवीण मिश्रा बुलबुल का कांवर गीत बज रहा चारों ओर



**सीवान संवाददाता।** भोले बाबा दरबार बेजोड़ बा.... बम बम जय कारा चारों ओर बा,,, चारों ओर लगातार हलचल मचा रहा है । बताते चलें कि अंतर्राष्ट्रीय सम्मान प्राप्त तथा बिहार के प्रसिद्ध गायक प्रवीण मिश्रा बुलबुल का गया हुआ यह भोलेनाथ का भजन 2023 में रिकार्ड बना चका है। इस बार चाहे पटना  हो चाहे गोपालगंज,सीवान हो या छपरा या बलिया हो या आया हर भोलेनाथ के मंदिरों पर बज रहा है। हर शिवालयों पर भोले बाबा दरबार बेजोड़ बा, बम बम जय कारा चारों ओर बा, येह बाबा के महिमा के  शोर बा ,, बम बम जय कारा चारों ओर बा...बजता हुआ सुना जा रहा है। इस संबंध में बातचीत करते हुए विशेष भेट वार्ता में श्री प्रवीण बुलबुल ने बताया कि इस बार यह भोलेनाथ का भजन भारत की नंबर वन कैसेट कंपनी टी सीरीज ने रिलीज किया है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा उनके गाए भजन दही चूड़ा खाके ,, बोल बम जाके,, बाबा को मनाएंगे,,भी खूब ठहाका मारकर लोग बंजारे है। बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि सैकड़ों भजन वेब म्यूजिक कंपनी, टीएफ  कैसेट कंपनी , एंगल म्यूजिक कंपनी समेत विभिन्न कंपनियों से पूर्व से ही यूट्यूब एवं अन्य सोशल मीडिया पर मौजूद हैं। जिसे प्रवीण मिश्रा बुलबुल सर्च कर सुन सकते हैं।इस बार भोले बाबा दरबार बेजोड़ बा गीत में म्यूजिक मनोज बंटी का है तथा की सिरीज़ के प्रसिद्ध व्यक्तित्व ओम प्रकाश पांडे ने इस गीत को संग्रह किया है। जबकि मसहउर डायरेक्टर दीप श्रेष्ठ इस गीत पर नाचते हुए नजर आ रहे हैं।

## आंगनबाड़ी केंद्रों पर हुई गोद भराई की रस्म

**हसनपुरा (सीवान)** नपं व प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर सोमवार को आंगनवाड़ी सेविकाओं द्वारा गर्भवती महिलाओं का गोद भराई की रस्म की गयी। जहां   गर्भवती महिलाओं को आने वाले शिशु की देखभाल को लेकर विभिन्न जानकारी दी गई। इस दौरान गर्भवती महिलाओं को फल, हरि सब्जियां, चावल, दाल, अंडा व अन्य सामग्री देकर विदा किया गया। आगनबाड़ी पर्यवेक्षिका निर्मला कुमारी, कुमारी पुष्पा व नीलम सिंह व आशा कुमारी ने सभी केंद्रों का निरीक्षण किया।

## जातीय गणना का हुआ ऑनलाइन डाटा एंट्री

**हसनपुरा (सीवान)** नगर पंचायत गोपालपुर परिसर स्थित शिविर में सोमवार को नगर पंचायत हसनपुरा व प्रखंड के प्रगंणक व पर्यवेक्षकों ने ईओ हरिश्चंद्र प्रसाद व बीडीओ राजेश्वर राम के नेतृत्व में जातीय गणना संबंधित डाटा ऑनलाइन एंट्री किया जा रहा है। प्रखंड अंतर्गत 44 पर्यवेक्षक व 264 प्रगंणकों द्वारा कार्य एंट्री करने का कार्य किया जा रहा है। यह 9 अगस्त तक किया जाएगा। जिसमें 7 अगस्त को 86 प्रगंणक द्वारा कार्य किया गया। 8 अगस्त को 83 प्रगंणक के द्वारा डाटा एंट्री करेगें। वही 9 अगस्त को 93 प्रगंणक इस कैम्प में आकर ऑनलाइन डाटा एंट्री कार्य करेंगे।


**गिरफ्तार** इस हत्याकांड का मुख्य शूटर कुख्यात अपराधी विशाल सिंह का सगा भाई है।

# प्रिंस हत्याकांड का खुलासा, मुख्य शूटर सहित 5 कुख्यात गिरफ्तार



**गोपालगंज।** प्रिंस सोनी हत्याकांड का पुलिस ने उद्भेदन कर लिया है। इस हत्याकांड का मुख्य शूटर कुख्यात अपराधी विशाल सिंह का सगा भाई है। पुलिस के मुताबिक, हत्या की वजह पूर्व रंजिश सामने आई है। हत्याकांड के मुख्य साजिशकर्ता और दो शूटरों के साथ कुल 5 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से पुलिस ने दो देसी कट्टा, छह जिंदा कारतूस, तीन मोबाइल फोन और 400 ग्राम चरस भी बरामद किया है। यह कारवाई हथुआ एसडीपीओ के नेतृत्व में एसआईटी के द्वारा किया गया है। एसपी स्वर्ण प्रभात ने बताया कि बीते 5 अगस्त को दिनदहाड़े मीरगंज के स्वर्ण व्यवसायी प्रिंस सोनी की सिर में नजदीक से गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस हत्याकांड के बाद अज्ञात अपराधियों के खिलाफ मीरगंज थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। एसपी ने बताया कि हत्या के बाद हथुआ एसडीपीओ अनुराग कुमार के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया था। इस एसआईटी के द्वारा छह अलग-अलग बिंदुओं पर जांच की जा रही थी। इसी जांच के तहत महज 48 घंटे के अंदर कुख्यात अपराधी विशाल सिंह के सगा भाई ललन सिंह सहित पांच अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार अपराधी प्रिंस ही इस हत्याकांड का मुख्य साजिशकर्ता है। जिसके द्वारा शूटरों को हायर कर इस वारदात को अंजाम दिया गया था। हत्याकांड में एक लाइनर को भी गिरफ्तार किया गया है। एसपी ने बताया कि हत्या से एक दिन पहले सभी अपराधियों की मीटिंग हुई थी। जहां हत्या की वारदात को अंजाम देने की योजना बनाई गई। फिर अगले दिन शूटरों ने इस वारदात को अंजाम दिया। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए अपराधियों का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है। उन्होंने कहा कि कुख्यात ललन सिंह पूर्व में भी रंगदारी और शराब के मामले में जेल जा चुका है। जबकि गिरफ्तार दो शूटर पहले भी अलग अलग हत्या की वारदात को अंजाम दे चुके हैं। एसपी ने कहा कि हत्याकांड का महज 48 घंटे में खुलासा कर लेने के बाद एसआईटी की टीम को 5000 की नकद इनाम की राशि दी जाएगी। बहरहाल इस हत्याकांड के खुलासे से गोपालगंज पुलिस ने राहत की सांस ली है।

# श्रवण अधिमास की पांचवी सोमवारी पर शिवालयों में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़



**गोपालगंज।** श्रावण अधिमास की पांचवी सोमवारी पर क्षेत्र के विभिन्न शिवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। जिसमें महिला श्रद्धालुओं की संख्या अधिक थी। श्रद्धालुओं ने शिवालयों में स्थापित भगवान भोले शंकर पर जलाभिषेक कर परिवार की खुशहाली को लेकर मन्नत मांगी। संबंधित गांव स्थित शिवालय में श्रद्धालु सुबह से ही अक्षत चंदन, बेलपत्र, भांग धतूर, पुष्प व पात्र में जल लेकर मंदिर परिसर पहुंचे।जहां भोलेनाथ पर जलाभिषेक किए। कई जगह श्रद्धालु शिवालय में रुद्राभिषेक करते नजर आए। स्थानीय फुलवरिया गांव स्थित पंच मंदिर परिसर में सुबह से ही भगवान भोलेनाथ का जय कारा लगने लगा।

जयकारे से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो गया। क्षेत्र के माड़ीपुर सिरोही व सेमरही शिव मंदिर, बथुआ बाजार बरैठा पोखरा पर प्राचीन शिव मंदिर, बाजार का शिवालय, दीवान परसा शिव मंदिर, मिश्रबतरहां, कोयला देवा, राधा गंज, बंसी बतरहां, मांझा गोसाई, गणेश स्थान मांझा, लाइन बाजार, सेलार कला,सेलार खुर्द, पैकौली वदो, बैरागी टोला, पकड़ी श्याम, पेंदुला मिश्र,सवनहां सहित दर्जनों गांव में स्थापित शिवालयों में श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया।

लाइन बाजार स्थित शिवालय में पूर्व जिला परिषद मोहन प्रसाद सन्यासी द्वारा सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से सहायता के लिए युवकों को लगाया गया था। मंदिर परिसर में मेला का भी आयोजन किया गया था।

जहां अपने माता पिता के साथ पहुंचे छोटे-छोटे नन्हे मुन्ने बच्चों ने मिठाइयां व खिलौना खरीदी। मंदिर परिसर में भजन कीर्तन का भी आयोजन किया गया था। जिसमें भगवान भोलेनाथ का गुणगान किया जा रहा था।

## ख़ास ख़बर

### सोनी समाज का राज्य स्तरीय सम्मान समारोह 13 को


**बुगाला।** स्वर्णकार सेवा दल द्वारा सोनी समाज के प्रतिभावानों का सम्मान 13 अगस्त को जयपुर में होगा।संस्था के विश्वनाथ सोनी जाखल व सामाजिक कार्यकर्ता सुनीता सोनी रावठडिया ने बताया कि 10 वीं,बारहवीं बोर्ड तथा स्नातक,स्नातकोत्तर परीक्षाओं में 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले समाज के विद्यार्थियों का सम्मान किया जाएगा।मनोहरपुर निवासी डीके सोनी चांदी के पेन देकर सम्मानित करेंगे जिसके लिएविद्यार्थी अपनी अंकतालिका की फोटोकॉपी व फोटो 10 अगस्त तक भेज सकते हैं।कार्यक्रम में समाज के बुजुर्गों का भी सम्मान किया जाएगा।इस मौके पर सामूहिक गोठ भी होगी।कार्यक्रम सियाराम मैरिज गार्डन 2 सौ फीट बाईपास,कालवाड़ रोड झोटवाड़ा में होगा।

### जिलाधिकारी ने किया सामनेघाट स्थित अपना घर आश्रम का निरीक्षण



**वाराणसी।** सोमवार को जिलाधिकारी एस. राजलिंगम ने सामनेघाट स्थित अपना घर आश्रम का गहन निरीक्षण किया। आश्रम के प्रभारी एवं समस्त कर्मचारियों के सेवा भाव की मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुए उहोंने कहा कि बेघर और परित्यक्त लोगों की सेवा करके समाज के लिए आप बहुत अच्छा काम कर रहे हैं, यही बात उन्होंने विजिटर्स बुक में भी लिखी। ज्ञातव्य हो कि सामनेघाट-गड़वाघाट रोड मलहिया गंगा घाट के तट पर स्थित यह आश्रम पीड़ित मानव सेवा के तहत असहाय, लावारिस, बीमार स्थिति में तड़प रहे लोगों को उठाकर इस आश्रम में लाकर उनकी सेवा कर, उनका इलाज, भोजन, शिक्षा की व्यवस्था के साथ सबल एवं सक्षम बनाया जाता है। स्वस्थ्य होने पर उनके सम्बन्धियों व घर का पता लगा कर उन्हें सौंप दिया जाता है।

### होम डिलीवरी के लिए ट्रक पर लायी गई शराब पकड़ी गई, छतौनी पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी





**मोतिहारी,7अगस्त, ब्यूरो प्रभारी/** राष्टीय उच्च पथ के किनारे कार्यरत छतौनी थाना की पुलिस को बड़ी सफलता मिली ,शराब लदे ट्रक को बरामद किया। सुबह 4:00 बजे शराब लदे एक रुको उस पथ पर पुलिस ने पकड़ा उत्तर सहित शराब को जपत किया । कुल 10500 लीटर विदेशी शराब बरामद किया गया। थाना अध्यक्ष कंचन भास्कर एवं टीम ने 14 चक्का के ट्रक पर लदे विदेशी शराब के साथ ड्राइवर खलासी को गिरफ्तार किया ।इस मामले पर डीएसपी राज ने बताया कि अनुसंधान जारी है इस मामले में दो लोगों की गिरफ्तारी भी हुई है। दोनो पंजाब और राजस्थान के रहने वाले हैं ।मामले की गहन जांच की जा रही है कि शराब कहां से आया है और किन लोगों की तक डिलीवरी होने वाला था।गौरतलब है कि पूरे बिहार में शराबबंदी कानून लागू है लेकिन बहुत आसानी से मोतिहारी के गांव से लेकर शहर तक एवं होटलों में ठहरे हुए यात्रियों के आदेश पर उन्हें बड़े ही आसानी से शराब मुहैया करा दिया जा रहा है । शराब आपूर्तिकर्ताओं का नेटवर्क इतना बड़ा है कि किसी को जरा भी कहीं खौफ नहीं है और आसानी से शराब को गंतव्य स्थान तक पहुंचा दिया जा रहा है। इस बाबत आम लोगों में चर्चा है कि शराब आपूर्ति में पुलिस की मिलीभगत रहती है तथा पुलिस की अच्छी कमाई हो रही है ।बहुत से लोगों ने स्पष्ट रूप से अखबारों में बयान बाजी भी किया है कि जबसे शराबबंदी हुई है तब से थाना का दरोगा से लेकर सिपाही तक करोड़पति हो गए है।शराब लदा हुआ ट्रक पकड़े जाने से निश्चित ही पुलिस की छवि कुछ चमकी है और आम लोगों का यह कहना है कि सभी पुलिस वाले भ्रष्ट नहीं होते हैं।

# श्रद्धालुओं की सुरक्षा के मद्देनजर गंगा तट पर एनडीआरएफ के जवानों की हुई तैनाती, श्रद्धालुओं को बाढ़ के चलते गहरे पानी में न जाने की दी जा रही हिदायत




**वाराणसी।** महादेव की उपासना का पवित्र माह सावन शिवभक्तों के लिए बहुत खास होता है। इन दिनों सावन माह में काशी के सभी प्रमुख शिवालयों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं द्वारा भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना की जा रही है। इसी बीच गंगा के बढ़ते जलस्तर ने पुलिस प्रशासन के समक्ष दोहरा संकट उत्पन्न कर दिया है। एक तरफ दर्शनार्थियों के लिए सुलभ दर्शन व्यवस्था करना तो दूसरी ओर बाढ़ के चलते किसी प्रकार की अप्रिय घटना को रोकना पुलिस प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती बन गया है। इसी क्रम में गंगा के बढ़ते जलस्तर के दृष्टिगत शिवभक्तों की सुरक्षा के लिए एनडीआरएफ के जवानों की तैनाती किए गए है। गंगा में डूबते श्रद्धालु और लोगों को बचाने का कार्य के साथ लगातार चक्रमण कर लोगों को गहरे पानी में जाने से रोका जा रहा है। वही श्रद्धालुओं को एनडीआरएफ के जवान चिकित्सीय सुविधा भी मुहैया करवा रहे है। एनडीआरएफ के उप महानिरीक्षक मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि पूरे सावन भर श्रद्धालुओं की सुगम और सुरक्षित तरीके से दर्शन करने के लिए एनडीआरएफ बचावकर्मियों को वाटर एम्बुलेंस, गोताखोर, पैरामेडिक्स, डीप डाइविंग सेट, लाइफ जैकेट, लाइफ बॉय व अन्य बचाव उपकरणों के साथ सभी प्रमुख घाटों पर तैनात किया गया है। एनडीआरएफ के बचावकर्मी रेस्क्यू मोटर बोट एवं वाटर एम्बुलेंस से श्रद्धालुओं के सुरक्षा हेतु गंगा में लगातार पेट्रोलिंग कर रहे है तथा अधिक गहरे पानी वाली जगहों को चयनित कर श्रद्धालुओं को वहां ना जाने की हिदायत दी जा रही है। वही इसके साथ एनडीआरएफ के द्वारा सावन में काशी विश्वनाथ कॉरिडोर मे चिकित्सा शिविर भी लगाया गया है। एनडीआरएफ के जवानो की तरफ से जरूरतमंद श्रद्धालुओं को चिकित्सा सहायता प्रदान किया जा रहा है। वाराणसी में गंगा का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। दशाश्वमेध घाट एवं राजघाट घाट मे एनडीआरएफ की 01-01 टीम बाढ़ राहत तथा सावन माह के लिए तैनात है।

# सीवर की समस्या से परेशान खोजवां निवासी उतरे सड़क पर, संबंधित अधिकारियों पर नाकामी का आरोप लगाते हुए जमकर की नारेबाजी







**वाराणसी।** जनपद के भेलूपुर थाना क्षेत्र के खोजवां बाजार में सीवर ओवरफ्लो की समस्या को लेकर सोमवार को क्षेत्रीय जनता ने चक्का जाम कर प्रदर्शन किया। क्षेत्रीय लोगो का आरोप रहा कि कई वर्षो से सरायनंदन और खोजवां इलाके में सीवर और नालों की सफाई नही हुई है। ऐसे में बरसात होते ही सीवर चोक होने से गंदा पानी सड़क पर बहने लगता है। क्षेत्र की समस्याओं को लेकर पार्षद की अगुवाई में दर्जनों की संख्या में क्षेत्रीय लोग चक्का जाम कर सड़क पर बैठ गए। नगर निगम के अधिकारियों पर आरोप लगाते हुए लोगो ने जमकर नारेबाजी की। चक्का जाम कर प्रदर्शन कर रहे लोगो का आरोप है कि सीवर की सफाई के लिए पार्षद सहित अन्य लोगो के द्वारा लगातार नगर निगम के जोनल कार्यालय और नगर आयुक्त सहित जनप्रतिनिधियों को अवगत करवाया गया। नगर निगम से आश्वासन मिला की बरसात से पहले ही सीवर की सफाई हो जाएगी, लेकिन बरसात आने के बाद भी अभी तक सीवर की सफाई नही ही। जिसके वजह से बारिश से सीवर ओवरफ्लो हो गया और गंदा पानी सड़क पर बह रहा है। आक्रोशित क्षेत्रीय लोगो की माने तो अधिकारियों की अनदेखी की वजह से क्षेत्र में मलेरिया और अन्य बीमारी फैलाने का डर है। सीवर ओवरफ्लो की इसी प्रकार की समस्या थाना क्षेत्र के गुरूधाम स्थित वाराणसी हास्पिटल के समीप भी व्याप्त है लेकिन कोई भी जिम्मेदार अधिकारी समस्या की सुध लेने के लिए मौके पर नहीं जा रहा है। उक्त समस्याओं को लेकर लोगों द्वारा चेतावनी दी गयी कि यदि जल्द सीवर की सफाई नही होती है, तो वे बड़ा आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

# विश्व हथकरघा दिवस पर महिला बीजेपी कार्यकत्रियों ने निकाला पैदल मार्च, स्वदेशी वस्तुओं एवं हैंडलूम उत्पादों को बढ़ावा देने का दिया संदेश




**वाराणसी।** सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में राष्टीय हथकरघा दिवस पर भारतीय जनता पार्टी के गुलाबबाग स्थित महानगर कार्यालय से महिला मोर्चा की कार्यकत्रियों ने भारत माता मंदिर तक पैदल मार्च निकालकर स्वदेशी वस्तुओं एवं हैंडलूम उत्पादों को बढ़ावा देने का संदेश दिया। इस मौके पर बड़ी संख्या में बीजेपी कार्यकत्रियों ने पीएम मोदी के द्वारा हथकरघा को बढ़ावा देने की प्रशंसा करते हुए विश्व हथकरघा दिवस को उत्सव के रूप में मनाया। इस दौरान काशी क्षेत्र की बीजेपी महिला मोर्चा की अध्यक्ष नम्रता चौरसिया ने कहा कि विश्व हथकरघा दिवस को उत्सव के रूप में मनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रेरित किया है। स्वदेशी सामग्रियों और हैंडलूम की वस्तु को बढ़ावा मिले, जिससे हथकरघा बुनकर भाई उन्नति के पथ पर अग्रसर हो। उन्होंने बताया कि 4 अगस्त से लगातार कार्यक्रमों के माध्यम से शहर और गांव में जाकर हैंडलूम और स्वदेशी वस्तुओं को उपयोग किए जाने के लिए लोगो को जागरूक किया जा रहा है। वहीं इस मौके पर बीजेपी महिला मोर्चा की महानगर अध्यक्ष खुशबू सिंह पटेल ने कहा कि केंद्र और राज्य की बीजेपी सरकार की तरफ से लगातार हथकरघा को बढ़ावा दिया जा रहा है। महिला मोर्चा की तरफ से बुनकरों के द्वारा तैयार किए गए कपड़ों को ज्यादा से ज्यादा लोग उपयोग करें इसके संदेश को लेकर 4 अगस्त से 12 अगस्त तक गांव-गांव जाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में करीब दर्जनों की संख्या में महिला कार्यकर्ता रैली निकालकर लोगों को स्वदेशी वस्तु और हैंडलूम की सामग्रियों के प्रति लोगों को जागरूक कर रहे हैं।

### अल्पसंख्यक कांग्रेस ने किया जय जवाहर, जय भीम अभियान की शुरूआत



**वाराणसी।** आगामी 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव में जीत हासिल करने के लिए विभिन्न राजनैतिक दलों ने अभी से ही कवायद तेज कर दी है। इसी क्रम में यूपी कांग्रेस ने दलित और मुस्लिम को अपने साथ जोड़ने के लिए सोमवार से जय जवाहर, जय भीम अभियान की शुरुआत की। अल्पसंख्यक कांग्रेस द्वारा शुरू अभियान के तहत दलित और मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में कांग्रेस अल्पसंखयक के कार्यकर्ता जनसंपर्क करेंगे। इस दौरान कांग्रेस के समय में दलित और मुस्लिमो के सम्मान को याद दिलाते हुए, उन्हे कांग्रेस के घर में वापस आने की अपील करेंगे। महानगर कांग्रेस कमेटी वाराणसी के अध्यक्ष राघवेन्द्र चौबे,उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष नईम अहमद प्रदेश महासचिव हसन मेहंदी कब्बन, प्रदेश सचिव संदीप कपूर, जिलाध्यक्ष डॉ मुनीर नज्म सिद्दीकी, महानगर अध्यक्ष अब्दुल हमीद डोडे ने सोमवार को मैदागिन कांग्रेस कार्यालय में जनपद में अभियान की शुरुआत की। इस मौके पर कांग्रेस नेताओं ने कहा कि 7 से 13 अगस्त तक चलने वाला यह अभियान 2024 में कांग्रेस को सत्ता में ले आएगा। इसके तहत रोज 100 दलित परिवारों तक कांग्रेस का संदेश पहुंचाया जाएगा। साथ ही दलित समाज के बीच अल्पसंख्यक समाज की तरफ से पर्चा भी बाँटा जाएगा।

### नवोदय विद्यालय के फार्म भरने की अंतिम तिथी 10 अगस्त है फार्म भरने में देरी ना करें। औरंगजेब



**किशनगंज 7 अगस्त (अली रजा)**किशनगंज नगर के मारवाड़ी कालेज के सामने स्थित जिला के प्रसिद्ध शैक्षणिक संस्थान आईडियल एकेडेमी के डायरेक्टर श्री औरंगजेब ने आज यहाँ बताया कि जवाहर नवोदय विद्यालय में नामांकन की अंतिम तिथि 10 अगस्त है लिहाजा इच्छुक बच्चे एवम गार्जियन देरी ना करें। उन्होंने कहा कि नवोदय विद्यालय में ईस बार सबसे कम बच्चों ने नवोदय विद्यालय में नामांकन के लिए अब तक मात्र 248 फार्म भरा गया है। ज्ञातव्य हो किआईडियल एकेडेमी में नवोदय विद्यालय में दाखिले की तैयारी कराई जाती है। और पिछले कई वर्षों से आईडियल ऐकेडमी में तैयारी करने वाले बच्चों का नवोदय विद्यालय में दाखिला होता आ रहा है। आईडियल ऐकेडेमी के संचालक मास्टर औरंगजेब और उनके सहयोगियों की कड़ी मेहनत और लगन से ईस शैक्षणिक संस्थान ने शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करके अपनी एक अलग पहचान बनाई है। यहाँ नवोदय इन्ट्रांस एक्जाम के लिए हिन्दी और अंग्रेजी दोनों मीडियम में तैयारी कराई जाती है जहाँ लड़के और लड़कियों दोनों के लिए हास्टल की सुविधा भी उपलब्ध है। ईस संबंध में आईडियल ऐकेडमी के संचालक मास्टर औरंगजेब का कहना है कि हम उन बच्चों के लिए कड़ी मेहनत करते हैं जिनको नवोदय विद्यालय में पढ़ाने की ईच्छा है।एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि हमारे यहाँ क्लास स्टार्ट हो चुकी है और इस बार द्गठ्ठह्वड्डह्ठ्ठब्ल्न एग्जाम भी जनवरी माह में ही है।अगर अभी तक अभिभावक अपने बच्चों का फॉर्म नहीं भरे हैं तो जल्दी फार्म भर ले क्योंकि अब समय बहूत कम बचा है।फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 10 अगस्त है। और अब मात्र तीन दिन रह गए हैं।

### उत्क्रमित मध्य विद्यालय समदा में एनजीओ दूरा दिये गए खाने में मरी हुई छिपकल्ली निकलने से बच्चे भूके ही रह गये



**किशनगंज 7 अगस्त (अली रजा)** किशनगंज प्रखंड के समदा गांव में स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय समदा में आज एनजीओ दूरा दिये गए खाना में मरी हुई छिपकली पाई गई जिसको लेकर स्कूल में दहशत का माहौल बन गया और स्कूल प्रबंधन ने बच्चों के स्वास्थ्य एवम उनकी जान की सुरक्षा के मद्देनजर सारा खाना वापस कर दिया। सिर्फ यही नहीं खाने में मरी हुई छिपकल्ली के पाये जाने की खबर पुरे किशनगंज प्रखंड में जंगल की आग की तरह फैल गई। और बताया जा रहा है कि ईस कारण पुरे किशनगंज प्रखंड के सभी स्कूलों ने खाना नहीं लिया आज पूरे किशनगंज प्रखंड के सभी स्कूलों के बच्चे भूके ही रह गये । जिसको लेकर खाना देने वाले एनजीओ के खिलाफ सभी अभिभावक एवम ग्रामीणों में जबरदस्त आक्रोश का माहौल है। बताया जाता है कि खाना देने वाली एनजीओ अक्सर मनमानी करती है खाना देरी से देना खाना का गुणवत्ताहिन होना और ईसकी शिकायत करने पर कोई ध्यान नहीं देना यह सब आम बात हो गई है।

**प्रदर्शनी** भवन संग्रहालय में एक विशेष प्रदर्शनी संग्रह, घर-घर संग्रहालय का आयोजन किया गया

# 9वें हथकरघा दिवस के उपलक्ष्य में विशेष प्रदर्शनी संग्रह का आयोजन



**वाराणसी।** सोमवार को 9वें हथकरघा दिवस के उपलक्ष्य में भारत कला भवन संग्रहालय में एक विशेष प्रदर्शनी संग्रह, घर-घर संग्रहालय का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन कबीर एवं राष्टीय पुरस्कार से विभूषित उस्ताद बुनकर हाजी शाहिद जुनैद ने किया। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्पना घर-घर संग्रहालय पर आधारित अपने आप में अनोखी इस प्रदर्शनी में भारत कला भवन द्वारा काशी हिन्दू विश्वविद्यालय परिवार में कार्यरत अध्यापकों व कर्मचारियों पुरुष व महिला से परिधान व वस्त्र ओढ़नी व साड़ी) आदि जिससे उनके जीवन की कोई महत्वपूर्ण घटना या स्मृति जुड़ी थी, को आमंत्रित किया गया था। प्रदर्शनी में कुल 21 वस्तुएं शामिल की गई। जिनमें जामदानी अंगरखा, बनारसी एवं बालूचरी साड़ियां ओढ़नी कांथा, मन्नत की चादर, तकिये का गिलाफ, थालपोश एवं तोरण इत्यादि वस्तुएं प्रदर्शित की गई।

प्रदर्शनी में प्रो. अंजन चक्रवर्ती, प्रो. कविता शाह, प्रो. मृदुला सिन्हा, डॉ. अनिंदिता चक्रवर्ती, डॉ. राजीव मंडल एवं डॉ. जसमिंदर कौर द्वारा संग्रहीत वस्त्रों को प्रदर्शित किया गया। बता दें कि प्रदर्शनी का उद्देश्य हमारे घर में रखी पुरातन वस्त्रों के महत्व की अभिव्यक्ति है।

उदाहरण स्वरूप कई बार घर में रखी पुरानी बनारसी साड़ियों के महत्व से अनभिज्ञ होकर हम उनमें लगी थोड़ी बहुत सोने चांदी की जरी को महत्त्वपूर्ण समझते हुए उन्हें जला देते हैं पर यह नहीं जान पाते कि ऐसा करने से हम अपनी सांस्कृतिक विरासत एवं परम्परा की अपूर्ण क्षति कर रहे होते है।

एक वस्त्र की बुनाई के कई आयाम होते है। वे आर्थिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक इतिहास के निर्माण में सहायक हो सकते हैं।

# अब विचार नहीं घोषणा करें मुख्यमंत्री शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा मिले और निरस्त हो निलंबन आदेश। इन्तेखाब आलम



(शिक्षा विभाग में पाठक जैसे तानाशाह पत्रबाज़ अधिकारी के रहते मानसिक रूप से टॉर्चर शिक्षक नहीं गढ़ पाएंगे मासूम बच्चों का भविष्य)

**किशनगंज 7 अगस्त (अली रजा)**अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य इन्तेखाब आलम ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि शिक्षकों के समस्याओं पर अब विचार करने का समय नहीं है सरकार को चाहिए कि अब बिना किसी देरी के शिक्षकों को राज्य कर्मी का दर्जा दें और लोकतांत्रिक तरीके से प्रोटेस्ट कर रहे शिक्षकों पर हुए निलंबन आदेश को रद्द करें। श्री इन्तेखाब आलम ने अपर मुख्य सचिव केके पाठक पर तंज़ कसते हुए कहा है कि पाठक मुख्यमंत्री नितीश कुमार से भी ऊपर हैं ? जब मुख्यमंत्री महोदय और महागठबंधन के सभी दल शिक्षकों के समस्याओं के समाधान को लेकर गंभीर है तो ऐसे में शिक्षकों के लिए अनर्गल पत्रबाजी करके पाठक क्यों हीरो बनने में लगे हुए हैं। ? जब विद्यालयों का निरीक्षण विभिन्न विभागों के निम्न स्तरीय कर्मियों द्वारा ही करवाना है तो शिक्षा विभाग के जिला स्तरीय सभी कार्यालयों को बंद करने का आदेश भी अपर मुख्य सचिव केके पाठक को जारी कर ही देना चाहिए। रॉबिन हुड की छवि गढ़ने के चक्कर में केके पाठक ने सभी विभागों के कर्मियों को शिक्षा विभाग में निरीक्षण में लगाकर अन्य विभागों के कार्यों को ठंडे बस्ते में डाल दिया है।श्री आलम ने मांग की है कि इस प्रकार के तानाशाह किस्म के अधिकारी को तुरंत शिक्षा विभाग से हटाने की जरूरत है इनके द्वारा लगातार निकाले जाने वाले तुगलकी आदेश से जब शिक्षक ही मानसिक रूप से प्रताड़ित महसूस करते रहेंगे तो फिर ऐसे भयभीत और प्रताड़ित शिक्षक मासूम बच्चों का भविष्य कैसे गढ़ पाएंगे।

## ख़ास ख़बर

### सत्य हमेशा जीतता है, राहुल गांधी है देश के भावी प्रधानमंत्री-जागाराम शास्त्री



**मोतिहारी 8 अगस्त अशोक वर्मा** छौड़ा दानों स्थित भारतीय दलित साहित्य अकादमी बिहार प्रदेश कैंप कार्यलय मे एक बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता प्रांतीय महा सचिव ब्रजेश राम ने किया। बैठक का विधिवत उद्घाटन अकादमी के प्रांतीय अध्यक्ष सह ,प्रदेश कांग्रेस कमिटी, के प्रदेश डेलिकेट जागा राम शास्त्री ने किया। उक्त अवसर पर उन्होंने कहा कि माननीय सर्वोच न्यालय ने राहुल गाँधी को बडी राहत दी है। कोर्ट ने कहा है कि जबतक श्री गाँधी के अपील का निपटारा नही हो जाता तब तक सजा पर रोक लगी रहेगी, माननीय कोर्ट के फैसले पर अकादमी के सभी सदस्यों के साथ साथ पूरे देश की जनता मे खुशी की लहर है,। प्रांतीय अध्यक्ष ने कहा कि न्यायालय का निर्णय असत्य पर सत्य की जीत है। अकादमी के प्रदेश महासचिव ब्रजेश राम ने कहा कि भविष्य में जो निर्णय माननीय न्यालय का होगा वह देश हित में होगा। बैठक में गगन देव प्रसाद, वैधनाथ पासवान, मंगल राम, संतोष कुमार, मनोज प्रसाद यादव, तराचंद् प्रसाद, प्रमिला देवी, गीता देवी के अलावे अन्य सदस्यों ने अपने अपने विचार व्यक्त किये।

### ठगी करने को लेकर ए0सी0 की बरामदगी एंव काण्ड मे शामिल अन्य अभियुक्त की गिरफ्तारी की गयी



**संवाददाता / हजारीबाग सोहेल किरमानी/**शहर के लोहसिंघना थाना क्षेत्रअन्तर्गत न्यु मुन्ना इलेक्ट्रोनिक्स दुकान से दिनांक 20.05.2023 को एक ग्राहक फोन करके चार(4) ए0सी0 का ऑडर किया और दिये गये पत्ते पर भेजने के लिए बोला गया इसी क्रम मे विश्वास मे आकर दुकानदार के द्वारा ग्राहक के दिये हुए पत्ते पर चार (4) ए0सी0 भेजवा दिये । इसके बाद ग्राहक के द्वारा फर्जी पेमेन्ट दुकानदार को किया गया जब तक दुकानदार समझ पाता ग्राहक सभी ए0सी0 को लेकर भाग गया। इस संबंध मे न्यु मुन्ना इलेक्ट्रोनिक के मालिक के आवेदन पर लोहसिंघना थाना काण्ड संख्या 139/23 दिनांक 02.06.2023 धारा 406/420/467/468/471/34 भा0द0वि0 दर्ज किया तथा उक्त ए0सी0 की बरामदगी हेतू अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर के नेतृत्व मे एक छापामारी टीम का गठन किया। इस टीम मे अनु0पु0पदा0 श्री महेश प्रजापति, पु0अ0नि0 थाना प्रभारी बिपिन कुमार यादव, पु0अ0नि0 सुनिल कुमार, आ0 128 आशुतोष कुमार साहु एंव सशस्त्र बल के द्वारा तकनीकी शाखा की मदद से छापामारी किया जा रहा था। दिनांक 06.08.2023 को ठगी करने वाले अभियुक्त को रांची से गिरफ्तार किया गया तथा ठगी किया गया तीन ए0सी0 को बरामद किया गया तथा दो अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। इस काण्ड मे ठगी की गई एक ए0सी0 की बरामदगी एंव काण्ड मे शामिल अन्य अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतू छापामारी जारी है।

### पैसे लेनदेन को लेकर एक व्यक्ति को जिंदा जलाकर किया हत्या, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया सदर अस्पताल



**दैनिक शुभ भास्कर/जिला ब्यूरो चीफ/रूपेश मिश्रा/**बलिया बेलोन थाना क्षेत्र के बघवा गांव के समीप हुए इस घटना के बारे में मृतक हाफिज मोहम्मद ग़ालिब की पत्नी पाकीजा खातून ने बताया कि रविवार की शाम 5:00 बजे वह गंगापुर स्थित ससुराल से घर के लिए निकले थे। लेकिन वह रात 11:00 बजे तक घर नहीं पहुंचे बाद में उन्हें पता चला कि उन्हें किन्हीं के द्वारा मिट्टी तेल छिड़क कर जिंदा जला दिया गया जब वह सदर अस्पताल पहुंचे तब तक उनकी मौत हो चुकी थी उन्होंने बताया कि उनके पति दूसरे के पैसे लेकर शुद्ध ब्याज पर चलाने का काम करते थे इसी दौरान सिंघिया गांव निवासी मोहम्मद नावेद से उन्होंने पैसे लिए थे कुल 80 लाख रुपए का मामला था इधर और उनके पति किसी को पैसे शुद्ध ब्याज पर दिए थे लेकिन वह सारे पैसे लेकर भाग चुके थे इधर मोहम्मद नावेद के द्वारा बराबर पैसे वापस लौटाने को लेकर धमकी दी जा रही थी उन्होंने बताया कि गांव से महज 1 किलोमीटर की दूरी पर उसे 6 लोगों ने मिलकर मिट्टी तेल छिड़ककर आग लगा दी।


# नगर के जाने-माने समाजसेवी, उद्योगपति एवं संस्कृति कर्मी शंभू नाथ सिकारिया अब पूरी तरह अध्यात्म की दुनिया की ओर मुड़े



**मोतिहारी 7 अगस्त अशोक वर्मा/**समाजसेवी पिता स्व0 राधा सिकारिया से संस्कार में प्राप्त समाज सेवा एवं अध्यात्मिकता के साथ दुनियावी लंबे सफर करने के बाद नगर के जाने-माने उद्योगपति एवं समाजसेवी शंभू नाथ सिकारिया अब अपने वास्तविक मंजिल तक पहुंचते नजर आ रहे है। 1974 के जयप्रकाश नारायण छात्र आंदोलन में पिता की प्रेरणा से तन मन धन से सहयोग करने वाले शंभू सिकारिया दो भाई हैं।इनके पिता स्वर्गीय राधा शिकारिया ने नए राष्ट निर्माण के कार्य में दोनों पुत्रों को आगे किया था।धर्म परायण व्यक्ति राधे शिकारिया ने अपने आवासीय परिसर का नाम राधानगर रखा तथा ट्रस्ट बनाकर उन्होंने समाज के क्षेत्र में काफी सेवा की । अपने सेवा के बदौलत लोगों के लिए प्रेरणा स्वरूप बने।जिले में जो भी धार्मिक एवं सामाजिक कार्य हुए सभी में उन्होंने तन मन धन से सहयोग दिया।उन्होंने अपने दोनों पुत्र शंभू और भोला को जयप्रकाश नारायण छात्र आंदोलन में सहयोग करने की घोषणा की थी ताकि दोनों पुत्रों में सामाजिक बदलाव का संस्कार और सेवा भावना जागृत हो । परिणाम यह हुआ कि बड़े पुत्र शंभू नाथ सिकारिया में सेवा संस्कार चरम पर हुआ और उन्होंने जिले के न सिर्फ धार्मिक राजनीतिक क्षेत्र को सहयोग देकर आगे बढ़ाया बल्कि सांस्कृतिक गतिविधि में भी अपने को पूरी तरह से समर्पित कर दिया। इनका आवास न सिर्फ आध्यात्मिक प्रवचन कर्ताओं का महत्वपूर्ण ठहराव स्थल बना बल्कि देश के विभिन्न कोने से आए राष्टीय अंतरराष्ट्रीय स्तर के कलाकारों को भी इन्होंने बड़े आदर के साथ आतिथ्य सत्कार दिया। सभी ने दिल से इन्हें दुआ दी जिसका प्रतिफल यह हुआ कि इनके अंदर राजनीतिक क्षेत्र में जाने की लालसा जगी ।वे बिहार के बड़े राजनीतिक दल के साथ जुड़ने का प्रयास भी किया ।सामाजिक न्याय बोर्ड मे प्रदेश के बड़े अधिकारी भी बने इनमे एक जुनून था कि मैं जिस तरह से अपने व्यवसाय और उद्योग को सफलता की मंजिल तक पहुंचाया उसी तरह से राजनीतिक क्षेत्र में आये भ्रष्टाचार दबंगता आदि से अलग हटकर उसके मूल स्वरूप सेवा को नये सिरे से स्थापित करूंगा। परंतू मारवाड़ी समाज से जाने के कारण इनके पास बहुत बड़ा वोट बैंक नहीं था जिसके कारण शंभू शिकारिया का तो सभी ने उपयोग किया लेकिन इनको राजनीतिक पद नहीं दिया। उम्र के छठे दशक में आने के बाद इनका मूल धार्मिक संस्कार प्रकाष्ठा पर आया और लगातार कई धार्मिक आयोजन करके राष्ट्रीय स्तर पर अपनी ख्याति अर्जित की। पिछले वर्ष इन्होंने अश्वमेध यज्ञ का आयोजन कर पूरे देश को एक नया चीज दिया ।ऐसा बताया जाता है कि राजा दशरथ एवं श्रीराम के काल में हुए अश्वमेध यज्ञ के बाद यही अश्वमेध यज्ञ का आयोजन हुआ। इन्होंने प्रतीकात्मक मेटल का घोड़ा बनवाया और हवन अनुष्ठान तथा मंत्र उच्चारण के बीच उस रथ को पूर्वी चंपारण के तमाम धार्मिक स्थलों का भ्रमण कराते हुए अयोध्या तक की यात्रा की। बड़ा ही रमणीय शोभनीये और धार्मिक दृष्टिकोण से काफी महत्वपूर्ण रथयात्रा था । उस रथ ने काफी लोगों को आकर्षित किया । उस रथ यात्रा का परिणाम यह हुआ कि इनके अंदर का आध्यात्मिकता जग गया और इन्होंने अपने आवासीय परिसर में लाखों रुद्राक्ष के दानों से एक अजूबा शिवलिंग तैयार किया जो देश के लिए एक नई चीज है। सालों भर शिव भगत वहां पर पूजा पाठ करने के लिए प्रतिदिन आते हैं। सावन भादो मे तो अप्रत्याशित भीड़ रहती है। शंभू सिकारिया स्वयं शिवलिंग पर प्रतिदिन पूजा आराधना करके शिव बाबा से शक्ति अर्जित करते हैं ।अब तो इनकी स्थिति ऐसी होती जा रही है कि हर वर्ग और दुनिया वालों को ये दिशा दे सकते हैं। शिवलिंग के पास बजाते व्यास गद्दी भी बन चुकी है। अब तो इनके शिष्यों की संख्या भी हजार से अधिक हो चुकी है।

महात्मा शंभू सिकारिया ने बताया कि उनके शिष्यों में कई प्रशासनिक अधिकारी ,देश के जाने-माने संस्कृति कर्मी एवं राजनेता भी है। निकट भविष्य में नियमित रुप से संध्या की बेला में प्रवचन का कार्यक्रम चलाने की इनकी योजना है। गेरुआ वस्त्र धारी महंत शंभू सिकारिया ने बताया कि पहले राजनीति में जाने का मेरा विचार था लेकिन अब मैं उस स्थिति में आ चुका है कि चुनाव लड़ कर मैं वहां नहीं जाना चाहता। जिस तरह से धार्मिक सांस्कृतिक एवं सामाजिक क्षेत्र से लोगों का राज्यसभा में या विधान परिषद में चयन कर उन्हें सम्मान दिया जाता है उसी तरह से अगर केंद्र या बिहार सरकार चाहे तो मैं सरकार में जाकर के राजनीति के मूल स्वरूप को पुनर्स्थापित करूंगा। देश दुनिया को दिखाऊंगा कि राजनीतिक पद पवित्र पद है।उस पद पर जाकर कैसे सेवा की जाती है। शंभू सिकारिया के बड़े पुत्र यमुना सिकारिया बीएड कॉलेज के डायरेक्टर हैं साथ साथ नमो गंगे योजना अंतर्गत लाखों-करोड़ों मूल्य के वैसे मोमेंटो एवं सम्मान पत्र जो माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को उपहार स्वरूप मिले थे, ऑनलाइन नीलामी से खरीद कर राष्ट निर्माण में धन से सहयोग किया है। तमाम नीलामी के मोमेंटो को उन्होंने अपने आवासीय परिसर के एक सुसज्जित कमरे में सजाकर उसे प्रदर्शनी का रूप दिया है ।उस प्रदर्शनी कक्ष में मोमेंटो दर्शनार्थ जिले के काफी लोग अक्सर आते रहते हैं ।छोटे पुत्र देश के महत्वपूर्ण पद आईएएस प्राप्त कर राष्ट सेवा में प्रशासनिक अधिकारी के रूप में सेवा दे रहे हैं। शंभू सिकारिया को आध्यात्मिक शक्ति प्राप्ति के बाद उनके जीवन में आया बड़ा परिवर्तन आया। उनके दिव्य शक्ति का लाभ निकट भविष्य में आम जनता को भी प्राप्त होगा । संघर्ष ,समाज सेवा तथा सांस्कृतिक गतिविधि में लिप्तता से उन्हें जो शक्ति मिली है उसे जनता के बीच बांटने का समय अब निकट दिखता है। निश्चित रूप से मोतिहारी को एक ऐसा व्यक्ति मिला है जो न सिर्फ मोतिहारी के लिए बहुत कुछ करना चाहता है बल्कि पूरे देश के लिए भी उनके अंदर एक विकास का मॉडल है। देखना है भविष्य में सरकार इनकी शक्ति और प्रतिभा को किस रूप में इस्तेमाल करती है।

## चंपारण के स्वतंत्रता सेनानियों के जीवन परिचय की श्रृंखला में आज प्रस्तुत है चौथी कड़ी- स्वतंत्रता संग्राम के अमर सेनानी रामऔतार प्रसाद वर्मा



**मोतिहारी 8 अगस्त अशोक वर्मा/**महात्मा गांधी के नेतृत्व में हुए सफल चंपारण सत्याग्रह ने पूरे देश के आंदोलनकारियों को शक्ति दी थी। बापू ने चंपारण में सत्याग्रह आंदोलन चलाकर यहां के भोली भाली जनता किसान,छात्र नौजवान एवं महिलाओं के अंदर दबी हुई आत्मविश्वास की शक्ति को जागृत किया था परिणाम हुआ कि नमक सत्याग्रह में काफी लोग भाग लिए और 1942 मे जब गांधी जी ने करो या मरो का नारा दिया तो काफी संख्या में यहां के नौजवानों ने आंदोलन में अपनी भागीदारी दी और लड़ाई को मंजिल तक पहुंचाने में मदद की। इसी कड़ी में पश्चिम चंपारण के रतन माला सीमा अंतर्गत भगड़वा गांव के मूलनिवासी रामऔतार प्रसाद वर्मा जो सिद्धू लाल के चौथे पुत्र थे, स्वतंत्रता आंदोलन में बढ़ चढ़कर भाग लिया था। पिता से बगावत कर वे गोविंदगज थाना अंतर्गत बनाए गए ऋषि दल में शामिल हुए ।उस समय रामर्षि देव ऋषि जी के नेतृत्व में युवकों की एक क्रांतिकारी टोली बनी थी जिसमें चंपारण जिले के कोने कोने से आंदोलनकारी आकर शामिल हुये थे। रामऔतार प्रसाद वर्मा अपने पिता से छुप कर घर छोडकर भागे भागे उस दल में शामिल हुये थे। दल के सदस्यों ने अंग्रेजों के छक्के छुड़ाते थे । अंग्रेज पुलिस को तबाह करना, सरकारी कार्यालयों पर झंडा फहराना, रेल लाइन को तोड़ना इन लोगों का मुख्य काम था। ऋषि दल के नेता रामर्षि देव कई टोली बनाकर क्रांतिकारियों को अलग अलग जगहो पर लगाते थे और जिले के विभिन्न क्षेत्रों में भेजकर आंदोलन को गति देते थे। 1930 में जब नमक सत्याग्रह आंदोलन चला उसके बाद काफी लोगों ने नमक बनाकर कानून को तोड़ा था।उसी सत्याग्रह में रामऔतार प्रसाद वर्मा1932 मे गिरफ्तार किए गए और उन्हें दो माह की सश्रम कारावास की सजा हुई ।जब पुलिस हथकड़ी डाल कर थाना ले जा रही थी तो उनकी कलाई पतली होने से हथकड़ी बार-बार निकल जाती थी ।पुलिस ने कलाई से हथकड़ी निकालकर ऐसे ही उन्हें थाना ले जाने लगी। रामऔतार बाबू ने पुलिस से कहा कि आप मुझे हथकड़ी लगा करके ही ले चलो ,मैं देश के लिए गिरफ्तार हुआ हूं , बिना हथकडी लगाये नहीं जाऊंगा। एक दुबले-पतले आंदोलनकारी की कड़क आवाज सुन पुलिस भी सकते में आ गई और उसने हथकड़ी पहना करें उन्हें थाना ले गई। जैसे ही रामअवतार प्रसाद वर्मा के पिताजी सिद्धू प्रसाद को गांव में जानकारी मिली कि उनके पुत्र आंदोलन में गिरफ्तार हो गए वे आनन-फानन में साइकिल चलाकर रातो रात चल गोविंद गंज थाना पहुंचे। अपने पिता को देखकर रामअवतार बाबू ने अपना चेहरा दूसरी ओर घुमा दिया ,उस दौर के लडके अपने पिता से बहुत डरते थे, उनके सामने खड़े भी नहीं होते थे। पिता ने आदेश दिया कि पुलिस से माफी मांगो और घर चलो ।रामअवतार बाबू ने सर झुकाए हुए कहा कि मैं देश के लिए गिरफ्तार हुआ हूं मैं घर नहीं जा सकता हूं ।बेटा के जवाब को सुनकर पिता सिद्धू लाल हतप्रभ रह गए। जो बेटा कभी उनके सामने खड़ा होने की हिम्मत नहीं करता था उस बेटे ने आज उन्हें जवाब दे दिया ।वे गुस्सा में आग बबुला होकर वहां से वापस घर लौट आए । इस तरह रामऔतार प्रसाद वर्मा जेल गए और दो माह की सजा काटकर वापस आए तो और उग्र हो गए ।अंग्रेजो के खिलाफ हमेशा मुहिम चलाते रहे ,कभी भूमिगत होकर ,कभी प्रत्यक्ष रहकर लगातार आंदोलन मे लगे रहे ।वे पुन॰ गिरफ्तार किए गए और इस बार उन्हें चार माह की सजा हुई ।सजा काटकर जब वे जेल से निकले उसके बाद लगातार आंदोलन से जुड़े रहे।19 42 आंदोलन में भी उन्होंने बढ़-चढ़कर भाग लिया बाद में देश आजाद हुआ और उनकी गृहस्थी बसी। जेल से छूटने के बाद वे मोतिहारी के मिसकौट मुहल्ले मे स्थाई रूप में रहने लगे ।उनको दो पुत्र एवं चार पुत्री हुये।बड़े पुत्र का नाम हृदेश कुमार वर्मा एवं छोटे पुत्र का नाम अशोक कुमार वर्मा है।चार पुत्री हुई जो क्रमशः आशा शरण, रेखा श्रीवास्तव ,शकुंतला श्रीवास्तव एवं गौरी श्रीवास्तव हैं।सभी पुत्र पुत्रियों ने संस्कारी पिता के आदर्श को जीवन में समाहित किया और आज सभी शिक्षित,चरित्रवान रह देश के लिए हर समय अपना योगदान दे रहे हैं। रामअवतार बाबू का जन्म 1912 में भगडवा गांव मे हुआ था तथा उनकी मृत्यु 1978 में मोतिहारी मिसकौट आवास पर हुई।आज वे हमारे बीच नहीं है लेकिन ऐसे महान सेनानी जिन्होंने देश के लिए जीवन के कीमती समय को दिया आज नई पीढ़ी पर उनके परिकल्पना को साकार रूप देने की जिम्मेवारी है।

**पुल निर्माण** लोगों ने खुद ही प्रधानमंत्री सड़क के कटिंग पर चचरी पुल निर्माण करने का निर्णय ले लिया।

## जनप्रतिनिधि और प्रशासन से भरोसा टूटा- सात साल से हर बारिश में खुद चचरी पुल बनाते हैं ग्रामीण, अधिकारियों के पास मांग की सुनवाई के लिए समय नहीं



**दैनिक शुभ भास्कर/ अजमल अख्तर/** बहादुरगंज, सरकार और प्रशासन ने ग्रामीणों की पीड़ा नहीं सुनी तो बहादुरगंज विधान सभा क्षेत्र के टेढ़ागाछ प्रखंड अंतर्गत चिल्हनियां पंचायत स्थित आमबाड़ी के लोगों ने खुद ही आमबाड़ी के निकट प्रधानमंत्री सड़क के कटिंग पर चचरी पुल निर्माण करने का निर्णय ले लिया।शनिवार को स्थानीय ग्रामीणों ने श्रमदान और आपस में चंदा इकट्ठा कर आवागमन हेतु चचरी पुल बना डाला। इस पुल से होकर अब लोग आने जाने लगे हैं। उक्त पंचायत के सामाजिक सोच रखने वाले युवाओं एवं ग्रामीणों की इस पहल से आमजनों में खुशी व्याप्त है।चिल्हनियां पंचायत के वार्ड नंबर 10 के वार्ड सदस्य सुशील कुमार ने बताया की स्थानीय ग्रामीणों ने सामूहिक चंदा इकठ्ठा कर एवं श्रमदान देकर आमबाड़ी कटिंग पर चचरी पुल का निर्माण कर उक्त कटिंग पर रास्ता बना दिया है।अब इसे होकर आवागमन हो रहा है।यहाँ पुल नहीं रहने से 05 किलोमीटर की अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ती थी। ग्रामीणों ने बताया की यहाँ चचरी पुल नहीं रहने से रहमतपुर, धाधर,बेणुगढ़ कुचहा होकर टेढ़ागाछ मुख्यालय जाना पड़ता था।अब यहां से आवागमन चालू हो जाने से लोगों को राहत मिली है इससे पूर्व सुहिया नया हाट के निकट प्रधानमंत्री सड़क के कटिंग पर भी ग्रामीणों ने ही चंदा देकर एवं श्रमदान देकर चचरी पुल का निर्माण किया है। स्थानीय प्रशासन व जनप्रतिनिधियों के संवेदनहीनता के कारण अब ग्रामीणों को प्रधानमंत्री सड़क के कटिंग पर भी खुद के चंदो व श्रमदान से ही चचरी पुल बनाना पड़ रहा है।आत्म निर्भर होकर खुद आने-जाने का रास्ता यहां के ग्रामीणों ने बना लिया है ग्रामीणों ने बताया की वह यहाँ आरसीसी पुल निर्माण की मांग काफी लंबे समय से करते आ रहे हैं,लेकिन ग्रामीणों की पीड़ा से किसी को सरोकार नहीं है।

## हिंदू नव जागरण मंच ने किया "हिंदू समाज दशा एवं दिशा" विषयक परिचर्चा





**पताही 7 अगस्त आलोक कुमार** पकड़ीदयाल अनुमंडल संवाददाता, हिन्दू नवजागरण मंच के तत्वावधान में हिंदू समाज दशा एवं दिशा विषयक परिचर्चा का आयोजन पताही बाजार स्थित जयप्रकाश आश्रम में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड प्रधान नवल किशोर सिंह एवं संचालन प्रखंड कार्यकारी विकास मोहन चौहान ने की। परिचर्चा में भाग लेते हुए जिला प्रधान रमाकांत शर्मा शास्त्री ने कहा कि हिंदू समाज की दशा दयनीय है क्योंकि इसकी दिशा सही नहीं है। जिस ज्ञान और जीवन पद्धति पर चल कर हम विश्वगुरु बने थे उससे आज हम विमुख होते जा रहें हैं। अगर हमें अपनी दशा ठीक करनी है तो अपनी दिशा रामराज्य की ओर करना होगा। इस अवसर पर जिला मुख्य कार्यकारी दिनेश कुमार ने कहा कि आज हमारी पारिवारिक सामाजिक व्यवस्था छिन्न-भिन्न हो रही है हम टुकड़ों टुकड़ों में बंट गए हैं। विविधता में एकता कि भावना खत्म हो गई है। जीवन के पुरुषार्थ धर्म अर्थ काम मोक्ष कि व्यापकता को हम समझ नहीं पा रहें हैं।जिस समाज का परिवार एवं विवाह व्यवस्था पुरे मानव समाज के लिए अनुकरणीय है वहां वृद्धाश्रम, विवाहेत्तर संबंध और समलैंगिकता को कानूनी मान्यता दी जा रही है। हमें अपनी दिशा बदलनी होगी । हिंदू नवजागरण मंच समाज की दिशा ठीक करने का प्रयास कर रहा है। अपने अध्यक्षीय संबोधन में नवल किशोर सिंह ने कहा कि हिंदू समाज पर आंतरिक और बाह्य दोनों आक्रमण हो रहे हैं, राजनीति हमें बांटने का काम कर रही है और सरकार हमें सुरक्षा देने में विफल है।

## ख़ास ख़बर

# जब रोते हुए आठ साल की किशोरी ने भाई से कहा, मेरे साथ हुआ है रेप





**चंदौली।** यूपी के चंदौली में एक किशोरी के साथ रेप का सनसनीखेज मामला सामने आया है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप की स्थिति है। फिलहाल पुलिस घटना की छानबीन में जुटी हुई है।यूपी के चंदौली में सोमवार को मानवता को शर्मसार करने का एक मामला प्रकाश में आया है। जिले के अलीनगर थाना क्षेत्र ने महज आठ साल की बच्ची के साथ रेप के मामले में पुलिस अधिकारियों के होश उड़ा दिया। सूचना पर आनन फानन ने पहुंचें एडिशनल एसपी, डिप्टी एसपी सहित मुग़लसराय कोतवाली पुलिस घटना की छानबीन में जुटी हुई है। फिलहाल पुलिस द्वारा बच्ची का मेडिकल प्रक्रिया करवाई जा रही है। हालाकि पुलिस ने मामले में रेप के प्रयास की बात कही है।जानकारी अनुसार जिले के अलीनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत लोको कॉलोनी के पास रेलवे ट्रैक पर एक किशोरी शौच के लिए गयी हुई थी जिसके बाद वह रेलवे ट्रैक के पास अचेत अवस्था मे मिली। किशोरी के भाई का कहना है कि किशोरी रोते हुए उसके पास आई और कहा कि उसके साथ रेप हुआ है। भाई ने बताया कि कोई गिट्टी वाले ने किशोरी को बचाया है पर अभी गिट्टी वाला किसी तरह का बयान देने से इनकार कर रहा है।फिलहाल, मामले ने गंभीर रूप ले लिया है एएसपी विनय कुमार, डिप्टी एसपी अनिरुध्द सिंह सहित भारी मात्रा में पुलिस घटना की जांच में जुटी हुई है। पीड़िता को मेडिकल के लिए राजकीय महिला चिकित्सालय लाया गया है जहां मेडिकल परीक्षण जारी है। इस बाबत एएसपी विनय कुमार ने बताया कि किशोरी के साथ रेप के प्रयास की सूचना है। मेडिकल कराई जा रही है तथा जल्द ही घटना का पर्दाफान्स कर दिया जाएगा।

# सीडीपीओ बरहनी ने आंगनबाड़ी केंद्र पई का किया आकस्मिक निरीक्षण





**चंदौली-** सीडीपीओ बरहनी प्रधान सहायक सौरभ सिंह एवं मुख्य सेविका नीलू मिश्रा ने सोमवार को आंगनबाड़ी केंद्र पई का आकस्मिक निरीक्षण किया जिसमें कार्यकत्री रागिनी सिंह तथा सहायिका सुनीता यादव अनुपस्थिति मिली । सीडीपीओ बरहनी रामप्रकाश मौर्या ने बताया कि रागिनी सिंह का आंगनबाड़ी केंद्र प्राथमिक विद्यालय पई में संचालित होता है प्राथमिक विद्यालय पई के प्रधानाध्यापक अनिल कुमार सहायक अध्यापक पवन कुमार परमानंद सिंह यादव ने बताया कि आंगनबाड़ी कार्यकत्री रागिनी सिंह एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्री कंचन राय तथा इनकी सहायिका सुनीता यादव तथा गीता देवी कभी भी आंगनबाड़ी केंद्र पर उपस्थित नहीं होती है.आंगनबाड़ी केंद्र पई-2 के लिए आंगनबाड़ी भवन बना हुआ जहां आंगनबाड़ी कार्यकत्री कंचन राय भी कभी अपने आंगनबाड़ी केंद्र पर उपस्थित नहीं होती है. इसपर सीडीपीओ बरहनी ने तत्काल वेतन रोकते हुए वहां का चार्ज सहायिका के हवाले करने का प्रधान सहायक को निर्देश दिया हैं।

# यूनियन बैंक में सूक्ष्म लोन केंद्र का हुआ उद्घाटन



**पीडीडीयू/चंदौली।** यूनियन बैंक आफ इंडिया शाखा अलीनगर में (माइक्रो प्रोसेसिंग सेंटर) सूक्ष्म लोन केंद्र का उद्घाटन उद्घाटन एमडी/सीईओ यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा किया गया। इसमें डूडा नगर पालिका द्वारा प्राप्त प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर स्वनिधि योजना का लोन किए जाएंगे। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप अंचल प्रमुख वाराणसी सूभ्रजीत गुहा ने कहा कि यूनियन बैंक ऑफ इंडिया शाखा अलीनगर में सूक्ष्म लोन केंद्र खुलने से अब लोगों को लोन लेने में काफी सहूलियत होगी। लोगों द्वारा प्राप्त आवेदन को केंद्र पर एकत्रित करके नगर पालिका में दिया जाएगा जहां पर जांचों उपरांत बैंक से लोन की स्वीकृति मिलेगी। जिससे लोग अपने दुकान, ठेला, खोमचा आदि को बढ़ाकर आत्मनिर्भर बनने के साथ ही अपने परिवार का भरण पोषण सही ढंग से कर सकेंगे। जनपद में दो सूक्ष्म लोन केंद्र चयनित किये गये हैं (अलीनगर एवं सैय्यदराजा) प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर योजना से लोग काफी लाभान्वित हो रहे हैं

# हिन्दी साहित्य अकादमी व्दारा सम्मानित होंगे युवा कवि सुरेश अकेला



देश के विभिन्न राज्यों से चयनित 11 युवा कवियों की काव्यात्मक अभिव्यक्ति को एक नई दिशा देने एवं उनको प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आगामी 13 अगस्त 2023, दिन रविवार को गाजियाबाद के महाराजा अग्रसेन भवन में आयोजित अखिल भारतीय कवि सम्मेलन एवं भव्य सम्मान समारोह में हिन्दी साहित्य अकादमी व्दारा उन्हें "बेचैन नवरत्न काव्य चेतना सम्मान -2023" से सम्मानित किया जाएगा। चयनित युवा कवियों को यह सम्मान ओज के प्रसिद्ध वरिष्ठ कवि डॉ हरिओम पवार, प्रसिद्ध कवयित्री डॉ अनामिका जैन अम्बर एवं हिन्दी साहित्य अकादमी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय कवि सौरभ जैन सुमन अपनें हाथों प्रदान करेंगे।इन चयनित 11 युवा कवियों में जनपद के युवा कवि सुरेश कुमार अकेला का भी चयन हुआ है। अकेला लम्बे समय से आकाशवाणी, दूरदर्शन सहित देश के बड़े काव्य मंचों से अपनी रचनाओं का लगातार पाठ एवं जनपद में साहित्यिक गतिविधियों का संचालन करते आ रहे हैं। उनके व्दारा रचित "जनपद मैं चंदौली हूं" गीत ने उनको एक नई पहचान दिलाई है। अकेला अब तक राज्य हिन्दी संस्थान उत्तर प्रदेश व्दारा राज्य कविता पुरस्कार, जेसा नई दिल्ली व्दारा टीचर आफ द इयर अवार्ड, इनोवेटिव एजुकेशनिस्ट अवार्ड, दृष्टि सोसाइटी वाराणसी युवा साहित्य सम्मान, मिशन शिक्षण संवाद व्दारा काव्यधारा रत्न सम्मान, दिशा सोसायटी व्दारा अमृत गौरव सम्मान सहित दर्जनों पुरस्कारों से सम्मानित हो चुके हैं। अकेला मूल रूप से सकलडीहा ब्लाक के प्रबुद्ध नगर रेवसा, पंचफेड़वा के निवासी हैं तथा सदर ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय औरैया में सहायक अध्यापक के रूप में कार्यरत हैं। सम्मान समारोह के पूर्व राष्ट्रीय कवि सौरभ जैन सुमन की अध्यक्षता एवं डॉक्टर हरिओम पवार, डॉक्टर अनामिका जैन अम्बर, अनुभव शुक्ला, शिखा दीप्ति एवं अन्य वरिष्ठ कवियों की उपस्थिति में आयोजित अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में अन्य दस युवा कवियों के साथ सुरेश अकेला भी काव्य प्रस्तुति देंगे, अपना कविता पाठ करेंगे।इस सम्मान के लिए हिन्दी साहित्य अकादमी व्दारा सुरेश अकेला के चयन पर जिले के रचनाकार, समाज सेवी एवं शिक्षकों ने हर्ष व्यक्त किया है।

जिसमें दिनेशचंद्र, प्रमोद समीर, मनोज मधुर, अरूण आर्य, रोहित पाण्डेय, कृष्णा मिश्रा, राकेश महदीऊरी, रौशन मुगलसरायवी, संजय शर्मा, मनोज पाठक, दानिश परवेज, विनय वर्मा, अनिल यादव, शैलेंद्र श्रीवास्तव, अबु शहमा, हाजी इलियास, रवि कुमार, महेंद्र, विनोद, पी एन सिंह, हरिओम आनंद, चंद्रभूषण मिश्र, प्रीतेश उपाध्याय, गौरव, आनंद सिंह, राजेश सिंह, प्रमुख हैं।

# जमुनीपुर के पीएम श्री विद्यालय के छात्र-छात्राओं का हुआ शैक्षिक भ्रमण



**शुभ भास्कर सकलडीहा चंदौली** क्षेत्र के जमुनीपुर स्थित कम पोजिट विद्यालय का चयन पीएम श्री विद्यालय के रूप में किया गया है विगत 24 जुलाई से जनभागीदारी कार्यक्रम के तहत बहुत से कार्यक्रम विद्यालय स्तर पर कराए गए जिसमें स्कूल चलो अभियान रैली साइकिल रैली गोष्ठी कार्यशाला t.l.m. से संबंधित जानकारी दी गई

उसी क्रम में एक्स्पोज़र विजिट कोलेकर दिनांक 6 अगस्त रविवार को पूर्व प्रधान अमिताभ सिंह ने हरी झंडी दिखाकर शैक्षणिक ब्रह्मा को रवाना किया शैक्षणिक जमुनीपुर विद्यालय से चलकर सारनाथ वाराणसी इसमें एक छात्र छात्राएं शिक्षक विद्यालय की रसोईया साथ थी ग्रामीण परिवेश में जाने वाले छात्र-छात्राओं के लिए शैक्षणिक भ्रमण अलग विषय था

अपने सभी साथियों के साथ अपने गांव से दूर ऐतिहासिक स्थल सारनाथ में स्थित म्यूजियम को पहली बार देखा उसके बारे में जाना सारनाथ स्थित चिड़ियाघर में वन्य जीवन जंतुओं को देखकर हुए बहुत स्तूप के बारे में जानकारी ली गई विद्यालय द्वारा सभी छात्र छात्राओं के लिए भोजन की व्यवस्था की गई थी 5:00 बजे तक शैक्षिक भ्रमण का सभी छात्र-छात्राओं वापस शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ अपने विद्यालय पर उपस्थित हो गई

# कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के सयुक्त तत्वाधान अल्पसंख्यक कांग्रेस के प्रदेश चेयरमैन जनाब शाहनवाज आलम साहब के निर्देश पर हनुमानपूर मे कार्यक्रम आयोजित किया गया






मुगलसराय शहर व जिला कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के सयुक्त तत्वाधान अल्पसंख्यक कांग्रेस के प्रदेश चेयरमैन जनाब शाहनवाज आलम साहब के निर्देश पर हनुमानपूर मे कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिला चेयरमैन सय्यद आले अब्बास व शहर चेयरमैन दानिश परवेज के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में डॉ भीमराव अंबेडकर जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दलित समाज के बीच पर्चा वितरित किया गया, इस दौरान अल्पसंख्यक कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष शाहिद तौसीफ ने कहा कि जब तक दलित और मुस्लिम कांग्रेस को वोट करते थे भाजपा के पास पूरे देश में सिर्फ दो सांसद होते थे मुस्लिम समाज लोकसभा चुनाव में कांग्रेस मे लौटने का फैसला कर चुका हैं दलित समाज को संदेश देने के लिए अल्पसंख्यक कांग्रेस 7 अगस्त से 13 अगस्त तक "जय जवाहर -जय भीम" जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित कर रहा है, कार्यक्रम में पूर्व सभासद नेहाल अख्तर ने कहा कि यह ऐतिहासिक अभियान 2024 में कांग्रेस को सत्ता में ले आएगा इसके साथ रोज 100 दलित परिवारों तक कांग्रेस का संदेश पहुंचाया जाएगा साथ ही दलित समाज के बीच अल्पसंख्यक कांग्रेस द्वारा पर्चा वितरित किया जा रहा है, कार्यक्रम में जिला चेयरमैन सय्याद आले अब्बास ने कहा कि भाजपा को 2019 में 37 प्रतिशत वोट मिले थे जब की प्रदेश में दलित मुस्लिम मिलाकर अकेले 42 प्रतिशत हैं दोनों वर्ग को कांग्रेस में आने के बाद अन्य वर्ग भी कांग्रेस के साथ आएगा और भाजपा की विदाई हो जाएगी कार्यक्रम में कार्यक्रम में पूर्व सभासद बृजेश गुप्ता, ओबीसी कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष दयाराम पटेल के अलावा शाहिद तौसीफ सय्याद आले अब्बास निहाल अख्तर दानिश परवेज धर्मवीर भारती गोपी मोहम्मद यासीन नितिन जैश बबलू गुलाब विजय राम प्रमुख कार्यक्रम की अध्यक्षता सय्याद आले अब्बास व संचालन दानिश परवेज ने किया

# गांव की माटी से जुड़कर देशभक्ति की भावना जगाना है उस देश से शुरू हुई तैयारियां



**शुभ भास्कर चकिया चंदौली** आगामी स्वतंत्रा दिवस के पूर्व जिले के प्रत्येक ब्लॉक में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के बिहार आयोजन का प्रस्ताव शासन के निर्देश पर चलाया जाएगा जिसके लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही है जिसके अंतर्गत प्रत्येक ब्लॉक स्तर पर हर गांव के अमृत कलश योजना के तहत गांव की माटी प्रदेश की राजधानी सहित देश की राजधानी तक जाएगी जिसके लिए सभी खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया जा चुका है जिसके बाद खंड विकास अधिकारी चकिया विकास सिंह के निर्देश पर चकिया ब्लाक 89 गांव की माटी अमृत कलश में भरकर ब्लॉक मुख्यालय लाई जाएगी जहां प्रदेश की राजधानी भेजे जाने की व्यापक तैयारी शुरू हो गई है इस संबंध में खंड विकास अधिकारी चकिया विकास सिंह ने बताया कि शासन के निर्देश पर अमृत कलश योजना के अंतर्गत मेरी माटी मेरा देश अभियान चलाया जाएगा जिससे लिए ब्लॉक के सभी कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए व्यापक स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी गई है उद्देश्य है कि भारत के आम जनमानस को गांव की माटी से जोड़ते हुए सभी के दिलों में देश के प्रति भक्ति भावना व समर्पण का जागरण करना है इसके लिए ब्लॉक के कर्मचारियों सहित ग्राम प्रधानों को सूचना जारी कर दी गई है

# किसानों के खेतों की जुताई वह आवागमन के लिए रास्ता नहीं छोड़े जाने से ग्रामीण आक्रोशित



**शुभ भास्कर तारा** जीवनपुर चंदौली क्षेत्र के रिंग रोड के दौरान किसानों के खेतों की जुताई व आवागमन के लिए रास्ता नहीं छोड़े जाने से आक्रोशित गोरी गांव के किसानों ने सोमवार को जमकर हंगामा व प्रदर्शन किया हालांकि लगभग 2 घंटे बाद पहुंचे ठेकेदार द्वारा रास्ता बनाए जाने क्या आश्वासन पर किसान शांत हुए दर्जनों गांव से होकर रिंग रोड का निर्माण अंतिम दौर में चल रहा है इस दौरान किसानों के खेतों में कृषि कार्य करने के लिए कोई रास्ता आवागमन के लिए नई बनाए जाने से आक्रोशित कोरी गांव के किसानों ने गांव के समीप पहुंचकर जमकर हंगामा व प्रदर्शन किया चेताया कि ठेकेदार की मनमानी के कारण रिंग रोड से खेतों तक जाने के लिए कोई रास्ता नहीं छोड़ा गया है जिससे हम लोगों को खेती बाड़ी करने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है

# पूर्व विधायक मनोज सिंह डब्लू मिले डीआरएम से, एक माह के अंदर सैयदराजा व चंदौली में कराएं ट्रेनों का ठहराव- मनोज डब्लू



**पीडीडीयू /चंदौली।** सैयदराजा के पूर्व विधायक मनोज सिंह डब्लू सोमवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के मुताबिक डीआरएम डीडीयू नगर से मिलने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने सैयदराजा व चंदौली मझवार स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव का मुद्दा मजबूती के साथ उठाया। कहा कि कोविड-19 संक्रमण काल के दौरान जिन ट्रेनों का ठहराव रद्द कर दिया गया था। जनहित को देखते हुए उसे बहाल किया जाए। इसके साथ ही उन्होंने एकात्मता एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव की बात कही। इस दौरान मनोज सिंह डब्लू ने डीआरएम राजेश गुप्ता से कहा कि एकात्मता ट्रेन का ठहराव आपके डिवीजन का मामला है लिजाहा जन आकांक्षाओं का सम्मान देते हुए उसे प्राथमिकता के आधार पर उस पर विचार होना चाहिए। इस पर डीआरएम द्वारा जल्द ट्रेनों के ठहराव की बात कही।साथ ही यह भी बताया कि जनहित से जुड़े सिफारिशी पत्र को सक्षम अधिकारियों तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे। बातचीत के दौरान मनोज सिंह डब्लू ने कहा कि ट्रेनों का ठहराव कब तक पूर्ण हो जाएगा। इस पर डीआरएम ने कहा कि ट्रेनों का ठहराव सुनिश्चित कराना मेरे अधिकार क्षेत्र में नहीं है।यह निर्णय रेलवे बोर्ड करता है। इसके बाद मनोज सिंह डब्लू बाहर निकले और कहा कि ट्रेनों के ठहराव के मुद्दे पर न तो केंद्रीय मंत्री डा.महेंद्रनाथ पांडेय कुछ बोलने को तैयार हैं और ना ही डीआरएम। आखिर जनता अपनी बात किससे कहे, उसकी समस्या का समाधान कैसे हो?

# सफाई कर्मियों ने ईओ के गाड़ी पर कूड़ा फेंक कर किया विरोध



**पीडीडीयू/चंदौली।**पिछले कई माह से वेतन ना मिलने से नाराज नगरपालिका सफाईकर्मी लामबंद हो गए वही।सफाई कर्मियों ने सोमवार को नगरपालिका कार्यालय के बाहर खड़ी अधिशासी अधिकारी के गाड़ी पर ही कूड़ा फेंक कर नाराजगी व्यक्त किया। इस दौरान अधिशासी अधिकारी का घेराव करते हुए जल्द से जल्द वेतन दिए जाने की मांग की है।सफाई कर्मियों का वेतन बकाया है ये पिछले काफी दिनों से वेतन भुगतान की मांग कर रहे हैं लेकिन अधिकारियों की ओर से इस पर कोई संतोष जनक उत्तर नही मिला समुचित।पिछले दिनों भी कर्मियों ने नगरपालिका कार्यालय में जमकर हंगामा किया था,उन्हे किसी तरह समझा-बुझाकर उन्हें शांत किया गया था। ठेकेदार ने इस संबंध में उनसे बात कर जल्द से जल्द वेतन भुगतान का भरोसा दिलाया था, काफी दिनों से इंतजार कर रहे सफाई कर्मियों का सोमवार को धैर्य जवाब दे गया।कर्मियों ने नगरपालिका का घेराव किया वहीं नगर पालिका के अधिकारी व कर्मचारी भड़के कर्मियों से बात कर उन्हें शांत कराने में जुटे रहे।

**कार्यक्रम** डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया

# जिला कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के संयुक्त तत्वधान में कार्यक्रम आयोजित किया गया





**मानवेंद्र जायसवाल ब्यूरो चीफ शुभ भास्कर पीडीडीयू नगर चंदौली** जिला कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के संयुक्त तत्वधान में कांग्रेस के प्रदेश चेयरमैन जनाब शाहनवाज आलम साहब के निर्देश पर हनुमानपुर के कार्यक्रम आयोजित किया गया जिला चेयरमैन सैयद आले अब्बास व शहर चेयरमैन दानिश परवेज के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दलित समाज के बीच परिचय वितरित किया गया इस दौरान अल्पसंख्यक कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष साहिद तौसीफ ने कहा कि जब तक दलित और मुस्लिम कांग्रेस को वोट करते थे भाजपा के पास पूरे देश में सिर्फ दो सांसद होते थे मुस्लिम समाज लोकसभा चुनाव में कांग्रेस में लौटने का फैसला कर चुका है दलित समाज को संदेश देने के लिए अल्पसंख्यक कांग्रेश 7 अगस्त से 13 अगस्त तक जय जवान जय भीम जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित कर रहा है कार्यक्रम में पूर्व सांसद नेहाल अख्तर ने कहा कि ऐतिहासिक अभियान 2024 में कांग्रेस को सत्ता में ले आएंगे इसके साथ रोज 100 दलित परिवारों तक कांग्रेसका संदेश पहुंचाया जाएगा साथ ही दलित समाज के बीच अल्पसंख्यक कांग्रेस द्वारा पंचा वितरित किया जा रहा है

मुद्रक स्वामी प्रकाशक सुनील कुमार मिश्रा द्वारा शुभ लाभ प्रिंटर्स मावली उदयपुर स्थानीय संपादक मो0 शरफे आलम बिहार, झारखण्ड मो0- 7764978689 - 8804707324

सह संपादक : उमेश कुमार, 96259 58256 दैनिक शुभ भास्कर, RNI UP HIN/ 2015/64737, पी आरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिम्मेदार सभी न्याय क्षेत्र उदयपुर राजस्थान होगा।